2 फरीदाबाद
पारदर्शिता को बनी ऑनलाइन प्रणाली ही बन गई भ्रष्टाचार का हथियार

6 अभिमत
दिव्यांगों का कौशल व समावेशन

9 देश-विदेश
राहुल दूर-दूर तक भी कभी सावरकर नहीं बन सकते : केंद्रीय मंत्री

11 विविध
कालरात्रि : मां दुर्गा की सातवीं शक्ति की पावन कथा

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 51
फरीदाबाद, मंगलवार, 28 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



मुंबई इंडियंस के सफल होने में अहम रहा महत्वपूर्ण मौकों पर दबदबा बनाना

पेज - 12

सप्तमी माता कालरात्रि



ललाट में ध्यान किया जाता है। शत्रुओं का नाश, कृत्या बाधा दूर कर साधक को सुख-शांति प्रदान कर मोक्ष देती हैं।

मंत्र- 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं कालरात्र्यै नमः।'

● विस्तृत सामग्री पेज-11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,653 | ▲ | 126.76 |
| निफ्टी | 16,985 | ▲ | 40.65 |
| सोना | 58,970 | ▼ | 303 /10 gm |
| चांदी | 70,200 | ▼ | 211 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 30.00°C
न्यूनतम 17.00°C

## क्विक न्यूज

### चारा घोटाले में लालू को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस



**पटना।** चारा घोटाला मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ सकती हैं। इस मामले में सीबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट में लालू यादव की जमानत याचिका रद्द करने की मांग की है। सोमवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने लालू यादव को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब चार सप्ताह बाद होगी। सीबीआइ ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल कर चुनौती दी है, जिसमें लालू यादव को जमानत पर रिहाई मिली है। लालू को झारखंड हाईकोर्ट ने दुमका और चाईबासा कोषागार मामले में जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। सीबीआइ ने इसी का विरोध किया है।

### यमुनोत्री धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए अक्षय तृतीया के पर्व पर 22 अप्रैल को दोपहर 12:41 बजे खुलेंगे। यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल ने बताया कि यमुना जयंती के अवसर पर सोमवार को मां यमुना के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली में विश्व प्रसिद्ध गढ़वाल के चारधामों में से एक यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के समय का मुहूर्त निकाला गया।

### कूनो उद्यान में मादा चीता साशा की बीमारी से मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में नामीबिया से लाए गए चीतों में से एक मादा चीता साशा की गुर्दे की बीमारी के कारण मौत हो गई। मध्य प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक जेएस चौहान ने बताया, चीता साशा की गुर्दे के समस्या के कारण मृत्यु हो गई, क्योंकि उसका क्रिएटिनिन स्तर बहुत अधिक था। साशा उन आठ चीतों में शामिल थी, जिन्हें 17 सितंबर को नामीबिया से लाकर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में स्थानांतरित किया गया था।

## प्रदेश को मेट्रो विस्तार में केंद्र से झटका

# लोकसभा में खुलासा, 13141.75 करोड़ रुपये में से नहीं मिला एक भी रुपया

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**प्रदेश** को मेट्रो विस्तार योजना में केंद्र ने झटका दिया है। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा में मेट्रो रेल के विस्तार पर केंद्र सरकार से सवाल पूछने पर केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री कौशल किशोर ने इसका खुलासा किया है। दीपेंद्र हुड्डा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री की ओर से बताया गया है कि दिल्ली मेट्रो रेल के विस्तार के लिए भारत सरकार द्वारा देश भर में पिछले पांच वर्षों में कुल 10,856.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसके





अलावा प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2285 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, यानि कुल 13141.75 करोड़ रुपए आवंटित किए। हरियाणा को एक भी रुपया केंद्र की ओर से आवंटित नहीं किया गया।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार फेल हो चुकी है। केंद्र द्वारा मेट्रो विस्तार के लिए हजारों करोड़ आवंटित किए जाने के बावजूद वो प्रदेश के लिए केंद्र से एक भी रुपया नहीं ले पाई। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार के जवाब से यह भी खुलासा हुआ कि नौ साल में हरियाणा की कमजोर सरकार गुरुग्राम-बावल, द्वारका-बाढसा, कुंडली-सोनीपत और बहादुरगढ़-रोहतक मेट्रो रेल विस्तार का प्रस्ताव तक नहीं दे पाई।

### कांग्रेस ने 41 किमी किया विस्तार

**दीपेंद्र** ने बताया कि 2010 में केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के बाहर अन्य शहरों को मेट्रो से जोड़ने की बात आई तो हुड्डा सरकार ने चार साल में हरियाणा के चार शहरों गुरुग्राम, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, बहादुरगढ़ को दिल्ली मेट्रो से जोड़ दिया। चार साल में करीब 41 किलोमीटर मेट्रो लाइन का काम पूरा कराया, लेकिन 2014 के बाद जब से डबल इंजन सरकार प्रदेश में आई है तब से मेट्रो की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। हुड्डा ने कहा कि नौ साल में 41 किलोमीटर मेट्रो तो दूर की बात है 41 सेंटीमीटर का काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आने के बाद एक बार फिर से पूरे हरियाणा में मेट्रो का विस्तार किया जाएगा।

# मुख्य सचिव बने रहेंगे संजीव कौशल, नए डीजीपी की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** कैडर में 1986 बैच के आइएएस संजीव कौशल प्रदेश के मुख्य सचिव बने रहेंगे। हरियाणा सरकार ने कौशल को री-डेजिग्नेट किया है। हरियाणा सरकार की ओर से एक महीने पहले ही आदेश जारी किए थे। अब सरकार की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन में मुख्य सचिव की जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

हरियाणा को जुलाई में नया डीजीपी मिलने वाला है। इसकी वजह यह है कि वर्तमान में डीजीपी के पद पर तैनात वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पीके अग्रवाल 30 जून को रिटायर होने वाले हैं।

हालांकि सरकार उन्हें 15 अगस्त तक एक्सटेंशन दे सकती है। हरियाणा के डीजीपी बनने के लिए रिटायरमेंट में कम से कम से दो साल का कार्यकाल शेष रहना चाहिए।

## बिल्कीस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई

# दोषियों की सजा माफ करने पर केंद्र-गुजरात सरकार से जवाब तलब

**गोधरा कांड के वक्त बानो की उम्र 21 साल और गर्भवती थी**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक बलात्कार की शिकार बिल्कीस बानो की याचिका पर सोमवार को केंद्र, गुजरात सरकार एवं अन्य से जवाब तलब किया है। बिल्कीस बानो ने अपने मामले में दोषियों को समय-पूर्व रिहा किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आगजनी की घटना के बाद भड़के दंगे के दौरान बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। बानो ने इस मामले में दोषी ठहराए गए 11 अपराधियों की बाकी सजा माफ किए जाने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी है।

गौरतलब है कि चार जनवरी को न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ के समक्ष यह मामला आया था, लेकिन न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने बिना कोई कारण बताए मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। सभी 11 दोषियों को गुजरात सरकार ने सजा में छूट दी थी और पिछले साल 15 अगस्त को रिहा कर दिया था। बानो ने अपनी लंबित याचिका में कहा है कि राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित कानून की पूरी तरह से अनदेखी करते हुए एक यांत्रिक आदेश पारित किया। घटना के वक्त बानो 21 साल की थी और पांच महीने की गर्भवती भी थी। गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के एक डिब्बे में आग की घटना के बाद भड़के दंगों के दौरान उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी, जिनमें तीन साल की एक बेटी भी शामिल थी।





### गुजरात सरकार प्रासंगिक फाइल के साथ मौजूद हो

**न्यायमूर्ति** केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने मामले की सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तारीख मुकर्रर करते हुए कहा कि इसमें कई मुद्दे समाहित हैं और इस मामले को विस्तार से सुनने की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने केंद्र, गुजरात सरकार और दोषियों को नोटिस जारी किए हैं। पीठ ने गुजरात सरकार को निर्देश दिया कि वह अगली सुनवाई के दौरान दोषियों की शेष सजा माफ किए जाने के फैसले के संबंध में प्रासंगिक फाइल के साथ मौजूद रहे। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान कहा कि वह इस मामले में भावनाओं के साथ सुनवाई के बजाय कानून के विभिन्न पहलुओं पर विचार करेगा।

# राहुल को बंगला खाली करना होगा, विपक्ष ने सदन में काले कपड़े पहन किया प्रदर्शन

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की सांसदी जाने के बाद अब उन्हें एक महीने के अंदर सरकारी आवास खाली करना होगा। लोकसभा हाउसिंग कमेटी ने उन्हें इसके लिए नोटिस जारी किया है। कमेटी ने उन्हें 22 अप्रैल तक 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करने को कहा है। सूरत कोर्ट ने मानहानि केस में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद पिछले शुक्रवार को उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी।

अडाणी मामले को लेकर विपक्ष ने सोमवार को ब्लैक प्रोटेस्ट किया। इसमें 17 विपक्षी दल शामिल हुए। सोनिया गांधी भी काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचीं। उधर, लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने भारी हंगामा किया। एक सांसद तो लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के आसन तक पहुंच गया और काला कपड़ा लहराने लगा। यह देख स्पीकर सभा को स्थगित कर चले गए।

दरअसल, सुबह 11 बजे जैसे ही दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। इससे राज्यसभा की कार्यवाही को दो बजे तक और लोकसभा की कार्यवाही को चार बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दो बजे राज्यसभा की कार्यवाही और चार बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन हंगामे के कारण इन्हें मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### लोकतंत्र के लिए काला अध्याय : खड़गे



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को ट्वीट किया- लोकतंत्र के लिए काला अध्याय! पहली बार सत्ता पक्ष संसद को ठप कर रहा है। क्यों? क्योंकि मोदी जी के परम मित्र के काले कारनामे उजागर हो रहे हैं! एकजुट विपक्ष जेपीसी की मांग पर कायम रहेगा। खड़गे ने कहा, हम काले कपड़ों में क्यों आए हैं? हम दिखाना चाहते हैं कि पीएम मोदी इस देश में लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। पहले उन्होंने स्वायत्त संस्थाओं को खत्म किया, इसके बाद जहां-जहां जिसने चुनाव जीता, उसे डरा-धमकाकर पीएम ने अपनी सरकार बनवाई। जो लोग उनके आगे नहीं झुके, उन्हें झुकाने के लिए ईडी और सीबीआइ का इस्तेमाल किया।

# कर्नाटक में येदियुरप्पा के घर पत्थरबाजी एससी रिजर्वेशन में बंटवारे का विरोध

**एजेंसी।** शिवमोगा

**कर्नाटक** में सोमवार को आरक्षण के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के घर पर पत्थरबाजी हुई। बंजारा और भोवी समुदाय के लोगों ने शिवमोगा में येदियुरप्पा के घर और दफ्तर के बाहर हिंसक विरोध प्रदर्शन किए। इसके बाद इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई। राज्य सरकार ने फैसला किया है कि शेड्यूल कास्ट (एससी) को मिलने वाले आरक्षण को इस वर्ग की अलग-अलग जातियों में बांट दिया जाएगा। बंजारा और भोवी समुदाय इसी का विरोध कर रहा है। उनका कहना है कि इससे उनके समुदाय के लोगों के साथ अन्याय होगा।

बीएस येदियुरप्पा ने कहा, 'बंजारा समुदाय के नेताओं को गलतफहमी हुई है। मैं एक-दो दिन में



उनसे बात करूंगा और उन्हें सीएम के पास भी लेकर जाऊंगा, जिससे उनकी शिकायतों का हल निकाला जा सके। बंजारा समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री बनने में मेरा साथ दिया है। मैंने एसपी और डीसी से कड़ी कार्रवाई नहीं करने को कहा है। मैं इस घटना के लिए कांग्रेस या किसी और को दोष नहीं दूंगा। राज्य सरकार ने 24 मार्च को शेड्यूल कास्ट (एससी) को मिलने वाले आरक्षण को चार हिस्सों में बांट दिया था। अब शेड्यूल कास्ट (लेफ्ट) को 6 फीसद, शेड्यूल कास्ट (राइट) को 5.5 फीसद, शेड्यूल कास्ट (टचेबल) को 4.5 फीसद और शेड्यूल कास्ट (अन्य) को 1 फीसद आरक्षण दिया जाएगा। कर्नाटक में शेड्यूल कास्ट के अंदर 101 जातियां आती हैं, जिन्हें इन 4 कैटेगरी में बांटा गया है।

### राजधानी में 200 से अधिक बाल श्रमिकों को छुड़ाया



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को सोमवार को सूचित किया गया कि राष्ट्रीय राजधानी में बाल श्रमिक के तौर पर काम कर रहे 200 से अधिक बच्चों को छुड़ाया गया और आगे की छापेमारी जारी है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने दिल्ली के वकील को मामले में एक और स्थिति रिपोर्ट दायर करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और इसे चार मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। एक एनजीओ ने कहा, दिसंबर 2019 में दिल्ली के अनाज मंडी इलाके में एक कारखाने में आग लगने के बाद याचिका दायर की थी। आग लगने की घटना में कई नाबालिगों सहित 40 से अधिक लोग मारे गए थे।

# अतीक-अशरफ प्रयागराज की नैनी जेल पहुंचे, कोर्ट में होगी पेशी

**उमेश पाल किडनैपिंग केस में आज स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा**

**एजेंसी।** लखनऊ

**उमेश** पाल मर्डर केस का आरोपी गैंगस्टर अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ सोमवार शाम को प्रयागराज की नैनी जेल पहुंचा दिए गए। अतीक का बेटा इसी जेल में बंद है। अतीक और अशरफ को उमेश पाल किडनैपिंग केस में मंगलवार को स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। अशरफ को बरेली जेल से यूपी एसटीएफ अलग गाड़ी में लेकर नैनी जेल पहुंची।

इससे पहले 26 मार्च को सुबह यूपी एसटीएफ के अफसर और 30 हथियारबंद जवान अहमदाबाद पहुंचे और शाम चार बजे तक गुजरात पुलिस से अतीक की कस्टडी ली। 5.44 मिनट पर अतीक को साबरमती जेल से बाहर लाया गया और वैन में



बैठा दिया गया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उसने कहा था, यूपी एसटीएफ मेरी हत्या कर देगी। एसटीएफ का काफिला अहमदाबाद से राजस्थान के उदयपुर-कोटा होते हुए मध्य प्रदेश में शिवपुरी के रास्ते सोमवार सुबह नौ बजे के करीब उत्तर प्रदेश में दाखिल हुआ। अहमदाबाद से एसटीएफ टीम रविवार शाम 5.45 बजे निकली थी, जो सोमवार शाम 5.30 बजे प्रयागराज की नैनी जेल पहुंची। टीम ने 1300 किलोमीटर का सफर 23 घंटे 45 मिनट में पूरा किया। इस दौरान काफिला आठ जगह रुका।

विस्तृत खबर पेज 9 पर...

### भाजपा विधायक को दिल्ली विस सदन से बाहर भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधाननसभा में सोमवार को वित्त मंत्री कैलाश गहलोत के संबोधन के दौरान हंगामा करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक अभय वर्मा को सुरक्षाकर्मियों द्वारा सदन से बाहर कर दिया गया। गहलोत आबकारी नीति 2021-22 पर बोल रहे थे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस नीति के कार्यान्वयन में हुई कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की थी, जिसके बाद इसे वापस ले लिया गया था।

**भाजपा विधायक की जमानत याचिका खारिज**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोमवार को कर्नाटक सोप्स एंड डिटरजेंट्स लिमिटेड (केएसडीएल) से जुड़े रिश्वत मामले में भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा की जमानत याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति के. नटराजन ने चन्नागिरी से विधायक विरुपक्षप्पा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

# कर्जदार को सुने बिना खाता फ्रॉड घोषित न करें बैंक : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को कहा है कि लोन लेने वाले ग्राहकों के अकाउंट को फ्रॉड घोषित करने से पहले उन्हें सुना जाना चाहिए। यह फैसला स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक याचिका पर सुनाया गया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस हेमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने 2020 में तेलंगाना हाइकोर्ट के दिए गए फैसले को सही माना। अपने आदेश में हाइकोर्ट ने कहा कि फ्रॉड के रूप में अकाउंट्स का क्लासिफिकेशन करने से बोरोअर्स यानी लोन लेने वालों की लाइफ पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए, ऐसे व्यक्तियों को सुनवाई का मौका दिया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऑडी ऑल्टरम पार्टम के प्रिंसिपल को भी पढ़ा जाए। ऑडी ऑल्टरम पार्टेम का मतलब नेचुरल जस्टिस का प्रिंसिपल है। इसके तहत कोई व्यक्ति बिना सुनवाई के अपराधी घोषित नहीं किया जाएगा।

# अगले 24 घंटों में बढ़ेगी ठंड : हिमाचल-अरुणाचल में बर्फबारी के आसार

## 30 मार्च से एक्टिव होगा नया मौसम सिस्टम, देश के कई हिस्सों में बारिश होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**उत्तर** भारत के राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश के बाद मौसम ने फिर करवट ली है। इस कारण मार्च की गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक एक नया पश्चिमी विक्षोभ 30 मार्च तक पश्चिमी हिमालय तक पहुंच जाएगा, जिससे बारिश का नया दौर शुरू होगा। इस सिस्टम से बारिश का असर पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश,



छत्तीसगढ़, ओडिशा से लेकर पश्चिम बंगाल और देश के कई हिस्सों में देखने को मिल सकता है। अगले 24 घंटों में पश्चिमी हिमालय और अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी होने की उम्मीद है। हालांकि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद समेत एनसीआर के कई इलाकों में बीते दो-तीन दिनों में हुई बारिश के चलते मौसम में थोड़ी ठंडक है।

इस बीच मध्यप्रदेश में अगले दो दिन गर्मी वाले रहेंगे। ज्यादातर शहरों में दिन-रात के पारे में 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। वहीं, 29-30 मार्च से मौसम बदलेगा। ग्वालियर-चंबल समेत रीवा, जबलपुर, उज्जैन संभाग के कुछ शहरों में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। राजधानी दिल्ली में सोमवार की सुबह न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के मुताबिक दिन भर आसमान साफ रहा। वहीं तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इसके पहले रविवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### राजस्थान में बारिश-ओले गिरने की संभावना

**राजस्थान** में पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होते ही रविवार को कई शहरों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। अब दो दिन मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद 29 मार्च से एक बार फिर प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा। इस दौरान पांच संभागों में आंधी, बारिश और ओले गिरने की संभावना है।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 28 मार्च, 2023



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 30.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 17.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- उगते सूर्य को अर्ध्य देंगे श्रद्धालु: सुबह 5 बजे।
- सीकरी में समाज कार्य शिविर का पांचवा दिन : सुबह 10 बजे।
- तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ श्री महारानी वैष्णव देवी मंदिर संस्थान में पूजा-अर्चना: सुबह 8 बजे।
- एनएच-पांच मंदिर में श्रीरामायण जी का अखंड पाठ तथा महिला मंडल द्वारा कीर्तन: शाम 4 बजे।
- सिद्ध पीठ श्री महाकाली मंदिर संस्था प्रांगण में चैत्र नवरात्रि महोत्सव में चौकी और भंडारा: शाम 7 बजे।
- पावन सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर 1 बी ब्लॉक के प्रांगण में महामाई का गुणगान: शाम 7 बजे।
- जिलेभर के आयुष्मान मित्रों की हड़ताल जारी: सुबह 9 बजे।

## निवेश गुरु

**अगर** आप भी एक बच्चे के पिता हैं तो जरूर उसके भविष्य के लिए कुछ निवेश करने की सोच रहे होंगे, क्योंकि इस महंगाई के जमाने में निवेश करना जरूरी नहीं बल्कि मजबूरी बन गई है। पैरेंट्स के लिए एक बड़ी चिंता यह होती है कि वह अपने बच्चे के बालिग होने से पहले उसके लिए अच्छी खासी बचत कर पाएं, जिससे उसके भविष्य को लेकर तनाव कम हो सके। अगर आप भी अपने बच्चों के भविष्य के लिए निवेश की प्लानिंग बना रहे हैं तो चाइल्ड म्यूचुअल फंड एक बेहतर विकल्प हो सकता है।

## यूटीलिटी न्यूज

### डीसी ने सुनीं जन शिकायतें

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इन नीतियों को अधिकारी लागू करें। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नागरिकों को छोटे-छोटे कार्य के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर ना लगाना पड़े। उपायुक्त विक्रम सिंह ने सोमवार को सेक्टर-12 लघु सचिवालय में स्थित अपने कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनीं। इनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया। वहीं सम्बंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार वह रोजाना सुबह 11 बजे से एक बजे तक अपने कार्यालय में कोई बैठक नहीं रखेंगे।

## क्विक न्यूज

### गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेन्द्र कादयान के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-58 की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम रोहित है। आरोपी बल्लभगढ़ की राजीव कॉलोनी का रहने वाला है। थाना पुलिस टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से राजीव कॉलोनी से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 550 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलफ थाना सेक्टर-58 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मूल रुप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

# पारदर्शिता को बनी ऑनलाइन प्रणाली ही बन गई भ्रष्टाचार का हथियार

### लोगों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं कर्मचारी और अटल सेवा केंद्र कर्मी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**भ्रष्टाचार** को जड़ से खत्म करने और पारदर्शिता लाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेश पर ज्यादातर विभागों के सरकारी काम काज को ऑनलाइन किया गया है। ताकि आम जनता को सरकारी काम काज करवाने और विभिन्न तरह के बिलों का भुगतान करने के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े है। इसी कड़ी में सरकार ने कई तरह के विवाद खत्म करने के लिए सम्पतियों की प्रोपर्टी आइडी बनवाने के साथ सम्पति पंजीकरण भी ऑनलाइन किया है, लेकिन प्रोपर्टी आइडी बनाने वाली निजी कंपनी की लापरवाही का खामियाजा अब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इसे भ्रष्टाचार का हथियार बना लिया है। प्रोपर्टी आइडी बनाने अथवा उसमें मौजूद त्रुटियों को दूर करने के बदले में निगम कर्मचारियों द्वारा न केवल लोगों से चक्कर कटवाए जा रहे है बल्कि मोटी रकम तक वसूली जा रही है। एंटी करप्शन ब्यूरो के हाथों हाल में दो निगम कर्मियों के पकड़े जाने के बाद इस बात का खुलासा हुआ है। रिश्वतखोरी में पकड़े गए यह दो कर्मचारी तो सिर्फ मोहरा मात्र हैं। यदि एंटी करप्शन ब्यूरों द्वारा मामले की गहनता से जांच की जाए तो कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। वहीं अन्य ऑनलाइन कार्य भी लोग बिना सुविधा शुल्क दिए नहीं करवा पा रहे हैं।



नगर निगम आयुक्त के कार्यालय का फाइल फोटो।

### प्रोपर्टी आइडी की आड़ में शोषण

**प्रदेश** सरकार ने सम्पतियों की प्रोपर्टी आइडी बनाने का ठेका जयपुर की एक कंपनी को दिया था, लेकिन कंपनी द्वारा जमीन स्तर पर सर्वे किये बिना गलत तरीके से प्रोपर्टी आइडी बना दी। वहीं अनेक सम्पतियों की आइडी बनाई ही नहीं है। ऐसे में अब लोगों को अपनी सम्पतियों की आइडी बनवाने अथवा त्रुटियां दूर करवाने के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है, क्योंकि बिना आइडी के वे न तो नगर निगम को शुल्कों का भुगतान कर पा रहे हैं और आइडी के बिना प्रोपर्टी की खरीद फरोख्त भी नहीं की जा सकती है। यह बात प्रोपर्टी आइडी के काम से जुड़े निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को अच्छी तरह पता है। ऐसे में अधिकारी और कर्मचारी लोगों की मजबूरी का बाखूबी फायदा उठा रहे हैं। प्रोपर्टी आइडी बनवाने का दावा करने के बाद कई दलाल भी निगम कार्यालय में सक्रिय रहते हैं। जो निगम के कर्मचारियों से मिलीभगत कर प्रोपर्टी आइडी बनवाने अथवा त्रुटियां दूर करवाने के बदले लोगों से मोटी रकम वसूल रहे हैं।



अटल सेवा केंद्र का सांकेतिक फोटो।

### जांच में हो सकता है खुलासा

**नगर** निगम में काफी संख्या में आउट सोर्सिंग के कर्मचारी और यहां तक कि जेई को भी महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां दी हुई हैं। 200 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच में इस तरह के कई नाम उजागर हुए थे। वहीं कई कर्मचारियों को उनके पदों की बजाए अन्य कार्यो में लगाया जाता है। पिछले दिनों प्रोपर्टी आइडी बनाने के बदले 30 हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में पकड़ा गया चपरासी सफाई कर्मचारी है। ऐसे ही अनेक कारणों से निगम में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है। एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा कई अधिकारियों और कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ा जा चुका है। लेकिन इसके बावजूद निगम में इसका खौफ जरा भी नजर नहीं आता, क्योंकि आरोप है कि निगम कर्मचारी अपने ऊपर बैठे अधिकारियों की शह पर ही रिश्वत वसूलते हैं।




नगर निगम मुख्यालय का फाइल फोटो।

### आम जनता का शोषण



**सामाजिक** कार्यकर्ता गुरमीत सिंह देओल का कहना है कि सरकारी दफ्तरों में बैठे कर्मचारियों ने ऑनलाइन प्रणाली में भी भ्रष्टाचार का रास्ता निकाल लिया है। तहसीलों में सर्बर नाटकीय तरीके से सुबह डाउन होता है और शाम को छुट्टी से थोड़ा पहले चलने लगता है। ऐसे में लोगों को इनकी मनमानी का शिकार होना पड़ता है। इसलिए भ्रष्टाचार रोकने के लिए ऑनलाइन प्रणाली को और सशक्त बनाने की जरूरत है।

### ग्राहक केंद्र कर रहे मनमानी वसूली

**सरकारी** दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए ही प्रदेश सरकार द्वारा लगातार ऑनलाइन प्रणाली को बढ़ावा देने का प्रयास जा रहा है। वहीं सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से लोगों को बचाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न स्थानों पर अटल सेवा केंद्र अथवा ग्राहक सेवा केंद्र शुरू किये हुए हैं। यहां विभिन्न तरह के सरकारी काम और जरूरी दस्तावेज बनवाने का ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सरकार ने शुल्क निर्धारित किया है। विभिन्न तरह के कामों के लिए यहां कुछ कामों को छोड़कर शुल्क दस से 100 रुपये तक है। इसके अलावा पासपोर्ट के लिए 1600, पेन कार्ड का 150 और ऑनलाइन मैरिज एप्लीकेशन का 250 रुपये शुल्क निर्धारत है। लेकिन यह केंद्र संचालक छोटे छोटे कामों के लिए सैंकड़ों और बड़े काम के हजारों रुपये वसूल रहे हैं।

# यमुना मईया की पूजा एवं सामूहिक आरती का आयोजन

### जनजागृति से होगा यमुनाजी की अविरलता और निर्मलता का मार्ग प्रशस्त : डॉ.आरएन सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**यमुना** रक्षक दल के तत्वावधान में यमुना मईया के प्राकट्य दिवस (यमुना षष्ठी) के पावन अवसर पर यमुना मईया का पूजन एवं सामूहिक आरती का दिव्य आयोजन मंझावली गांव स्थित यमुना मईया के पावन तट पर किया गया।

इस पुनीत अवसर पर पद्मश्री ब्राह्मदत्त भाटी, यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आरएन सिंह, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) नारायण सिंह, विधि प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. पूनम नागर, फरीदाबाद ग्रामीण क्षेत्र के अध्यक्ष प्रशान्त भाटी, भोजपुरी अवधी समाज के चेयरमैन पं. रमाकांत तिवारी, अखिल भारतीय राजपूत एकता मिशन के अध्यक्ष एसके सिंह, पूर्वांचल विकास मंच के अध्यक्ष सुदीश यादव, प्रगतिशील किसान अवार्ड विजेता मुकेश यादव, डॉ. एमपी सिंह, एडवोकेट राजेश खटाना, एडवोकेट विकास वर्मा सहित सैकड़ों यमुना भक्तों ने भक्तिभाव से शिरकत किए।

इस अवसर पर यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि यमुना जी की अविरलता व निर्मलता के लिए यमुना रक्षक दल द्वारा आहुत मिशन (5000) पांच हजार गांव जोड़ो आन्दोलन के तहत यमुनानगर से लेकर इटावा तक के पदाधिकारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन हथिनी कुण्ड में किया गया था। जिसमें फरीदाबाद से पांच लोग सहभागी बने थे।




यमुना मईया की सामूहिक आरती करते भक्तगण।

# परवाज-ए-गजल का वार्षिकोत्सव एवं पुस्तक विमोचन

### कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात कवि दिनेश रघुवंशी पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**साहित्यिक** संस्था परवाज-ए- गजल द्वारा हिन्दी भवन, नई दिल्ली में अपना वार्षिकोत्सव मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात कवि दिनेश रघुवंशी, कार्यक्रम अध्यक्ष सुप्रसिद्ध शायर विनीत आशना और विशिष्ट अतिथि शायरा सीमा गुप्ता और प्रसिद्ध शायर आलोक यादव ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर एक गजल संग्रह शैदाई गज़ल का विमोचन भी किया गया। जिसमें संस्था के पच्चीस शायरों की गजलें सम्मिलित हैं। कार्यक्रम में गजल गोष्ठी का आयोजन किया भी गया। जिसमें क़रीब पैंतीस शायरों ने अपने बेहतरीन कलाम से महफिल को नवाजा। इससे पूर्व कार्यक्रम का आरम्भ राष्ट्रगान और देवेंन्द शर्मा देव द्वारा गाई गई। सरस्वती वंदना से शुभारंभ हुआ। संस्था के संस्थापक विख्यात गजलकार अजय अज्ञात, अध्यक्ष रीता अदा, उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा असर और सचिव डॉ. बबिता किरण ने मुख्य अतिथिगण और संस्था के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह, फूलमाला, पटका और सर्टिफ़िकेट देकर सम्मानित किया। स्वागत भाषण संस्था के महासचिव डॉ. भारद्वाज अश्क और धन्यवाद प्रस्ताव प्रमोद शर्मा असर ने किया। संस्था द्वारा अतिथियों को शान-ए-गजल सम्मान से भी नवाजा गया। कार्यक्रम में कुछ समय के लिए हास्य कविता सम्राट सुरेन्द्र शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज़ कराई और गजलकारों के साथ समय बिताया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य साहित्यकारों के अतिरिक्त विख्यात हिन्दी लेखक स्व. विष्णु प्रभाकर के पुत्र अतुल प्रभाकर भी उपस्थित रहे।




पुस्तक का विमोचन करते कविगण।

# तारों से निर्मित बतख की मुद्रा वाला पौधा लगाया

### कहा, सुंदरता के लिए सेक्टर के आठों पार्कों में इस तरह के पौधे लगाए जायेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आरडब्ल्यूए** सेक्टर 29 द्वारा पार्कों के सौंदर्यीकरण की श्रृंखला में तारों द्वारा निर्मित बतख शेप के पौधे दो पार्कों में लगाए गए। ये पार्क मकान संख्या 278 और 526 सेक्टर 29 के सामने हैं। धीरे धीरे सेक्टर के आठों पार्कों में इस तरह के पौधे लगाए जायेंगे, जिससे पार्कों की सुंदरता बढ़े। बच्चों ने तो शेप वाले पौधों के साथ सेल्फी लेनी भी शुरू कर दी है। निवासियों द्वारा अन्य फूलों के पौधे भी लगाए गए।

इस मौके पर सेक्टर के गणमान्य व्यक्ति अशोक सिंघल, नारायण सिंह, सुबोध नागपाल, एसपी चौधरी, एसके सिंगला, एसएस बागला, टीसी सागर, आजाद कपिल, सुरेश यादव, एसपी सिंह, आरबी वर्मा, अशोक, एमएम अरोरा, सुशील गुप्ता, केके कारण इत्यादि उपस्थित थे। हुडा सेक्टर 29 के पार्कों में लगे झूलों एवं जिम उपकरणों की हालत बहुत ही खस्ता है। जिसके कारण इनका उपयोग करने वालों को चोट लगने का खतरा हमेशा बना रहता है। इसलिए नगर निगम से अनुरोध किया गया है निवेदन है कि पार्कों में लगे झूलों एवं जिम उपकरणों की यथाशीघ्र मरम्मत करवाएं तथा नए झूले भी लगावाने की कृपा करें। इसके अलावा आरडब्ल्यूए सेक्टर 29 आठ पार्कों का भी रखरखाव कर रही है, जिसकी बकाया राशि का भुगतान करने का भी निवेदन अधिशासी अभियंता, नगर निगम, फरीदाबाद से किया गया है। पार्कों की बैलेंस रख रखाव राशि का भुगतान नहीं करने के कारण आरडब्ल्यूए को काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ता है। करीब 15 महीने से ज्यादा की भुगतान राशि लंबित है।



बतख की शेप के पौधे के संग खड़े आरडब्ल्यूए के सदस्य।

# शहर के हर्ष गिल ने तंजानिया के बॉक्सर को चटाई धूल

### हर्ष गिल बॉक्सिंग के लगातार आठ मुकाबलों में हासिल कर चुके हैं जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**द्रोणाचार्य** बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाज हर्ष गिल ने 25 मार्च साईबर हब, गुरुग्राम में आयोजित प्रोफेशनल बॉक्सिंग में तंजानिया के बॉक्सर शहीद मबेलवा को दूसरे राउंड में धराशाई किया। इसके साथ ही वो इंडिया की लगातार आठ फाइट जीतने वाले बॉक्सर बन गए हैं।

हर्ष गिल द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब, सेक्टर 10 में प्रैक्टिस करते हैं और इनके कोच अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर राजीव गोदारा है। कोच राजीव गोदारा ने बताया की इससे पिछली फाइट में मुक्केबाज हर्ष गिल ने दक्षिणी कोरिया के बॉक्सर सुंग जिन कुआक को नॉकआउट कर एशियन बॉक्सिंग टाइटल पर कब्जा किया था और वह बांग्लादेश के मुक्केबाज हीरा मियां को भी चारों खाने चित कर चुके हैं। उन्होंने बॉक्सिंग में ही नहीं अपितु खेल जगत में भारत देश का नाम रोशन किया है । हर्ष गिल शुरू से ही तंजानिया के बॉक्सर शहीद मबेलवा पर हावी होते दिखे और दूसरे ही राउंड में अपने मुक्को की बौछार से तंजानिया के बॉक्सर शहीद मबेलवा को चारों खाने चित किया। इस प्रोफेशनल बॉक्सिंग के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बॉक्सर हर्ष गिल की हौसला अफजाई की । हर्ष गिल किसी परिचय के मोहताज नहीं है, क्योंकि उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। उनके पिता लखविंदर गिल फरीदाबाद सेक्टर-11 में रहते हैं। इससे पहले हर्ष कई बार राष्ट्रीय स्तर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल कर चुके हैं। उन्होंने 19 जुलाई 2019 सर्बिया में आयोजित गोल्डन ग्लव्स ऑफ वोजवोदिना अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और जनवरी 2021 में नोएडा में आयोजित प्रोफेशन बॉक्सिंग में भी जीत हासिल की थी और वह अभी तक बिना कोई मैच हारे लगातार आठ प्रोफेशनल फाइट जीत चुके हैं राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने स्कूल नैशनल गेम्स 2018 असम में हुई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। ओपन नैशनल 2018 चंडीगढ़ में रजत पदक हासिल किया। ऑल इंडिया साईं नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2018 रोहतक में हुई प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

खेलो इंडिया गेम्स 2018 दिल्ली में रजत पदक हासिल किया। वह गवर्नर की तरफ से साल 2018 में पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। हर्ष गिल एक बिजनेसमैन का बेटा है, लेकिन उन्होंने ऐशो आराम की जिंदगी छोड़ कर बॉक्सिंग में कदम रखा। देश के लिए ओलंपिक में मेडल जीतने का एक मकसद बना लिया। अब अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज हर्ष गिल वर्ल्ड टाइटल बाउट की तैयारी में जुट गए हैं अगला मुकाबला वर्ल्ड टाइटल के लिए होगा।



कोच राजीव गोदारा व अन्य बॉक्सरों संग बेल्ट दिखाते मुक्केबाज हर्ष गिल।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**गिरावट के चले पथ पर तो गिरते ही चले आये**
**कुतर्कों को विषैली सी जुबां में भरके चिल्लाये**
**विसर्जन मूत्र का है या विसर्जन मीडिया का है**
**किसी के पास है उत्तर ज़रा वो हमको बतलाये**

# नवरात्रों के छठवें दिन हुई शहर के मंदिरों में भव्य पूजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नवरात्रों** के छठे दिन मां के छठे स्वरूप की पूजा की गई। मान्यता है कि इस पूजा को करने से विवाह की इच्छा रखने वालों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। मंदिरों में हजारों भक्तों ने मां की पूजा-अर्चना की। प्रात: कालीन आरती में मां के भजनों के बीच हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने अपनी आहूति डाली।

**वैष्णो देवी मंदिर :** तिकोना पार्क स्थित महारानी श्री वैष्णो देवी मंदिर में छठे नवरात्रि पर मां कात्यानी की धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने पूजा अर्चना का शुभारंभ करवाया।

मां कात्यानी के समक्ष ज्योत प्रज्वलित करने के अवसर पर उद्योगपति आरके बत्रा, कैलाश कथूरिया, प्रीतम धमीजा, धर्म एवं धीरज मुख्य रूप से उपस्थित थे। भाटिया ने आए हुए सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का दिल खोलकर स्वागत किया।

**काली मंदिर :** सिद्धपीठ काली मंदिर में भी मां के छठे नवरात्रे की पूजा की गई। मंदिर के प्रधान राकेश ने बताया कि पंडितों ने मां की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तों को बताया कि मां कात्यायनी शेर पर सवार रहती हैं। इनकी चार भुजाएं हैं, इनके बांए हाथ में कमल और तलवार है। दाहिने हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा अंकित है।



छठें दिन मां की पूजा करते श्रद्धालु।

### अंधकार का नाश करती है कालरात्रि : मुनिराज

**फरीदाबाद।** राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराज जी महाराज ने बताया कि सातवें नवरात्रे पर मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। मां कालरात्रि का वर्ण रात्रि के समान काला है। लेकिन वह अंधकार का नाश करती है व दुष्टों का अंत करती है। दुष्टों व राक्षसों का अंत करते समय उनका रूप देखने में अत्यंत भयंकर होता है। मां का कालरात्रि भक्तों को शुभ फल देती है। इसलिए मां शुंभकारी भी कहलाई जाती है। मां के नेत्र ब्रह्माण्ड के समान गोल है। मां की हर श्वास के साथ नासिका से अग्नि की ज्वालाऐं निकलती है। मां की चार भुजाएं हैं, जिसमें वह खडग़, लोहे का अस्त्र, अभयमुद्रा और वरमुद्रा धारण किए हुए है। मां अपने गर्दभ पर सवार है। मां कालरात्रि ने रक्त, बीज नामक दैत्यों को मारने के लिए यह स्वरूप धारण किया था। दोनों राक्षसों को वरदान था कि उनके रक्त की एक बूंद जहां भी गिरेगी, वहां हजारों रक्तबीज उत्पन्न हो जाएंगे। इसलिए मां ने कालरात्रि का विकराल रूप धारण कर उन दोनों राक्षसों का वध कर उनके रक्त को पी लिया। मां ने उस दौरान अधर्म को मारकर धर्म की शिला स्थापित की यानी अंधकार को मिटाकर प्रकाश को अग्रसर किया। मां के पूजन में गुड़ का भोग अर्पित करें। मां कालरात्रि की पूजा करने से मनुष्य समस्त सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है।

# कॉलेज में चल रहा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर



शिविर में रैली को हरी झंडी दिखाते कॉलेज प्राचार्य डॉ. केके गुप्ता

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय में गत 23 मार्च से चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत योग से की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता चाहते हैं कि शिविर की थीम भारतीय युवा: चरित्र, व्यक्तित्व एवम स्वाबलंबन को सार्थक बनाने के लिए सभी गतिविधियां की जाएं। स्वयंसेवकों के मध्य अंतर महाविद्यालय एकल गान व एकल नृत्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिनमें स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। शिविर में स्वयंसेवकों के बीच कई खेलकूद प्रतियोगिताएं भी हुईं जिनका मुख्य लक्ष्य स्वयंसेवकों में बौद्धिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास करना है। नशामुक्ति विषय पर पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन व रैली का भी आयोजन किया गया ताकि समाज से नशा जैसी भयानक बुराई को भगाया जा सके।

# चैती छठ पूजा : डूबते सूरज को श्रद्धालुओं ने दिया अर्घ्य



एसजीएम नगर स्थित घाट पर सूरज को अर्घ्य देती व्रती महिलाएं।

**कविता। फरीदाबाद**

**त्याग,** आस्था, विश्वास व संस्कार के बीच चैती छठ पूजा के महोत्सव पर श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखी गई। घाटों पर दोपहर बाद से छठ पर निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं व उनके परिवार के सदस्यों का जमघट होने लगा। व्रती महिलाओं ने कमर तक पानी में प्रवेश कर अस्तांचलगामी (डूबते) सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र, परिवार और कुल के मंगल की कामना की। मंगलवार को यानी आज उगते सूरज की पूजा होगी। वहीं दिनभर श्रद्धालु घरों में ठेकुआ बनाते नजर आए। बाजारों में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी नजर आई।

**लेटकर पहुंचीं घाट :** शहर में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए घाटों पर उत्सव सा माहौल रहा। व्रती महिलाओं ने छठ मइया को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की। कुछ महिलाएं अपने घर से घाट तक लेटकर गईं। महिलाएं हाथ जोड़कर सड़क पर लेट जातीं। फिर उठती और छठ मइया की जय बोलकर थोड़ा आगे बढ़कर पुन: लेट जातीं। मान्यता है कि ऐसा करने से छठ मइया प्रसन्न होकर भक्त की हर मुराद पूरी करती है।

**ढोल पर नाचे श्रद्धालु:** दोपहर बाद व्रती महिलाएं अपने परिवार संग ढोल की थाप के साथ घरों से निकलकर घाटों पर पहुंची। छठ मइया को रिझाने के लिए महिलाओं ने छठ के परम्परिक गीत गए। इस दौरान उनके हाथ में गन्ना और प्रसाद की थाली रही। साथ चल रहे पुरुषों के सिर पर बांस की टोकरी में सूप, फल, सब्जी व पूजा की सामग्री थी। घाट पर व्रती महिलाओं ने बनाई वेदी पर गन्ने का मंडप तैयार कर उसमें बैठकर छठ मइया का विधिवत पूजन किया। सूर्य के अस्त होते समय हाथ में लोटा व प्रसाद लेकर महिलाएं पानी में खड़ी होकर ओम घृणि सूर्य देवाय नम:, ओम दिवाकराय नम: आदि मंत्र का जप करते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया। परिवार के सदस्यों द्वारा क्रम से अर्घ्य दिया गया।

अर्घ्य देने के बाद पति और परिवार की मंगल की कामना की। परिवार की बड़ी महिलाओं ने अपनी छोटी महिलाओं को सिंदूर लगाकर सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद दिया।

**आज उगते सूर्य को देंगे अर्घ्य:** परंपरागत छठ पूजा व्रत का पारायण उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया जाएगा। मान्यता है कि छठ पूजा का व्रत पुत्रवती महिलाएं रखती हैं। इस व्रत में महिलाएं अपने पति की व पुत्रों की लम्बी उम्र की कामना करती हैं। इस दिन महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को ढलते सूर्य को अर्ध्य देती है। सुबह की पूजा के बाद महिलाएं अपने व्रत को खोलती हैं।

# अमृत सरोवर योजना : जिले के 75 तालाबों का किया जा रहा पुर्नउद्धार

## डीसी ने तालाबों के पुर्नउद्धार के लिए 'अमृत सरोवर योजना' की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



डीसी विक्रम सिंह अमृत सरोवरों की समीक्षा बैठक में अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए।

**फरीदाबाद** जिला में आगामी जून माह से पहले सभी विभागों के अधिकारी अपने अपने विभागों के तालाबों के जीर्णोद्धार के टारगेट पूरा करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में तालाबों के पुर्नउद्धार के लिए अमृत सरोवर योजना की समीक्षा कर रहे थे।

डीसी विक्रम सिंह ने एक-एक करके विभाग वार करवाए जा रहे अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार की समीक्षा बारिकी से करके सम्बंधित अधिकारियो को दिशा-निर्देश भी दिए। जिला फरीदाबाद में अमृत सरोवरों के जीर्णोद्धार की मानिटरिंग एडीसी जिला स्तर पर और एसडीएम उपमण्डल स्तर पर करना सुनिश्चित करें। जिला फरीदाबाद में 75 तालाबों का अमृत सरोवर योजना के तहत पुर्नउद्धार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से सभी को मिलकर तालाबों के उद्धार का जिम्मा लेना चाहिए। डीसी विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार तालाबों के सफाई के साथ-साथ इसकी जल संचय क्षमता में वृद्धि, चारों तरफ ट्रैक, गऊ घाट और सीढ़ियों का निर्माण किया जाए।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह गांव में इन तालाबों की साफ-सफाई के लिए खुद भी आगे आएं। तालाबों में गंदा पानी न छोड़ें और इनके संरक्षण के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में तालाबों के पुर्नउद्धार का बीड़ा उठाया है। इसके तहत फरीदाबाद जिला में प्रथम चरण में जिला 75 तालाबों को अमृत सरोवर कार्यक्रमों तहत पुर्नद्धार किया जा रहा है।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हर बूंद का सदुपयोग करें व एक-एक बूंद पानी बचाएं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में अमृत सरोवर योजना की शुरुआत की है। हरियाणा प्रदेश में इस कार्य के लिए एक अथॉरिटी बनाई गई है।

समीक्षा बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, डीडीपीओ राकेश मोर, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज गजेन्द्र सिंह, तहसीलदार भुमिका लाम्बा, एसीईओ जिला परिषद, सहित अमृत सरोवर योजना से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड काटने के विरोध में हल्लाबोल प्रदर्शन



हल्लाबोल प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के सदस्य व डॉ. अशोक तंवर।

**प्रवीन शर्मा। बल्लभगढ़**

**आम** आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बल्लभगढ़ में लोगों के गलत परिवार पहचान पत्र बनाने, राशन कार्ड काटने और बुजुर्ग पेंशन काटने जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया। वरिष्ठ नेता और निगम चुनाव इंचार्ज डॉ. अशोक तंवर के नेतृत्व में सोमवार को सैकड़ों की संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता के साथ खेड़ा देवत मंदिर के पास से चलकर एसडीएम ऑफिस पहुंचे।

डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि क्षेत्र की जनता में गलत पीपीपी आईडी बनाने और राशन कार्ड काटने से रोष है। सड़कें टूटी हुई हैं, सीवरेज व्यवस्था ठप है, प्रॉपर्टी आईडी में धांधली चल रही है। बल्लभगढ़ में जगह जगह कूड़े कचरे से ढेर लगे हैं। सैकड़ों की संख्या में बुजुर्गों की पेंशन भी काट दी गई। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार में कोई जन सुनवाई नहीं है। एसडीएम ऑफिस के बाहर खड़े होकर जमकर नारेबाजी की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर के आदेश के बावजूद भी एसडीएम अपने कार्यालय से नदारद हैं। उन्होंने कहा कि जब तक परिवार पहचान पत्र की गलतियों को दुरुस्त करने का और राशन कार्ड बहाल करने का आश्वासन नहीं मिलता आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देंगे।

# मारपीट में घायल युवक ने दम तोड़ा, हत्या का मुकदमा दर्ज



बीके अस्पताल में शव के पोस्टमार्टम के इंतजार में खड़े मृतक पवन के परिजन।

**फरीदाबाद।** होडल के अंधोप गांव निवासी एक युवक को सात दिन पूर्व कुछ लोगों ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसका इलाज यहां के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। जहां बीती रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक का पोस्टमॉर्टम बीके अस्पताल में कराया गया। जांच कर रहे एसआई संजय ने बताया सीआईए हत्या के मामले की जांच कर रही है।

**यह है पूरा मामला :** रवि ने बताया कि उसकी बुआ होड़ल के अंधोप गांव की निवासी है। बुआ का 24 वर्षीय बेटा पवन और उसके चाचा गत 19 मार्च को लालपुर गांव में होली के मेले में गया था। जहां पवन का झगड़ा सन्नी और मोहित से हो गया। मामला शांत होने पर पवन अपने चाचा के संग बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। सन्नी और मोहित करीब 15 से 20 लड़कों के संग मौके पर पहुंचे और पवन को रास्ते में रोककर मारपीट की।

इस दौरान उसके चाचा और पवन गंभीर रुप से घायल हो गए। जहां चाचा को तो पलवल के सिविल अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। लेकिन बुरी तरह से घायल और बेहोश हालत में पवन को सिविल अस्पताल से बीके रेफर कर दिया गया। बीके के लिए लाये, तो यहां भी रेफर करने को कहा गया। जिस पर वह एसएसबी अस्पताल लेकर पहुंचे। इस दौरान पवन को होश नहीं आया और 27 मार्च को चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने पुलिस को पवन का शव सौंप दिया।

# एटीएम बदल कर खाते से निकाले 3.98 लाख रुपये

**फरीदाबाद।** चावला कॉलोनी के एक एटीएम में नया पिन बनाते वक्त दो ठग युवकों ने एक व्यक्ति को अपनी बातों में उलझा लिया और एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 3.98 लाख रूपये निकाल लिए। कुछ देर बाद जब पीडित के मोबाइल पर मैसेज आया तो वह घबरा गया। उसने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस से की।

चावला कॉलोनी चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी, लेकिन सवा महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस सीसीटीवी फुटेज में कैद दो युवकों का पता नहीं लगा सकी है। पीडित ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उसके इस मामले को सीआईए से जांच कराई जाए, ताकि ठगों का जल्द से जल्द पता चल सके। आदर्श नगर पार्ट दो फरीदाबाद में रहने वाले संतोष बाबू सक्सेना बीमा व्यवसाय से जुडे हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 फरवरी को करीब 1 बजे अपने नए एटीएम का नया पिन नंबर बनाने पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम पर गया था। उसी बीच दो युवक वहां आ गए।

# हिंदू नववर्ष है वैज्ञानिक और तथ्यों पर आधारित



व्याख्यान में आए पंडित विजय को पौधा देकर स्वागत करते प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति व हिंदू नववर्ष के महत्व पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता समाज सेवी विजय कुमार ने छात्राओं को हिंदू नववर्ष के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार ने छात्राओं को नववर्ष एंव प्राचीन भारतीय संस्कृति से अवगत कराते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आधुनिकता के साथ अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। आधुनिकता को अपनाना ठीक है, लेकिन अपनी विश्व प्रसिद्ध संस्कृति को जानना भी जरूरी है। मुख्य वक्ता ने कहा कि हिंदू नववर्ष प्राकृति, वैज्ञानिक एवं तथ्यों पर आधारित है। हिंदू नववर्ष के आगमन पर मौसम परिवर्तन के साथ परिधान एवं फसल चक्र भी बदल जाता है। लेकिन आधुनिकता के दौर में आज हम अपनी सभ्यता को भूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज से करीब चार सौ वर्ष पूर्व अंग्रेजी कलैंडर में केवल 10 माह ही होते थे, लेकिन हिंदू वर्ष कलैंडर में शुरूआत से ही 12 महिनों का जिक्र होता रहा है। बाद में अंग्रेजी कलैंडर में भी 12 महीनों को लागू किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को भारत की प्राचीन सभ्यता के अन्य तथ्यों से भी रूबरू करवाया। कार्यक्रम में गंगा शंकर मिश्र ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका रितिका गुप्ता ने मुख्य वक्ता का आभार प्रकट किया। इस मौके पर अर्चना वर्मा, बलवीर दहिया, शालिनी खुराना आदि मौजूद रहे।

# शोभित आजाद बने महासचिव

**फरीदाबाद।** इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की फाउंडर टीम ने शिक्षाविद् शोभित आजाद को ग्रीवेंस बॉडी के महासचिव का पदभार सौंपते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर शिक्षाविद् शोभित आजाद ने इप्सा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ विमल पाल, संस्थापक चेयरमैन डॉक्टर प्रदीप गुप्ता, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष डॉ राजेश मदान और कानूनी सलाहकार एडवोकेट तरुण अरोड़ा और एडवोकेट अमित जैन का धन्यवाद करते हुए कहा के भविष्य में इपसा के प्रति सभी जिम्मेदारियों का निर्वाह करूंगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष डा. विमल पाल, चेयरमैन डा. प्रदीप गुप्ता तथा महासचिव एवं कोषाध्यक्ष डॉ राजेश मदान ने कहा कि इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की टीम दिन-ब-दिन मजबूत होती जा रही है। आज शिक्षाविद् शोभित आजाद को पदाधिकारी बनाया है। अन्य स्कूल संचालकों को भी एसोसिएशन में जोड़ा जाएगा ताकि उनकी समस्याओं को जिला व प्रदेश स्तर पर निदान हो सकें।

# पानी-सीवरेज के बिल भरने आए लोगों को लौटाया, लोग परेशान

## निगम कर्मी लोगों को ऑनलाइन जमा करवाने की दे रहे नसीहत

**कविता। फरीदाबाद**



पानी और सीवरेज का बिल जमा करवाने आए व्यक्ति को ऑनलाइन बिल जमा करने की बात कहता निगमकर्मी।

**जहां** एक तरफ बजट न होने का रोना नगर निगम द्वारा आए दिन रोया जाता है। वहीं पानी और सीवरेज के बिल कई सालों बाद लोगों तक पहुंचे हैं। ऐसे में नगर निगम में बिल जमा करवाने पहुंच रहे लोग परेशान हो रहे हैं। क्योंकि यहां पानी और सीवरेज के बिल लिए ही नहीं जा रहे हैं। कर्मचारी उन्हें ऑनलाइन बिल जमा करने की बात कहकर लौटा रहे हैं। वहीं वहीं एनआइटी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को प्रोपर्टी आईडी और हाउस टैक्स जमा करवाने के लिए उन्हें सारन थाने के सामने स्थित निगम कार्यालय में भेजा जा रहा है।

निगम डिजीटल इंडिया का बहाना बना कर लोगों से बिल नहीं ले रहा है। ऐसे में लोगों को वहां से बिना बिल जमा करवाये ही लौटते हुए देखा गया।

**ऑफलाइन सुविधा बंद:** सोमवार को नगर निगम में एक बुजुर्ग जवाहर कालोनी से अपना पानी सीवरेज बिल और हाउस टैक्स जमा करवाने नगर निगम पहुंची। पहले उन्हें प्रथम तल पर सीढ़ियों से जाना पड़ा।

वहां उन्हें पानी और सीवरेज के बिल की वेबसाइट बता कर आईडी के जरिये बिल जमा करने को कहा गया। जब बुजुर्ग ने कर्मचारी से प्रोपर्टी आईडी और हाउस टैक्स के बारे में पूछा तो उन्हें सारन थाने के सामने स्थित दफ्तर में जाकर पता करने को कहा गया। बुजुर्ग ने जब कहा कि वह पैसे लाई है, जमा कर लो, ऑनलाइन वह कहा से करवाऐंगी, तो ऐसे में कर्मचारियों ने कहा कि अब पानी और सीवरेज के बिल ऑफलाइन जमा नहीं होते है। आपको ऑनलाइन ही जमा करवाना होगा। जिस पर बुजुर्ग महिला को लौटना पड़ा। इसी तरह से वहां खड़े अन्य कई लोगों को कर्मचारियों ने यही बात कहकर लौटा दिया।

# सड़क सुरक्षा व्यवस्था की उपायुक्त ने की समीक्षा

## सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करना पूरी तरह से सुनिश्चित करें अधिकारी : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करना पूरी तरह से सुनिश्चित करें। वहीं सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जिस विभाग को जो भी दायित्व मिला है। उस विभाग के अधिकारी उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्धारित समय पर पूरा करें। उपायुक्त सोमवार को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों सही पालना के क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

समीक्षा बैठक में आरटीए सचिव, हरियाणा रोडवेज, ट्रांसपोर्ट, पुलिस, वन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियो सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आरटीए सचिव जितेंद्र गहलावत ने बैठक से जुड़े विभिन्न विषयों बारे एक एक करके बारीकी से जानकारी दी। वहीं स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार एवं मेंबर ऑफ पार्लीमेन्ट रोड सेफ्टी कमेटी भारत सरकार के सदस्य एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन और लाइफ फर्स्ट फॉउंडेशन एनजीओ के द्वारा फरीदाबाद, बड़खल और बल्लभगढ़ शहर में सड़क सुरक्षा के प्रबन्धकों और नियमों की पालना करने के लिए चिन्हित स्थानों की वास्तविक जानकारी को विस्तार पूर्वक बतलाया। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें।



समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों के सही क्रियान्वयन दिशा निर्देश देते डीसी विक्रम सिंह।

सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमानुसार सड़क पर लगाई जाने वाली पटिया, ज़ेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रील लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इक्कठा होता है। वहां उन स्थानों को चिन्हित करके उन पर सभी समस्याओं को दूर करें। राष्ट्रीय राज मार्ग पर खड़ी करके बसों में सवारिया बैठाने वाली बसों, शराब के ठेकों के सामने और ऑटो के खिलाफ जाम लगाने की अवस्था में चालान काटना भी सुनिश्चित करें। अगर एजेंसी ने उनके द्वारा बनाई सड़क का सही से रखरखाव नहीं किया तो उनपर कानूनी कार्यवाही करें और स्कूल वेन में बच्चों की संख्या सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार हो। समीक्षा बैठक में डीसी ने वाईएमसीए चौक, बाटा चौक, सीकरी, बल्लभगढ़, बल्लभगढ़ सब्जी मंडी, झाड़सेतली, अजरोंडा चौक व अन्य स्थानों पर एक-एक करके बारीकी से विस्तृत जानकारी लेकर और संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

# संक्षिप्त समाचार

## बीके के कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगा किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** बीके सिविल अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के प्रदेशव्यापी अंदोलन के तहत काले बिल्ले लगाकर रोष प्रकट किया। रोष प्रकट कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना के योद्धा बताकर ताली और थालियां बजवा दीं, लेकिन अब हमें कौशल रोजगार निगम यानी पूरी तरह से ठेकेदारी में डाल दिया गया है। जिसे भंग कर सभी कर्मचारियों को विभाग के रोल पर करने, समान काम-समान वेतन देने, सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व अन्य मांगों को लेकर काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन किया। इस विषय में मौके पर मौजूद कर्मचारी नेता सुभाष लाम्बा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वन थर्ड ही स्वास्थ्य कर्मचारी रेगुलर हैं और बाकि कौशल रोजगार निगम में हैं। कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा भी नहीं है। जिस काम को करते हैं, वह विशेषज्ञ हो जाते हैं। कोविड में जिस तरह से मरीजों को बचाने के लिए काम किया, उस तरह से उन्हें पक्का किया जाए। अगर पक्का न किया जाए तो उन्हें समान काम-समान वेतन देना चाहिए।

## राजकीय विद्यालय डीग ने प्राप्त किया स्वच्छता पुरस्कार



**फरीदाबाद।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जिलास्तर पर मनाए जा रहे स्वच्छता अभियान 2022 का जिला अधिकारी कार्यालय फरीदाबाद में जिले के विद्यालयों का निरीक्षण कर स्वच्छ विद्यालयों का चयन किया गया। जिसमें राजकीय माध्यमिक विद्यालय डीग को स्वच्छता विद्यालय का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक समर देशवाल को जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी ने सम्मानित करते हुए कहा कि समर देशवाल पर हमें गर्व है। देशवाल जिस भी स्कूल में कमान संभालते हैं। उसे चार चांद लगा देते हैं। डींग स्कूल की जब से कमान संभाली है, तब से स्कूल की काया ही पलट दी है। तब से स्कूल उन्नति की ओर लगातार अग्रसर है। इस अवसर पर मुख्याध्यापक समर देशवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी व उपस्थित सभी शिक्षा अधिकारियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में आपसी सहयोग से ओर अधिक मेहनत व लगन से स्कूल को हर क्षेत्र में चमकाएंगे व चार चांद लगाएंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन बलबीर शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीआरपी कमल चौधरी बल्लभगढ़, सुषमा सचदेवा फरीदाबाद, पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी, अंजू चौधरी एपीसी सहित उपस्थित सभी शिक्षा अधिकारियों ने मुख्याध्यापक समर देशवाल के कार्यो की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यापिका सरला व विद्यालय के अध्यापक रघु शास्त्री एवं अन्य प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक, अध्यापकगण, समाजसेवी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## रहस्यमय हालत में एक दिव्यांग ऑटो चालक झुलसा



**फरीदाबाद।** सरूरपुर इलाके में रहने वाला एक दिव्यांग ऑटो चालक रहस्यमय हालत में 80 प्रतिशत झुलस गया। उसे इलाज के लिए बीके अस्पताल लाया गया। लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया है। झुलसे व्यक्ति ने डॉक्टर को बताया कि दोस्त द्वारा थप्पड़ मारने से वह परेशान था। इसलिए उसने पेट्रोल डाल कर खुद को आग लगा ली। जबकि परिजन इसे हादसा बता रहे हैं। सरूरपुर निवासी गजराज ने बताया कि उनका बेटा राजू दोनों पैरों से दिव्यांग है और ऑटो चलाने का काम करता है। उसका ऑटो सीएनजी के साथ पेट्रोल से भी चलता है। सोमवार को ऑटो में सीएनजी खत्म होने पर वह बोतल से ऑटो में पेट्रोल डाल रहा था। तभी अचानक ऑटो में आग लग गई। दिव्यांग होने के कारण वह भाग नहीं सका और झुलस गया। पता चलने पर राजू को उसका भाई ललित बीके अस्पताल ले गया। बीके अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान राजू ने ड्यूटी डॉक्टर मनीष दयाल को बताया कि उसके एक दोस्त ने उसे थप्पड़ मार दिया था। जिससे वह काफी बेइज्जती महसूस कर रहा था। उसे रात भर नींद नहीं आई और यह बात याद आती रही। इसी हताशा में उसने अपने ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा ली। फिलहाल दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में राजू का इलाज हो रहा है।

## कोरोना के 10 मरीज आए पॉजिटिव

**फरीदाबाद।** शहर में एक बार फिर कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ गया है। सोमवार को जिले में 10 नए मरीजों के आने की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की है। राहत की बात यह है कि सात पॉजिटिव मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 55 पर पहुंच गया है। जिसमें दो मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है, तो वहीं 53 मरीजों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। जिले में सैम्पलिंग बढ़ाई है। जिसके तहत पिछले 24 घंटों में 205 सैम्पल जांच किए गए। जिसमें निजी प्रयोगशालाओं में लिए गए 35 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

## पाली डंपिंग यार्ड का समाधान किया जाएगा : गुर्जर



**फरीदाबाद।** केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पाली गांव में नगर निगम के डंपिंग यार्ड की समस्या का समाधान आपसी सहमति के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों के साथ भी मीटिंग की जाएगी। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर सोमवार को लघु सचिवालय में पाली गांव से आए गणमान्य लोगों के साथ समस्या के समाधान को लेकर चर्चा कर रहे थे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि पाली गांव की समस्या को लेकर कुछ ग्रामीण उनसे मिले थे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को समझा है और इसी बात को लेकर आज सभी गणमान्य लोगों को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मीटिंग में ग्रामीणों की समस्या को सुना गया है। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान आपसी सहमति के साथ निकाला जाएगा। मीटिंग में उपायुक्त विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया और पाली गांव के मौजिज लोग मौजूद थे।

## सेक्टर-55 के आदर्श विद्यालय को मिला पुरस्कार



**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ मुनेश चौधरी द्वारा पांच सितारा दर्जे के साथ स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार दिया गया। विद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक देसराज व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य गुरमीत सिंह देयोल ने संयुक्त रूप से यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ चौधरी ने कहा कि स्वच्छता में ही सरस्वती का निवास होता है। स्वच्छ विद्यालय विद्यार्थियों और अभिभावकों को अनायास ही आकर्षित करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत ने बताया कि, विद्यालय को स्वच्छ रखने में जहां अध्यापकों, विद्यार्थियों व सहयोगी कर्मियों का सहयोग रहता है। वहीं प्रबंध समिति की अध्यक्षा नीरु पाल के नेतृत्व में सरदार जोगिंदर सिंह चानी, गुरमीत सिंह देओल, ओमबीर सिंह, गुरदीप सिंह, सत्यवीर शर्मा आदि का विशेष योगदान रहता है। देओल ने बताया कि आज भी पूरा विद्यालय परिसर पीले फूलों से महका हुआ है।

# आचार्य महाश्रमण फिजियोथैरेपी जैसे सेंटर चलाए जा रहे पूरे देश में : विधायक सिंगला

## सुधीर सिंगला ने कहा, संस्था का मानवतावादी विचार ऐसे ही फैलता रहे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल की ओर से शुरू किए गए आचार्य महाश्रमण फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने महिला मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह अच्छा प्रयास है। इस अवसर पर जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल गुरुग्राम की अध्यक्ष रूबी बापना, मंत्री पूनम जैन, पुष्प, अनिल जैन मंजू भूतोरिया, सुनीता जैन, शिल्पी बेद, कुसुम, जैन समाज के वरिष्ठजन अशोक जैन, अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष समेत अनेक लोगों की यहां उपस्थिति रही।



**जैन श्वेतांबर की ओर से बनाए गए फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला। फीता काटने के दौरान साथ खड़े अन्य लोग।**

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि वर्ष 1966 से कन्याओं, महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए यह संस्था काम कर रही है। इसके लिए सभी महिलाएं बधाई की पात्र हैं। संस्था के कार्यों को उन्होंने देखा है और यह कह सकते हैं कि यह भी मानवता की सच्ची सेवा है। संस्था समाज उत्थान के लिए काम कर रही है। जब उन्हें बताया गया कि इस तरह से फिजियोथैरेपी सेंटर देशभर में चलाए जा रहे हैं, इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि संस्था समाजसेवा के जिस मार्ग पर चल रही है, आगे और भी अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए आमजन को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाएं। संस्था का मानवतावादी विचार ऐसे ही फैलता रहे।

अपने पिता स्वर्गीय सीताराम सिंगला जी की प्रेरणा को साझा करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि उन्होंने बचपन से ही हमें समाजसेवा और लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। विधायक बोले, आज मैं भी राजनीतिक के जरिये समाज की सेवा में लगा हूं। पिछले साढ़े तीन साल में कोरोना के भयानक समय में जब लोग घरों पर थे तो वे सड़कों पर निकलकर समाजसेवी संस्थाओं के साथ लोगों को भोजन, राशन, दवाइयां आदि पहुंचाने के साथ सेवा में लगे लोगों का हौंसला बढ़ा रहे थे।

इस तरह की सेवा भावना उन्हें विरासत में मिली है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम के विकास के लिए भी लगातार प्रयास जारी रखा है। छोटे से छोटे और बड़े से बड़े काम को बराबर मानकर किया है। इसी का परिणाम है कि आज गुरुग्राम शहर में सड़कों का जाल बिछ चुका है। अनेक फ्लाईओवर, अंडरपास, सामुदायिक भवन, खेलों का विकास, सेक्टर-52 में कन्या कालेज, सेकटर-14 कन्या कालेज में छात्रावास समेत सैंकड़ों पूर्ण हो चुके हैं। विधायक ने यह भी कहा कि काम अभी पूरे नहीं हुए हैं। बहुत से काम चल रहे हैं और बहुत से पाइपलाइन में हैं। सभी कार्य पूर्ण होंगे।

# भाजपा के विभाग, प्रकोष्ठ, मोर्चा के पदाधिकारियों की हुई बैठक



**गुरुग्राम में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक लेती जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।**

**गुरुग्राम।** जिला अध्यक्ष गागीज़ कक्कड़ की अध्यक्षता में विभाग, प्रकोष्ठ, के संयोजक सहसंयोजक एवं मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं महा मंत्रियों की एक बैठक भाजपा जिला कार्यालय गुरु कमल पर संपन्न हुई।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सभी विभाग, प्रकोष्ठ एवं मोर्चा के द्वारा किए कार्यक्रम की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी अपनी अपनी अपनी कार्य समिति एवं मंडलों की कार्यसमिति को सरल पोर्टल पर रजिस्टर्ड करें। ताकि सभी कार्यकर्ताओं का डाटा अपडेट हो सके। आप सभी को अपने अपने पन्ने का प्रमुख भी बने। आगामी नगर निगम चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना में तेजी लाए। बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव कार्टरपुरी, जिला उपाध्यक्ष ज्योति डेंबला, स्थानीय निकाय के जिला संयोजक कलदीप यादव, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, जयवीर यादव, सुन्दर लाल सरपंच, प्रवीण पाहुजा, मनमीत वालिया, हनीश आहूजा, संजय सिंगला, पूजा शर्मा ,नरेश निमवाल, विपिन जयसवाल, मुकेश कौशिक, गंगा सिंह नेगी, नीरज यादव, हिम्मत राय समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गो रक्षा हिंदू दल ने गुरुग्राम में बनाए पदाधिकारी



**हिमांशु।**

**गुरुग्राम।** गो माता की हालत को देखते हुए गो रक्षा हिंदू दल ने अपने संगठन को मजबूत करने का काम किया है। इसके लिए गुरुग्राम जिला उपाध्यक्ष तथा महासचिव नियुक्त किये गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद नागर के निर्देशानुसार, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष केशव गुर्जर की सलाह पर द्रोणाचार्य कालेज गुरुग्राम के छात्र हिमांशु को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हिमांशु के पदाधिकारी नियुक्त करने के कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव गुर्जर, हरियाणा प्रदेश प्रभारी केशवदेव बाडोली समेत अनेक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। शुभम राजपूत को जिला महासचिव, मनीष ठाकरान, विष्णु गुर्जर, विनय यादव, रोहित ठाकरान को जिला सदस्य नियुक्त किया गया है।

### अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार समेत दो गिरफ्तार

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस ने रविवार को दो बदमाशों को अवैध हथियार समेत अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। एक के पास से दिल्ली से चोरी की गई बाइक भी बरामद हुई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफशहर थाना में मामलें दर्ज कराएं गए है। सोहना शहर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को अपराध शाखा पांच पुलिस की दो गठित टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारते हुए दो बदमाशों का गिरफ्तार किया है। हवलदार सोनू ने शहर के बालूदा मार्ग मोड़ पर गुरुग्राम फेस-1 थाना के अंर्तगत आने वाला गांव बंधवाड़ी निवासी विपिन को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस को तलाशी के दौरान एक अवैध हथियार बरामद हुआ है। जिसके अंदर कोई कारतूश नहीं था। दूसरे बदमाश को एएसआई बलजीत ने नूंह जाने वाले मार्ग पर गांव रायपुर नाके पर वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार किया। जिसके पास से तलाशी में एक देशी कट्टा व जिंदा राउंड मिला। गिरफ्तार बदमाश की पहचान भूपेन्द्र जिला भरतपुर राजस्थान निवासी के रुप में हुई है। भूपेन्द्र पुलिस पूछताछ में पकड़ा गया हथियार व बाइक को कोई भी कागज पेश नहीं कर सका।

### अवैध शराब बेचने वाला एक युवक गिरफ्तार

**सोहना।** शहर चौकी पुलिस ने वार्ड-17 में धार्मिक स्थल मंदिर के पीछे बैठकर अवैध शराब बेचने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से तलाशी में 200 देशी शराब के पव्वे बरामद हुए है। एएसआई अमीचंद ने बताया कि आरोपी संस्कार उर्फ नोनू वार्ड-17 में बना बाल्मिकी मंदिर के पीछे बैठकर प्लास्टिक के कट्टा में रखकर शराब बेच रहा था। संस्कार उर्फ नोनू को अवैध शराब समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### 5.110 किलोग्राम गांजे सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुन्दर सिंह की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अफसर अली है। आरोपी फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-58 एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाश लेने पर आरोपी से 5.110किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गांजा बेचने का काम अधिक पैसे कमाने के लालच में शुरू किया था। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए के लिए अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भजा जाएगा।

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुन्दर सिंह की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने गिरफ्तार आरोपी का नाम बमबम बताया है आरोपी मूल रूप से बिहार के रोहताश जिले के गांव मंगराम का तथा हाल फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी सेक्टर 58 का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-58 के एरिया समयपुर चुंगी से काबू किया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी से कट्टे के संबंध में लाईसेंस पेश करने की बात कहने पर आरोपी लाईसेंस पेश नहीं कर पाया तो आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# प्रशासन का दावा, गुरुग्राम में ई-टेंडरिंग के पक्ष में उतरी 127 ग्राम पंचायतें



**गुरुग्राम में विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ ग्राम सचिवों की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।**

**गुरुग्राम।** जिला की ग्राम पंचायतों ने ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए हरियाणा सरकार की ई-टेंडर व्यवस्था में रुचि दिखाई है। जिला की 127 ग्राम पंचायतों ने रेजोल्यूशन पास करके ई-टेंडर व्यवस्था के माध्यम से विकास कार्य करवाने की सहमति दी है। यह दावा सोमवार को जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने किया।

जिला की पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के लिए डीसी निशांत कुमार यादव ने ग्राम सचिवों की बैठक ली। बैठक में ग्राम पंचायतों में ई टेंडरिंग के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों सहित शिव धाम योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने ग्राम सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों में पांच लाख से अधिक राशि के विकास कार्य ई टेंडरिंग के माध्यम से करवाने के निर्देश दिए है। ऐसे में सभी ग्राम सचिव मार्च माह के अंत तक प्रत्येक पंचायत से पांच लाख से अधिक राशि के विकास कार्यों का रेजोल्यूशन पास करवाकर उसका एस्टीमेट तैयार करवाएं। इसके बाद संबधित एस्टीमेट को ई टेंडरिंग प्रक्रिया के तहत आगे भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पंचायत से कम से कम दो विकास कार्य ई टेंडरिंग के लिए भेजे जाएं। बैठक के दौरान जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला की 157 ग्राम पंचायतों में से 127 ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के रेजोल्यूशन पास हो चुके हैं। जिसमें से 53 विकास कार्यों के टेंडर लगाए गए हैं। इसी क्रम में 11 विकास कार्यों के टेंडर फ्लोट हो चुके हैं। बैठक के दौरान डीसी ने शिव धाम योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना को लेकर सरकार पूर्णत: गंभीर है। योजना के तहत प्रदेश की सभी श्मशान भूमि पर चार मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने का पानी, टीन शेड, पक्की चारदीवारी सहित श्मशान घाट तक पहुंचने का पक्का रास्ता बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी शिव धाम यानी शमशान घाट पर यह चारों सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने तीन माह का लक्ष्य निर्धारित किया है। ऐसे में सभी ग्राम सचिव योजना के तहत किए जाने वाले विकास कार्यों की अगले 15 दिनों में जिला की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। डीसी ने कहा ग्राम सचिव की रिपोर्ट के आधार पर सभी शमशान घाट पर यह विकास कार्य करवाए जाएंगे। विकास कार्यों की जांच के लिए प्रत्येक दस से बारह शमशान घाट पर एक एचसीएस स्तर के अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# ब्याज माफी योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं ने दिखाया जोश

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बिजली** निगम की ब्याज माफी योजना का लाभ लेने के लिए बकायेदार उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगने लगी है। सोमवार को 150 उपभोक्ताओं ने बाकाया बिजली बिल जमा कराया।

बिजली निगम की ब्याज माफी योजना के आखिरी सप्ताह में लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं में जोश आ गया है। सोमवार को सुबह 9 बजे ही बिल जमा करने वाले काउंटर पर उपभोक्ताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई। जैसे जैसे दिन बीतता गया। वैसे वैसे ही बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की लाइन बढ़ती चली गई। सोमवार को 150 के करीब उपभोक्ताओं ने ब्याज माफी का लाभ लेते हुए बिल जमा करे। निगम को उपभोक्ताओं से सोमवार को कुल 17 लाख 96 हजार रुपये वसूल हुए। जिसमे से 3लाख 82 हजार रुपये का ब्याज माफ हुआ।

## 'तीन दिन में साढ़े 24 लाख आए'

**बिजली** निगम ने ब्याज माफी योजना का उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अवकाश वाले दिन में कार्यालय खोलकर रखा। शनिवार को 44 उपभोक्ताओं द्वारा 6 लाख 45 हजार रुपये जमा कराए थे। जिसमें 85 हजार रुपये उपभोक्ताओं को ब्याज माफकिया था। रविवार को मात्र 3 ही उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाते हुए बकाया बिल जमा किया था। बिजली निगम को बीते तीन दिन में कुल 24 लाख 41 हजार बकाया बिल आया। जिसमें से निगम ने करीब 210 उपभोक्ताओं का 4 लाख 67 हजार रुपये ब्याज माफकिया।



**सोमवार को बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की लगी लंबी लाइन।**

## 'योजना के चार दिन शेष'

**बिजली** निगम की ब्याज माफी योजना के 4 दिन शेष रह गए है। योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से एसडीओ कार्यालय से बकायादार उपभोक्ताओं को फोन करके जानकारी दी जा रही है। एक दिन में 300 से 350 उपभोक्ताओं को फोन किया जा रहा है।

# एसजीटी विश्वविद्यालय के गुलाम हुसैन इस वर्ष आईपीएल में करेंगे कमेंट्री

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आगामी 31** मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में एसजीटी यूनिवर्सिटी में कार्यरत क्रिएटिव डायरेक्टर गुलाम हुसैन रिजवी आईपीएल में कमेंटेटर की भूमिका अदा करेंगे।

एसजीटी यूनिवर्सिटी फैकल्टी ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी में कार्यरत गुलाम हुसैन रिजवी अपनी मातृभाषा भोजपुरी में कमेंट्री करेंगे। इस आईपीएल का पहला मैच गुजरात जाएंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। यह घोषणा पूरी मीडिया इंडस्ट्री और आईपीएल फैंस में चर्चा का विषय बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि एसजीटी यूनिवर्सिटी द्वारा गुलाम हुसैन रिजवी को प्रतिभा निखारने के पूरे अवसर दिए गए। एसजीटी विश्वविद्यालय में कार्य करते हुए वह हॉलीवुड, बॉलीवुड, भोजपुरी तथा डॉक्यूमेंट्री में वॉयस ओवर कर चुके हैं। रिजवी में कार्टून चरित्र की नकल करने की गजब की क्षमता है। गुलाम रिजवी का मानना है कि उनके अंदर की प्रतिभा तथा वॉयस ओवर के प्रति उनके जुनून के कारण ही यह संभव हो पाया है।



**गुलाम हुसैन।**

वह अमीन सयानी, शम्मी नारंग और विश्वास कपूर से प्रेरित होकर इस लाइन में आए। रिजवी को 26 फरवरी को पता चला कि उनका चयन आईपीएल में हो गया है। उनके चयन को लेकर उनकी माता शमशाद बेगम और पिता मुहम्मद अजीमुद्दीन काफी खुश नजर आए और उन्होंने बताया कि गुलाम हुसैन रिजवी को क्रिकेट खेलने का बहुत शौक था। वह चाहते थे कि गुलाम हुसैन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेलने का मौका मिले या ना मिले लेकिन आईपीएल में कमेंट्री जरूर कर पाए।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेन्द्र कादयान के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-58 की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिहं ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम विवेक है।

आरोपी फरीदाबाद की इंद्रा कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी को थाना पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त में सेक्टर-56 के एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी से पिस्तौल के संबंध में लाईसेंस पेश करने की बात कही तो आरोपी लाईसेंस पेश नही कर पाया।

# स्वच्छता उत्सव: दो दिन में किया एक टन से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित

## स्वच्छ उत्सव के अंतर्गत दिया स्वच्छता का संदेश

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम के नेतृत्व में स्वच्छ उत्सव कार्यक्रम से शहर के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने का कार्य कर रहा है। सप्ताह के अंत में 29 बीडब्ल्यूजी/ सोसायटी ने पर्यावरण के प्रति महिलाओं के नेतृत्व वाली पहल और शून्य अपशिष्ट अंतरराष्ट्रीय दिवस का उत्सव मनाने के लिए भाग लिया। यह कार्यक्रम 30 मार्च 2023 को नगर निगम द्वारा आयोजित किया जाना है।

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (एसबीएम) डॉ. नरेश कुमार और उनकी स्वच्छ भारत मिशन की टीम (एचएमएस) ने इन सोसायटी का दौरा किया। वहां के निवासियों, बच्चों, हाउस हेल्प और हाउस कीपिंग स्टाफ को जीरो वेस्ट सोसाइटी की स्थिति तक पहुंचने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। बीडब्ल्यूजी/सोसायटियों ने जीरो वेस्ट लाइफ स्टाइल की भावना का उत्सव मनाने के लिए विभिन्न अभिनव गतिविधियों को अंजाम दिया। सफाई की बात करें तो दो दिनों में कुल मिलाकर 1 टन से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्र किया गया और रीसाइक्लिंग के लिए भेजा गया।



**नगर निगम की ओर से स्वच्छता उत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।**

बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिताओं, नुक्कड़ नाटक, स्किट आदि के माध्यम से भाग लिया। हाउस हेल्प और हाउसकीपिंग स्टाफ को प्रशिक्षण और प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से शामिल किया गया, और वयस्कों को उत्पादक चर्चाओं और अलगाव के स्तर को और बेहतर बनाने के माध्यम से शामिल किया गया। सभी आयोजनों के दौरान, प्रतिभागियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार के लिए साथ मिला और एक्सचेंज में उन्हें गीले कचरे से बने कम्पोस्ट का उपयोग करके पौधे लगाने के लिए दिए गए। एकत्र किए गए एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को घटना के पुनर्चक्रण भागीदार मैक्स एक्सचेंज द्वारा एकत्र किया गया था। स्वच्छ उत्सव में जिन सोसायटी ने भाग लिया, उनमें देविंदर विहार, कैसल, जल वायु टॉवर, लायंस अपार्टमेंट, मरीनर्स अपार्टमेंट, पार्क व्यू अपार्टमेंट, ओलिव हाइट्स, गुलमोहर अपार्टमेंट, लिनेस क्लब संपूर्णा, समन्वय, टेक्नोक्रेट, लैंडमार्क, मेफील्ड गार्डन-ब्लॉक बी, रेल विहार, अनुभूति वेलफेयर एसोसिएशन, हेवो 1, रामप्रस्थ, केन्द्रीय विहार, पार्क व्यू स्पा नेक्स्ट, टाटा रायसीना, डीएलएफ अरलियास, सनसिटी, द आईवीवाई, द आइकॉन, एम्मार इंपीरियल गार्डन, तक्षशिला हाइट्स, सीएचडी एवेन्यू, पारस आइरीन, ला लगुने शामिल है। इस तरह की गतिविधियों और एमसीजी के वरिष्ठ अधिकारियों, गुरुग्राम के निवासियों और अपशिष्ट प्रबंधन एजेंसियों और रिसाइकलरों की सक्रिय भागीदारी से, वह दिन दूर नहीं जब शहर स्वच्छता में नंबर-1 और जीरो वेस्ट गुरुग्राम का दर्जा हासिल कर लेगा।

# लियो 1 से उच्च-स्तरीय स्कूलों में पढ़ना हुआ आसान




**नई दिल्ली।** अब आपका बच्चा शहर के नामी और सर्वश्रेष्ठ स्कूल/कॉलेज में आसानी से शिक्षा प्राप्त कर सकता है। यह मुमकिन किया है देश के तेजी से बढ़ते एडु-फिनटेक स्टार्टअप लियो1 (लियो वन ) ने। इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा द्वारा प्रचारित यह स्टार्टअप देश में लगभग 30 लाख से अधिक बच्चों को एजुकेशन फीस फाइनेंसिंग की सुविधा प्रदान कर रहा है और 13,000 से ज्यादा एजुकेशन इंस्टीटूशन्स इस स्टार्टअप के नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। फीस फाइनेंसिंग की इस सुविधा के अंतर्गत, लियो1 (एलईओवी) आपके बच्चे की पूरे साल भर की फीस स्कूल को एक बार में दे देता है और पेरेंट्स इस फीस का आसान मासिक किश्तों (जीरो कॉस्ट ईएमआई) में भुगतान कर सकते है वो भी बिना किसी अतिरिक्त ब्याज के। इसके साथ ही लियो1 (एलईओ-1) से फीस फाइनेंस की सर्विस लेने पर यह बच्चों का एक इन्सुरेंस (बीमा) भी करता है। जिससे पेरेंट्स के साथ कोई भी अनहोनी होने पर यह बच्चों की पूरी फीस कंपनी देती है ताकि पढाई पर कोई रूकावट न आये। लियो1 (एलईओ-1) के संस्थापक और मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित गजभिये ने बताया कि हमारा उद्देश्य देश के हर बच्चे तक क्वालिटी एजुकेशन पहुंचाना है और यही हर पेरेंट्स का सपना होता कि उसका बच्चा अच्छे से अच्छे स्कूल/कॉलेज में शिक्षा ले। लेकिन यह कुछ सीमित परिवारों तक ही संभव हो पाता है, क्योंकि इसमें सबसे बड़ी बाधा बड़े स्कूलों की फीस होती है। हमने लियो1 में पेरेंट्स कि इसी समस्या का हल निकाला है और हमारे साथ जुड़कर वो अपने बच्चों कि फीस का आसान मासिक किश्तों पर बिना किसी अतिरिक्त ब्याज से चुका सकते है और यह उतना ही सरल है जैसे आप कोई मोबाइल/टीवी या फ्रिज फाइनेंस कराते है। कंपनी ने इसके साथ ही अपनी तरह का पहला मल्टीपर्पस एजुकेशन कार्ड लियो1 कार्ड भी बच्चों के लिए बनाया है जिससे वो अपनी फीस भर सकते हैं, टूशन फीस भर सकते हैं, कोई ऑनलाइन कोर्स खरीद सकते हैं या फिर स्कूल/कॉलेज कि अन्य तरह की एक्टिविटी का पेमेंट भी कर सकते हैं। हर पेमेंट पर रिवॉर्ड पॉइंट्स भी मिलते हैं। जिन्हें आप अपने नेक्स्ट ट्रांसक्शन में उपयोग कर सकते हैं।

# 5.53 ग्राम स्मैक सहित आरोपी को थाना पल्ला की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेन्ट्रल मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलो में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना पल्ला प्रबंधक की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अजय कुमार (30) है आरोपी नई दिल्ली के मीठापुर का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम ने अपने सूत्रो से प्राप्त सूचना से थाना पल्ला के एरिया इस्माईल पुर चौक के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 5.53 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। आरोपी को खिलाफ थाना पल्ला में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर से किसी अनजान व्यक्ति से 3200/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी 500रु की पुडिया के हिसाब से स्मैक को बेच राहा था। आरोपी ऑटो चलाने का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# मांगों को लेकर आयुष्मान कर्मियों ने दिया अनिश्चितकाल के लिए धरना



**सोहना के नागरिक अस्पताल में अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठे आयुष्मान कर्मी।**

**सोहना।** आयुष्मान योजना से जुड़े कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरना पर बैठे कर्मियों ने मांगें पूरी न होने तक हड़ताल और धरना जारी रखने का ऐलान किया है। सर्व कर्मचारी संघ आयुष्मान कर्मचारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रहा है।

सोमवार को नागरिक अस्पताल में एसएमओ कार्यालय के बाहर आयुष्मान कर्मचारी नितिन गुनावत की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठ गए। धरना में सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता प्रेमपाल व संघ से जुड़ें वरिष्ठ कार्यकर्ता जवाहर भी धरना पर बैठ गए। धरना में शामिल पांच कर्मचारियों में दो महिला कर्मचारी शिवानी और कांता भी शामिल थी। यें दोनों महिला कर्मचारी गुरुग्राम से सोहना में एक मात्र आयुष्मान कर्मी नितिन गुनावत के साथ धरना में शामिल होने पहुंची है। अपनी मांगों को लेकर नितिन गुनावत ने बताया कि आयुष्मान का कर्मचारी 5 हजार रुपये मासिक वेतन पर पूरे 24 घंटा काम कर रहा है। जबकि आशा वर्कर से लेकर अस्थाई रुप से लगे अन्य कर्मचारियों को 15 से 18 हजार रुपये का वेतन मासिक मिल रहा है।

उन्होने कहा कि सभी अस्थाई कर्मियों के सामान उनका वेतन समेत अन्य सुविधाएं दी जाए। उनके कार्य करने का समय भी निश्चित होना चाहिए। उनकी मांगों को जब तक नहीं माना जाता है। आयुष्मान कर्मी बिना कामकाज किए हड़ताल पर रहेगा। आयुष्मान कर्मी अपने स्थान पर अन्य किसी कर्मी का कार्य भी नहीं करने देंगे। सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता प्रेमपाल ने बताया कि सरकार कर्मचारियों को दबाकर रखना चाहती है। आज अस्थाई कर्मी बंधवा मजदूर की भांति कार्य कर रहा है। लेकिन उसक कार्य करने का पूरा मेहताना भी नहीं मिल रहा है।

# स्वास्थ्य विभाग का कोटला सब सेंटर खुद बीमार


कोटला गांव का सब सेंटर बदहाल।

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**अरावली** की तलहटी में बसे नूह विधानसभा के ऐतिहासिक कोटला गांव में कांग्रेस सरकार में करीब 10 साल पहले लाखों रुपये की कीमत से बने स्वास्थ्य विभाग के सब सेंटर में किसी कर्मचारी का पैर तक नहीं पड़ा है, ड्यूटी तो बहुत दूर की बात है। सब सेंटर का उद्घाटन तो कांग्रेस सरकार में कर दिया गया, लेकिन इससे ग्रामीणों को खास लाभ नहीं हुआ। हां, इतना जरूर है कि कुछ शरारती तत्व व बच्चे इस लाखों की कीमत से बने भवन में शौच कर ओडीएफ अभियान की हवा निकाल रहे हैं। कमरों में दवाई, गोली, फर्नीचर की बजाय गंदगी की भरमार है। लोहे का गेट, जंगला, शीशे, दरवाजे, फर्श, दीवार देखरेख के अभाव में जर्जर हो रहे हैं। गांव की आबादी तकरीबन 6 हजार है। आसपास के गांव को भी इस सब सेंटर से लाभ देने की योजना थी, लेकिन आसपास के गांव तो दूर कोटला गांव के लोगों को भी यह सेंटर सफेद हाथी साबित हो रहा है। कोटला गांव में अरावली की चोटी से झरना आज भी बहता है तो फिरोजशाह कोटला ने भी इस गांव कोटला गांव सब सेंटर बदहाल। में मस्जिद और किला दोनों बनवाए थे। ऐतिहासिक गांव कोटला के लोगों को अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा या फिर नल्हड मेडिकल कालेज में तकरीबन 15 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। ग्रामीणों को आने-जाने के लिए अपने साधन के अलावा कोई दूसरा चारा नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की बदइंतजामी और स्टाफ की कमी से जिले के लोग खासे परेशान हैं। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के बड़े-बड़े दावे कर रहे हों, लेकिन इस सब सेंटर की तस्वीरों को जरा ध्यान से देखना चाहिए। उसके बाद फिर सोच समझ कर नूह जिले के कोटला और आसपास के गांवों के लोगों के लिए कोई पुख्ता भरोसा दिलाना चाहिए। ये तो सिर्फ एक ये सब सेंटर की कहानी है। जिले में बहुत सारे करीब 50 से अधिक ऐसे सब सेंटर हैं, जहां कर्मचारी ही नहीं हैं। लोग बेरोजगार घूम रहे हैं, लेकिन हजारों पद खाली पड़े हुए हैं। सरकार झोलाछाप डॉक्टरों पर लगाम लगाने की बात तो करती है, लेकिन पहले अपने गिरेबां में भी झांककर देखना होगा कि लोगों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने संसाधन उपलब्ध कराए हुए हैं या लोग मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने को मजबूर हैं। यही वजह है कि लोग झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि कोटला सब सेंटर की सुध ली जाए ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें।

# भाजपा जिला पार्षद तौफीक ने किया टिकट मिलने पर कमल खिलाने का दावा

## वार्ड नंबर 25 से जिला पार्षद ने पुन्हाना विस से लड़ने की बात कहीं

**रिजवान कासिम।** मेवात


तौफीक हिंगनपुर भाजपा जिला पार्षद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

**भारतीय** जनता पार्टी के टिकट पर वार्ड नंबर 25 से जिला पार्षद चुने गए तौफीक हिंगनपुर ने पुनहाना विधानसभा से पार्टी द्वारा टिकट दिए जाने पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। जिला पार्षद तौफीक हिंगनपुर ने कहा कि जिस तरह जनता ने उन्हें जिला पार्षद का चुनाव पार्टी सिंबल पर जिताया है। अगर पार्टी ने भरोसा जताया और उन्हें टिकट दिया तो पुनहाना विधानसभा में कमल खिलाने का काम किया जाएगा।

जिला पार्षद तौफीक हिंगनपुर ने पुनहाना विधानसभा से कांग्रेस विधायक मोहम्मद इलियास पर करारा हमला करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें पुनहाना से अपना प्रतिनिधि चुना था। ना तो वह क्षेत्र की बात विधानसभा सत्र में उठाते हैं और अब फिरोजपुर झिरका से चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। यह जनता के साथ धोखा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायकों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर अपने करीबियों को पानी की पाइप लाइन इत्यादि दबाने के ठेके दिलवाए। उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना का लाभ आमजन को सही तरीके से नहीं मिल पा रहा है। इस मामले की शिकायत उन्होंने प्रदेश सरकार से की है। जिला पार्षद ने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा लगाए गए ठेकेदारों को ऑफलाइन दिए गए। जिसकी वजह से यह सारा गोलमाल किया जा रहा है। उन्होंने तो यहां तक कहा कि एक टूटी को ही कई के घरों में लेकर अधिकारी लगाने का दिखावा करते हैं। जिला पार्षद तौफीक हिंगनपुर ने कहा कि बेमौसम बरसात से क्षेत्र में गेहूं इत्यादि फसलों में नुकसान हुआ है। उसकी गिरदावरी कराकर मुआवजा देने का भरोसा प्रदेश के यशस्वी व ईमानदार मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दे दिया है। उनकी पार्टी के नेताओं ने भी क्षेत्र का दौरा कर खराब हुई फसलों का जायजा लिया है। जिला पार्षद तौफीक हिंगनपुर ने कहा कि सरकार ने जिला परिषद की पावर बढ़ाकर सराहनीय काम किया है। पहली बार जिला पार्षद करोड़ों रुपए के विकास अपने क्षेत्रों में करा रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि वार्ड नंबर 25 में उन्होंने पंचायत एवं विकास मंत्री देवेंद्र सिंह बबली को तकरीबन 5 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का मांग पत्र दिया था। जिसके एस्टीमेट तैयार कराकर चंडीगढ़ भेजे जा चुके हैं। जल्दी ही उनकी राशि स्वीकृत हो जाएगी। इनमें ख्वाजलीकलां, शिकरावा, हिंगनपुर, ओथा इत्यादि गांव शामिल हैं। जिला पार्षद तौफीक हिंगनपुर ने न केवल पुनहाना विधानसभा से टिकट मिलने पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है बल्कि मौजूदा कांग्रेसी विधायक पर भी तीखे हमले कर इलाके के राजनीतिक माहौल को गर्म करने का काम कर दिया है। तौफीक जिला पार्षद ने कहा कि उन्होंने इलाके के लोगों के बीच जाकर मेहनत शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया माड़ीखेड़ा अस्पताल पहुचाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**पुनहाना** - जुरहेडा रोड खेड़ा पुल पर सवारी के इंतजार में खड़े 30 वर्षीय व्यक्ति को ईको कार की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया माड़ीखेड़ा अस्पताल पहुचाया गया । पुनहाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है और इको कार को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल इको कार चालक फरार है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक देर शाम पुनहाना जुरहेडा खेड़ा गांव के पुल पर सवारी के इंतजार में खड़े जेमत गांव के रहने वाले रूकमुद्दीन उम्र 30 वर्ष को ईको गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद रूकमुद्दीन को ईको गाड़ी ने लगभग 100 फुट रोड पर घसीटा जिससे रुकमुद्दीन पुरी तरह से कुचल गया और मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और परिजनों को सूचना दी । सूचना मिलने पर जेमत गांव से मृतक रुकमुद्दीन के परिजन व बिछोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा पहुंचाया। हादसे के बाद इको चालक ने भागने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों की मदद से इको गाड़ी सहित चालक को धर दबोचा । कुछ देर बाद चालक को छोड़ दिया गया लेकिन पुलिस ने इको गाड़ी को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक रूकमुद्दीन मेहनत मजदूरी कर अपना व अपने बच्चों का गुजारा कर रहा था । मृतक रूकमुद्दीन के चार मासूम बच्चे हैं जिनके सर से बाप का साया हमेशा के लिए उठ गया।

# शिकायतों के तुरन्त समाधान करने के दिए सख्त आदेश


जनता दरबार में शिकायत सुनते पुलिस कप्तान वरुण सिंगला।

**मेवात।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वरुण सिंगला आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, नूंह ने मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशों की पालना में अपने कार्यालय मे प्रतिदिन फरियादियों की शिकायतों के लिए जनता दरबार लगाया। जिसमें वरुण सिंगला ने कहा कि जनता दरबार मे समस्याओं की पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान करना ही पुलिस-प्रशासन की पहली सर्वोच्च प्राथमिकता रहती है। इन्ही निर्देशों की पालना में वरुण सिंगला ने आज सुबह 11.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक अपने कार्यालय मे जनता दरबार लगाकर फरियादियों की शिकायतों को सन्तोषजनक व ध्यान पूर्वक सुनकर जिला नूह पुलिस के सभी थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज व अनुसंधानकर्ताओं को तुरन्त समस्याओं पर समाधान करने के लिए सख्त से सख्त निर्देश दिये हैं।

पुलिस प्रवक्ता, नूंह ने बताया कि वरुण सिंगला आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, नूंह के कार्यालय जनता दरबार मे आमजन अपनी शिकायतों को लेकर आते हैं। जिस पर वरुण सिंगला आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, नूंह द्वारा तुरन्त संज्ञान लेते हुए परिवादी को न्याय दिलाने की प्राथमिकता दी जाती है।

# बदहाली पर बहा रहा है आंसू गांधी पार्क

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात





**18 साल** पहले जिला मेवात बनने के बाद वजूद में आये गांधी से शहरवासियों को बड़ी उम्मीद थी। पार्क के साथ राष्ट्रपिता का नाम जुड़ा तो उम्मीदें और ज्यादा बढ़ गई। लेकिन महज 18 साल की उम्र में ही पार्क अपनी बदहाली पर आंसू बहाने लगा। गांधी पार्क में स्वच्छता का मखौल उड़ रहा है। चारदीवारी टूटती जा रही हैं। आवारा पशु विचरण कर रहे हैं। गंदगी के अम्बार लगे हुए हैं। शाम ढलते ही शरारती तत्व खासकर शराबी इसे अपना अड्डा बना लेते हैं। गुरुग्राम-अलवर मार्ग पर नूंह शहर में प्रवेश करते ही ऐसे बुरे हालातों में गांधी पार्क आपका स्वागत करता है।

पार्क में सुबह-शाम टहलने वालों की संख्या शून्य हो चली है। पार्क की घास की कटाई नहीं हो रही, सफाई नहीं होती, चारदीवारी की ग्रिल चोरी हो रही हैं। पार्क में बिजली-पानी का पुख्ता इंतजाम नहीं है। पंचायतों या धरना देने वाले कर्मचारियों का यह ठिकाना दिन में अकसर दिखाई देता है। पॉलीथिन के अलावा खाने-पीने की वस्तुओं को लाने वाले लिफाफे इत्यादि गांधी में बड़ी संख्या में पड़े हुए हैं।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने संदेश दिया था कि स्वच्छता ईश्वर का दूसरा रूप है। उसके बाद मौजूदा पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता का पैगाम देने के लिए खुद हाथों में झाड़ू तक उठा ली , लेकिन नूंह जिला प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं दिखता।

बदहाल गांधी पार्क नूंह में गांधी जी की का स्टेचू भी बदहाली से दुखी है नगरपरिषद नूंह में कच्चे-पक्के सफाई कर्मचारियों की कागजों में तो कोई कमी दिखाई नहीं देती, लेकिन सफाई व्यवस्था की पोल खोलने के लिए गांधी पार्क ही काफी है। नगरपरिषद सफाई कर्मचारी अधिकारियों-पार्षदों या रसूखदारों के घरों की सफाई में लगे रहते हैं। शहर का सबसे मुख्य स्थल गांधी पार्क कई सालों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, लेकिन सुध लेने वाला कोई नहीं है। जिला प्रशासन की नाक के नीचे होने के बावजूद भी यह पार्क अपनी पहचान खोता जा रहा है। शहर के लोग ही नहीं गांधी पार्क के पड़ोस में रहने वाले लोग पार्क की सूरत को देखकर परेशान हैं। दरअसल मेवात जिला वजूद में आने के बाद नूंह जिला मुख्यालय पर पार्क बनाने की मांग प्रमुखता से उठी। शहर के दोनों छोर पर गांधी पार्क और शहीद पार्क पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, तत्कालीन सांसद अवतार सिंह भड़ाना, तत्कालीन पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहमद, पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान के कार्यकाल में यह पार्क गत 7 नवंबर 2005 में बनाया गया। भव्य पार्क के बनने के बाद शहर के लोगों ने राहत की सांस ली और नूंह को शहर का रूप दिया जाने लगा, लेकिन अभी ठीक से पार्क का यौवन भी नहीं आया कि उससे पहले नगरपरिषद की अनदेखी ने इसे बुढ़ापे की सूरत पर लाकर खड़ा कर दिया। शहरवासियों ने मांग की है कि गांधी पार्क की कायापलट पर ध्यान दिया जाये ताकि शरारती तत्वों से बचाकर यह पार्क बच्चे, बूढ़े, जवान, महिलाओं के सुबह-शाम टहलने के काम आ सके। नूंह शहर की आबादी 40 हजार को भी पार कर चुकी है। जिला मुख्यालय होने की वजह से धरना प्रदर्शन भी अकसर गांधी पार्क में ही होते हैं। बावजूद इसके स्वच्छता का पाठ पठाने वाली मोदी सरकार में ही स्वच्छता अभियान की धज्जियां गांधी पार्क जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर उड़ रही हैं।

# नवरात्रि पर्व पर ब्रह्मकुमारी केंद्र पर सजाई गई माता की झांकियां

**ललित गर्ग।** पुन्हाना


नवरात्रि पर सजाई गई झांकियां।

**प्रजापिता** ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पुन्हाना इकाई संचालिका बहन बीके योगिनी ब्रह्माकुमारी के नेतृत्व में सोमवार को नवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति चैतन्य देवियों की झांकियां सजाई गई। झांकियों में कन्याओं को देवियों के रूप में सजाया गया। माता के भजनों एवं सुन्दर झांकियों के साथ मनाए गए इस कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं व कन्याओं ने भाग लिया। माता के भजनों पर उपस्थित श्रदालु महिलाएं जमकर नाची- झूमी।

संचालिका बहन बीके योगिनी ब्रह्माकुमारी ने नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि भारत में परम्परागत तरीके से नवरात्र से मनाया जाता है। नवरात्र का भावानात्मक अर्थ है दुर्गा के नौ रूपो की नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और नवरात्र का आध्यात्मिक अर्थ है नव या नए युग में प्रवेश करने से ठीक पहले की ऐसी घोर अंधियारी रात्रि, जिसमें शिव अवतरण लेकर मनुष्यात्माओं के पतित अवचेतन मन (कुसंस्कार) का ज्ञान अमृत द्वारा तरण (उद्धार) कर देते है। अवतरण अर्थात् अवचेतन का तरण। ऐसी तरित-आत्माएं फिर चैतन्य देवियों के रूप में प्रत्यक्ष हो कर कलियुगी मनुष्यों का उद्धार करती है। नौ देवियों की आध्यात्मिक रहस्यों को धारण करना हीं नवरात्रि पर्व माना जाता है। वर्तमान समय में स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा इस कलियुग के घोर अंधकार में माताओ-कन्याओं द्वारा सभी को ज्ञान देकर फिर से स्वर्ग की स्थापना कर रहे है। उन्होंने कहा कि परमात्मा द्वारा दिए गए ज्ञान को धारण कर अब हम ऐसी नवरात्रि मनाएं। जो अपने अन्दर रावण अर्थात विकार है, वह खत्म हो जाए, मर जाए। यदि हमारे अंदर कोई भी अवगुण है तो हम मां दुर्गा से शक्तियां लेकर इस नवरात्रि पर कमजोरियों, दुर्गुणों व विषय-विकारों को दूर करने का संकल्प ले। कार्यक्रम में वंशिका, बृजलता, गीता, छाया, सोनल, चंचल, दीपा सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## दिन में की क्रमिक भूख हड़ताल, शाम को पीया जूस

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य व्यापी आंदोलन के तहत आज नगर निगम के 51 कार्यकर्ताओं एवं कर्मचारियों ने संघ के जिला प्रधान दलीप बोहोत की अध्यक्षता में क्रमिक भूख हड़ताल की। कर्मचारी कल भी भूख हड़ताल जारी रखेंगे। गौरतलब है कि नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा ने नौ दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल का ऐलान किया है, जो 4 अप्रैल तक चलेगी। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री राज्य सचिव अनूप चंडालिया राज्य उपाध्यक्ष कमला सर्व कर्मचारी संघ के जिला वरिष्ठ उप प्रधान बलबीर सिंह बालगोहर ने नपा संघ के जिला कार्यकारी प्रधान सुदेश कुमार वरिष्ठ उप प्रधान रघुवीर चौटाला सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांडिया सचिव कृष्ण चंडालिया शहीत 51 कार्यकर्ताओ एवं कर्मचारियों को फूल मालाएं पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया। जिसका समापन सायं 5 बजे जूस पिलाकर किया गया। आज यानी मंगलवार को फिर ये कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

# ग्राम पंचायत कालिंजर में टोल टैक्स ग्रामीणों के लिए बना जी का जंजाल

## सुल्तापुर, कलिंजर, बीबीपुर इन गांव के सरपंच मिले टोल टैक्स मैनेजर से, मिला कोरा आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**मुंबई** एक्सप्रेसवे बड़ौदा पर जो मेवात के अंतर्गत गांव आते हैं, जिसके तहत ग्राम पंचायत कलिंजर है। उसकी एक कमेटी बनी हुई है। जिसमें ग्राम पंचायत कलिंजर से एक भी व्यक्ति को शामिल नहीं किया गया। गांव वासियों ने ये बातें पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व सरकार ऐसा करता है तो हम सब ग्रामीण दुखी हैं। उन्होंने जिला प्रशासन व सरकार से मांग करते हुए कहा कि मुंबई एक्सप्रेस बड़ौदा पर जो कमेटी बनी है। गांव का कोई भी व्यक्ति बहुत ही जरूरी है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की कि 4-5 व्यक्तियों को कमेटी में शामिल करें।

ग्रामीणों एक बात और बताई कि गुड़गांव होडल उनको किसी काम जाना होता है तो काफी लंबाई का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत कालिंजर में टोल टैक्स बना हुआ है। जो कि जमीन ग्राम पंचायत कालिंजर की है जिसमें ग्राम पंचायत के लोग टोल को पार करते हैं तो सरपंच सहित आम आदमी का टोल टैक्स लगाया जाता है। बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जिस गांव ने सरकार के लिए जमीन दी है, उनका ही टोल काटा जा रहा है। पंचायत सरकार के लिए जमीन इसलिए देती है ताकि कोई न कोई ग्रामीणों के लिए रोजगार पैदा हो लेकिन कलिंजर गांव से टोल टैक्स पर एक भी लड़के को रोजगार नहीं मिला है। ग्राम पंचायत सुल्तापुर, कलिंजर, बीबीपुर इन गांव के सरपंच टोल टैक्स मैनेजर से मिले तो वह मैनेजर उनको केवल आश्वासन ही देता है आज तक इन गांवों के बच्चों को कोई टोल टैक्स पर रोजगार नहीं दिया गया है सरपंच सहित ग्रामीणों ने सरकार और जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि हमारे गांव के लोगों को ही टोल टैक्स पर रोजगार दिया जाए।

# संक्षिप्त समाचार

## सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा, राशन कम मिला

**मेवात।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी को साथ लेकर पुनहाना खंड के सिहरी तथा नगला जमालगढ़ गांव के सरकारी राशन की दुकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान सीएम फ्लाइंग व फूड एंड सप्लाई की टीम को दोनों ही गांव के डिपो होल्डर के पास ऑनलाइन रिकॉर्ड चैक करने पर राशन वितरण में गड़बड़ी मिली। जिसकी शिकायत पुलिस विभाग को कार्रवाई करने के लिए फूड एंड सप्लाई इंस्पेक्टर रणसिंह के द्वारा दे दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग के अधिकारी अजय कुमार तथा फूड एंड सप्लाई के अधिकारी रणसिंह की टीम ने वसीम डिपो होल्डर नगला जमालगढ़ के वहां पर छापा मारा। नगला जमालगढ़ के डिपो होल्डर के पास खेड़ा पुनहाना गांव का राशन भी अटैच किया हुआ है। राशन की दुकान पर तकरीबन 32 क्विंटल गेहूं, 1 क्विंटल चीनी का स्टॉक मिला है। इसके अलावा सिहरी गांव में मसूद डिपो होल्डर के यहां सीएम फ्लाई की टीम ने छापेमारी की। जहां उसका भतीजा मोहम्मद मिला। टीम के मुताबिक सिहरी गांव के सरकारी राशन की दुकान पर 15 क्विंटल से अधिक गेहूं तथा तकरीबन 70 किलो चीनी का स्टॉक मिला है। दोनों ही सरकारी राशन की दुकानों के संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए पुनहाना थाना में शिकायत दी गई है। सीएम फ्लाइंग की रेड की खबर से डिपो संचालकों में हड़कंप देखने को मिल रहा है।

## पंचायत समिति सदस्यों की पहली बैठक संपन्न



**फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका ब्लाक समिति के सदस्यों की पहली बैठक यहां के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक मामन खान इंजीनियर, बीडीपीओ नरेन्द्र ढुल, चेयरमैन इकराम और वाइस चेयरमैन अफसीना बेगम मुख्य रूप से उपस्थित रही। समिति सदस्यों की पहली ही बैठक में सभी वार्डों में समान विकास कार्यों को करवाने पर सहमति बनी। विधायक मामन खान ने भी जोर दिया कि सभी वार्डों में समान काम समान विकास होने चाहिए। इस बैठक के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र ढुल ने बताया कि पंचायत समिति के सदस्यों की पहली बैठक शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। बैठक में खंड की सभी 28 वार्डों में विकास कार्यो को करवाने हेतु वार्ड पार्षद ने मौखिक प्रस्ताव रखे थे। इन सभी से अब लिखित में प्रस्ताव लेकर वार्डो में विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य फकरुदीन अखनाका, हामिद पथराली, सालिम आमका, समीम साकरस सहित सभी वार्डों की महिला पार्षद उपस्थित रही।

## सड़क सुरक्षा अभियान की श्रृंखला में जिला स्तरीय वर्कशॉप

**नूंह।** शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी, नूंह में महाविद्यालय प्राचार्या मधु अरोड़ा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा अभियान की श्रृंखला में जिला स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या मधु अरोड़ा ने डॉ नाजिर के संयोजन में आयोजित इस वर्कशॉप में विभिन्न महाविद्यालयों से आये हुए शिक्षकगण और विद्यार्थियों के द्वारा तैयार किये गए सड़क सुरक्षा मॉडल की तारीफ की। साथ ही अरोड़ा ने सड़क सुरक्षा आधारित नुक्कड़ नाटक द्वारा दिये गए संदेश को घर घर तक पहुंचाने की अपील की। छात्राओं को संबोधित करते हुए कृष्ण कुमार, एसएचओ, ट्रैफिक, धुलावट तावडू ने महाविद्यालय की छात्राओं के साथ ट्रैफिक नियमों की जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने ट्रैफिक नियमों को का उल्लंघन करने पर लगने वाले जुर्माने की विभिन्न परिस्थितियों से अवगत कराया। सतवीर सिंह, ट्रैफिक एएचओ माण्डीखेड़ा, नगीना ने सालाहेड़ी महाविद्यालय की छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की गंभीरता से अनुपालना करने हेतु संबोधित करते हुए सुझाव दिया कि वे यह जानकारी अपनों के साथ साझा करें तो समाज में निश्चित ही सकारात्मक बदलाव आ जायेगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ नाजिर हुसैन ने कहा कि मेवात के दुपहिया वाहन चलाते समय चालक सहित दो से ज्यादा सवारियां न बैठें। हेलमेट लटकाने के लिए नहीं है बल्कि इसे पहनकर ही वाहन चलाएं। सड़क व स्थानानुसार वाहन की गति की सीमा का पालन करें। वर्कशॉप के दौरान सड़क सुरक्षा आधारित एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की दी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ ली। इस अवसर पर तेजपाल, सहायक प्रोफेसर हिन्दी, डॉ रितेश कुमार, आबिद हुसैन विस्तार व्याख्याता वाणिज्य, जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से शिक्षक गणों में नरेन्द्र सिंह, वीरेश कुमार, मेनका स्नातकोत्तर महाविद्यालय नगीना ,तौफीक हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महिला महाविद्यालय तावडू, मो. इरफान यासीन मेव डिग्री कॉलेज, मो अजहरुद्दीन महिला महाविद्यालय पुन्हाना, माड़ीखेड़ा व नूंह से टीम सहित ट्रैफिक विभाग से नवेंद्र हैड कांस्टेबल एवं महाविद्यालय के सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## पांच हजार का इनामी दो गो तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने गो तस्करी के मामले में फरार चल रहे 5000/- रुपये के इनामी दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में ताहिर और मुस्तकीम उर्फ मटका का नाम शामिल है। आरोपी ताहिर पलवल जिले के गांव उटावड़ का तथा आरोपी मुस्तकीम उर्फ मटका गांव टाई नूह का रहने वाला है। आरोपी ताहिर थाना डबुआ के गौ तस्करी,हत्या के प्रयाश, अवैध हथियार के 4 जनवरी वर्ष 2021 के मामले में नहूं के टाई गांव से गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा आरोपी मुस्तकीम गो तस्करी, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार के थाना धौज के 19 सितम्बर 2020 के मामले में फरार चलने के मामले में पलवल के उटावड से गिरफ्तार किया है।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

मैं कृष्णा वती पत्नी श्री योगराज निवासी 2N2, NIT फरीदाबाद 121001 हरियाणा मेरा नाम शादी से पहले कृष्णा वती था, अब शादी के बाद मैने अपना नाम कृष्णा वती से सिर्फ कृष्णा कर लिया इसलिए मुझे भविष्य में कृष्णा के नाम से जाना जाए।

I, Moly karippamattathil ouseph Alias Moly K.O. D/o Ouseph R/o 1202, New Janta Colony, NIT Faridabad have changed my name to Molly Joseph D/o Joseph.

बेदखली सूचना

मैं अवतार सिंह पुत्र राम सिंह गांव निगदू उपतह. निगदू जिला करनाल(हरियाणा) हल्फ बयां करता हूं कि मेरा पुत्र अमनदीप सिंह और उसकी पत्नी अनुराधा मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मै दोनों व उनके वारसान को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद यदि कोई भी उससे व उसकी पत्नी से कोई लेना देना रखता है तो उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारीगण अमर नाथ शर्मा पुत्र श्री थम्मन लाल शर्मा व सर्वेश शर्मा पत्नी अमर नाथ शर्मा निवासीगण मकान नं0 163/1, अशोक कॉलोनी, अमरनगर, फरीदाबाद ने अपने पुत्र गौरव शर्मा को उसके गलत व्यवहार व अभद्र आचरण के कारण अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है व तमाम पारिवारिक व भौतिक संबंध समाप्त कर दिये हैं। भविष्य में जो कोई उपरोक्त से किसी प्रकार का लेनदेन, संबंध या वास्ता रखेगा या व्यवहार करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे व्यवहारीगण, परिवार व रिश्तेदारों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ध्रुव कुमार एडवोकेट, फरीदाबाद

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## शहरी परिवहन

### ओएनडीसी का प्रवेश

**शहरी परिवहन** में ओएनडीसी ने प्रवेश कर लिया है, पर इसका अस्तित्व ही संकटों में घिरा लग रहा है। ओपेन नेटवर्क डिजिटल कामर्स-ओएनडीसी का प्रवेश शहरी परिवहन क्षेत्र में बैंगलुरू की 'राइड-हेलिंग' कंपनी द्वारा कराया गया है। इसका उद्देश्य उबर व ओला जैसे एग्रीगेटर्स के बाजार प्रभुत्व पर नियंत्रण करना है। ओएनडीसी यूपीआई की तरह सरकार-संचालित प्रोटोकाल है। बताया जाता है कि वह कई अन्य शहरों में भी इस क्षेत्र की अनेक अन्य कंपनियों से बात कर रहा है। लेकिन इस तथ्य पर भी गौर किया जाना चाहिए कि अच्छे इरादों से शुरू ओएनडीसी में कुछ मूलभूत कमियां हैं। पिछले साल सितंबर में इसकी शुरुआत के समय दावा किया गया था कि इससे विशाल वैश्विक ई-कामर्स कंपनियों, जैसे अमेजन व वालमार्ट के एकाधिकार पर लगाम लगेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ओएनडीसी की शुरुआत वाले दिन ट्वीट किया था, 'ओएनडीसी यूपीआई के बाद वाणिज्य के लोकतांत्रीकरण में एक और गेमचेंजर विचार है। आज इसकी शुरुआत चयनित उपभोक्ताओं, विक्रेताओं व लाजिस्टिक प्रदाताओं के लिए की गई है। पसंद, सुविधा एवं पारदर्शिता के नए युग की तैयारी करें।' लेकिन भारत में एकाधिकारी व्यवहारों पर नियंत्रण का दायित्व भारतीय प्रतियोगिता आयोग-सीसीआई को मिला है। संसद ने 2002 में प्रतियोगिता कानून, 2002 को पास किया था जिसे राष्ट्रपति ने जनवरी, 2003 में अपनी सहमति दे दी थी। बाद में प्रतियोगिता संशोधन कानून, 2007 द्वारा इसमें संशोधन किया गया। संशोधित कानून के प्राविधानों के अनुसार भारत प्रतियोगिता आयोग तथा प्रतियोगिता अपीलीय



न्यायाधिकरण की स्थापना की गई। सीसीआई की वेबसाइट के अनुसार अब सीसीआई पूरी तरह सक्रिय है जिसके एक अक्ष्यक्ष व 6 सदस्य हैं। 20 मई, 2009 को स्पष्ट किया गया कि प्रतियोगिता कानून के प्राविधानों का संबंध प्रतियोगिता-विरोधी समझौतों तथा किसी बिजनेस में प्रभुत्वकारी स्थिति के दुरुपयोग से है। सीसीआई वेबसाइट के अनुसार, 'आयोग का विधिक दायित्व ऐसे व्यवहारों को हटाना है जिनका प्रतियोगिता, प्रोत्साहन व प्रतियोगिता बनाए रखने पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो। इसका उद्देश्य कानून की उद्देशिका तथा धारा 18 के अनुसार ग्राहकों के हितों को सुरक्षा देना तथा अन्य प्रतिभागियों द्वारा किए जा रहे व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है।' आयोग को सरकार या विधिक अधिकरण को प्रतियोगिता संबंधी मुद्दों पर अपनी राय देने का अधिकार है तथा वह प्रतियोगिता कानून के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतियोगिता एडवोकेसी कर सकता है। इस दृष्टिकोण से देखने पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा इसी उद्देश्य से एक संस्था का गठन एक प्रकार से काम का दुहराव है। इसके साथ ही यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित सिद्धान्त से संगति में नहीं है। उन्होंने कई बार कहा है कि सरकार का काम बिजनेस करना नहीं है। इसी दृष्टिकोण पर चलते हुए सरकार सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों का निजीकरण कर रही है। लेकिन ओएनडीसी की शुरुआत कर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय संभवत: अर्थव्यवस्था में सरकारी हस्तक्षेप सुनिश्चित करना चाहता है। यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सुधार एजेंडा से असंगत लगती है। सरसरी तौर से देखने पर ओएनडीसी की नई पहल शानदार लगती है, पर यथार्थ में यह नए उभरते नीतिगत ढांचे से संगति में नहीं लगती है। अनेक अर्थशास्त्रियों व नीति-विश्लेषकों की सलाह है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को विनिर्माण क्षेत्र को गति देने के ज्यादा प्रयास करने चाहिए।

# दिव्यांगों का कौशल व समावेशन

यदि समुचित कौशल प्रदान किया जाए तो दिव्यांगों के लिए अवसरों की कमी नहीं है। सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल विकास क्षेत्र में कार्यरत हैं)





**दिव्यांगजन** या विकलांगताओं से प्रभावित व्यक्ति एक महत्वपूर्ण सामाजिक समूह हैं, लेकिन विरले ही उनको उचित अवसर मिलते हैं। उनको समुचित कौशल तथा उचित मंच मिलना चाहिए जहां वे अपनी प्रतिभा तथा सृजनात्मक संभावनाओं का प्रदर्शन कर सकें। दुर्भाग्य से यह गलत धारणा व्याप्त है कि दिव्यांग अर्थव्यवस्था में सार्थक योगदान नहीं कर सकते हैं। दिव्यांगों में असाधारण संभावनायें होती हैं और वे अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। लेकिन उनको समुचित कौशल मिलना चाहिए जो उनके उपयुक्त हो।

विडंबना है कि दिव्यांग हमारी कुल जनसंख्या का 2 प्रतिशत से अधिक हैं, पर उनको मुख्यधारा विमर्श का हिस्सा नहीं बनाया गया है तथा समावेशन के माध्यम से उनका सशक्तीकरण नहीं हो रहा है। दिव्यांगों की रोजगार योग्य दर बहुत कम है। अनुमान है कि भारत के कुल 26 मिलियन दिव्यांगों में से केवल 36 प्रतिशत ही काम कर रहे हैं। दिव्यांगों पर केन्द्रीय जनसांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 64 प्रतिशत दिव्यांगों के पास रोजगार नहीं है। महिलाओं की तुलना में दिव्यांग पुरुषों के पास ज्यादा काम है। बाजार की एक रिपोर्ट 'अनअर्थ इन्साइट' के अनुसार 34 लाख दिव्यांगों में से लगभग 3 करोड़ को रोजगार मिला है, जबकि 1.3 करोड़ को और रोजगार दिया जा सकता है। इनमें से अधिकांश संगठित या असंगठित क्षेत्रों, सरकारी उद्यमों में या स्व-रोजगार के रूप में काम कर रहे हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि अधिकांश दिव्यांगों को रोजगार प्रदान किया जाए। लेकिन यह काम कैसे किया जाए?

दिव्यांगों व विकलांगताओं से ग्रस्त लोगों को गरिमापूर्ण व स्वतंत्र जीवन सुनिश्चित करने के लिए उनको उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जानी चाहिए। यह इसलिए जरूरी है कि उनको अपना कॅरियर चुनने की स्वतंत्रता हो तथा उनको रोजगार के समान अवसर मिलें। अनेक उदाहरण हैं जहां दिव्यांगों ने अनेक क्षेत्रों में अपने अदम्य साहस, प्रतिभा एवं प्रतिबद्धता के चलते शानदार उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उचित परिवेश, अवसर एवं कौशल मिलने पर वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। खासकर शिक्षा व कौशल-आधारित शिक्षा दिव्यांगों समेत सभी लोगों के सशक्तीकरण की कुंजी है। उचित भावनात्मक व व्यावहारिक कौशल मिलने पर दिव्यांगों के लिए रोजगारों की कोई कमी नहीं है।

सेवाप्रदाता दिव्यांग वयस्कों में कुछ महत्वपूर्ण रोजगार कौशलों की तलाश करते हैं। इनमें विस्तृत विवरणों पर ध्यान देना, संप्रेषण कौशल, समस्या प्रबंधन कौशल, समस्या-समाधान कौशल, टीमवर्क कौशल, समय प्रबंधन कौशल तथा जीवन कौशलों से स्वयं को समृद्ध करने की क्षमतायें शामिल हैं। इसी प्रकार दिव्यांगों में एकाउंटिंग, इंजीनियरिंग, तकनीकी लेखन, कंप्यूटर संबंधी रोजगार, स्वास्थ्यरक्षा, कॅरियर काउंसिलिंग, ग्राहक सेवाओं, बीमा एजेंट, मसाज थेरेपिस्ट, टेलीमार्केटियर, व्हीलचेयर से फोटोग्राफी, डेस्कटाप पब्लिशर, ग्राफिक डिजाइनर, वेब डेवलपर, बैंक टेलर, रिसेप्शनिस्ट, फाइनेंसिल एनालिस्ट, लैंडस्केपर या ग्राउंड्सकीपर जैसे कौशलों की तलाश की जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में भी दिव्यांग बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसरों को प्रदान करने वाली व्यवस्थाओं का महत्व रेखांकित किया गया है।

श्रवणशक्ति बाधित बच्चों के लिए एनसीईआरटी की कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक की पुस्तकों का भारतीय संकेत भाषा में परिवर्तन पूरा हो गया है। यह एक महत्वपूर्ण पहल है जिससे श्रवणशक्ति बाधित बच्चों को मुख्यधारा शिक्षा में लाने में सहायता मिलेगी। खुशी की बात है कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में कई कदम उठा रही है। दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास पैदा करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसा होने पर ही उनको आवश्यक कौशलों से लैस किया जा सकता है। दिव्यांग लोगों में प्रतिभाओं व क्षमताओं की कमी नहीं होती है और कुछ मामलों में वे सामान्य लोगों से बेहतर सिद्ध होते हैं। समावेशी विकास, प्रगति एवं विकास को दिव्यांगजनों की आकांक्षाओं के अनुरूप तथा उनको समाहित करने वाला होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने राइट टु पर्सन्स विध डिसेबिलिटीज़ एक्ट, 2016 पास किया जो 19 अप्रैल, 2017 से प्रभावी हो गया है। इसके अंतर्गत दिव्यांगजनों को सरकारी नौकरियों में 4 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। केन्द्र सरकार ने 3 दिसंबर, 2015 को 'सुगम्य भारत अभियान' शुरू किया था। इसके अंतर्गत दिव्यांग लोगों को समान पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास हो रहे हैं ताकि वे गरिमापूर्ण सार्थक जीवन जी सकें। सार्वजनिक इमारतों, परिवहन व्यवस्थाओं व सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी को इस अभियान में शामिल किया गया है। जनता की पहुंच की समस्याओं को देखते हुए एक मोबाइल एप विकसित किया गया है जो पहुंच की समस्याओं को त्वरित व व्यवस्थित रूप से हल कर सकता है। सरकार ने इंडियन साइन लैंग्वेज रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर-आईएसएलआरटीसी का गठन किया है जो श्रवण बाधित दिव्यांगों के सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करने तथा देश में संकेत भाषा विकसित करने का काम कर रहा है। अन्य कामों के साथ ही यह संस्थान लगातार संकेत भाषा शब्दकोषों का विकास कर रहा है जिसमें अब तक 10,000 से अधिक शब्द शामिल किए गए हैं।

सरकार एक विशिष्ट दिव्यांगता पहचान कार्ड-यूडीआईडी परियोजना क्रियान्वित कर रहा है जो दिव्यांग लोगों का राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करेगी। अब तक सभी राज्यों व संघशासित क्षेत्रों के 713 जिलों में 84 लाख यूडीआईडी कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। मध्य प्रदेश में दिव्यांग खेल केन्द्र, ग्वालियर तथा नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड रिहैबिलिटेशन, सिहोर की स्थापना की जा रही है। दिव्यांग युवाओं व बच्चों के कौशलों व प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए 'दिव्य कला शक्ति' का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांगों को एक ऐसे प्रतिबद्ध कार्यक्रम की आवश्यकता है जो उनको रोजगार योग्य बनाने के लिए लाभदायक कौशलों से लैस कर सके। 'स्किल इंडिया मिशन' तथा 'कौशल रोजगार केन्द्र' द्वारा की जाने वाली कौशल-संवर्धन व रोजगार अवसर सृजन करने वाली गतिविधियों से करोड़ों दिव्यांगजनों को बाहर नहीं रखा जा सकता है। इसके लिए विशिष्ट एवं लक्षित दृष्टिकोण की जरूरत है।

हमारे पास राष्ट्रीय संस्था के रूप में स्किल कौंसिल फार पर्सन्स विध डिसेबिलिटी-एससीपीडब्लूडी है जो दिव्यांगों को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है। इसके लिए कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से दिव्यांगों को मुख्यधारा समाज के गरिमापूर्ण जीवन में शामिल किया जाता है। इससे दिव्यांगजन अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था को गति देने में अपना योगदान करते हैं। कौशल प्रशिक्षण प्रशिक्षित व पंजीकृत प्रशिक्षकों के माध्यम से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केन्द्रों में भी दिया जाता है। प्रशिक्षकों को विशिष्ट प्रकार की दिव्यांगताओं को केन्द्र में रखते हुए एनएसक्यूसी-संस्तुत रोजगार भूमिकाओं में प्रशिक्षण देने के लिए तैयार किया जाता है। प्रशिक्षकों को दिव्यांगता उन्मुखीकरण व उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार के प्रमाणपत्र भी दिए जाते हैं।

वर्तमान समय में हम लोगों को कौशल प्रशिक्षण में समावेशी दृष्टिकोण नहीं अपना रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में कारीगरों पर ध्यान दिया जा रहा है, जबकि बढ़ई, लुहार, मूर्तिकार व इमारत निर्माण कारीगर समाज का अभिन्न अंग हैं और उनको समाज की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप समुचित प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। दिव्यांगजनों पर उनके कौशल के दृष्टिकोण से बातचीत विरले ही होती है। समाज के हर वर्ग का सशक्तीकरण देश की विकास यात्रा के लिए जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह तर्क एकदम सटीक है कि कारीगरों को आसान कर्ज, कौशल प्रशिक्षण, तकनीकी समर्थन, डिजिटल सशक्तीकरण, ब्रांड प्रोत्साहन, मार्केटिंग व कच्चे माल के रूप में समर्थन मिलना चाहिए। परंपरागत कारीगरों व दस्तकारों का विकास उनकी समृद्ध परंपरा को बनाए रखते हुए होना चाहिए और इसमें दिव्यांगों को शामिल किया जाना चाहिए।

# पर्यावरण के लिए हानिकारक ई-कचरा

> ई-कचरा न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी एक बढ़ती हुई चिंता है।

**साक्षी सेठी**
(लेखिका पेशे से शिक्षिका हैं)



**क्रिश्चियन** लूस लैंग कहते हैं, प्रौद्योगिकी एक प्रभावी सेवक है लेकिन एक खतरनाक स्वामी है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हर कोई किसी न किसी तरह से प्रौद्योगिकी का आदी है। सभी ने एक वायर्ड टेलीफोन से पहले सेल फोन के बाद नवीनतम, नवीनतम, सेल फोन का हल्का और बेहतर संस्करण। हालाँकि, क्या हमने कभी सोचा है कि आज की तकनीक किसी दिन अप्रचलित हो जाएगी? आज, प्रौद्योगिकी ने शिक्षा, चिकित्सा या परिवहन में प्रगति से लेकर समाजीकरण, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और उत्पादकता तक आसान पहुँच तक लगभग हर पहलू को प्रभावित किया है। हर साल बड़ी टेक कंपनियां अपने डिवाइस के नए वर्जन लेकर आती हैं। इससे बाजार अपने अद्यतन संस्करण में स्थानांतरित हो जाता है। नतीजतन, कई लोग अपने फोन या गैजेट्स को नए के साथ बदलते हैं, जिससे बहुत अधिक ई-कचरा होता है। आज, लगभग 10 बिलियन लोगों के पास स्मार्टफ़ोन हैं, और 3-4 वर्षों में इन उपकरणों की मरम्मत के बिना पहले से मौजूद ई-कचरे की भारी मात्रा में वृद्धि होगी।

हालांकि नवीनतम गैजेट खरीदने से व्यक्ति अपडेट रहता है, लंबे समय में उनका निरंतर उपयोग हमारे ग्रह के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। एक शोध के अनुसार, चीन और अमरीका के बाद भारत तीसरा सबसे बड़ा ई-कचरा उत्पादक है। ई-कचरा या इलेक्ट्रॉनिक कचरा दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला कचरा प्रवाह है। इसमें बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, टैबलेट, नोटपैड, कंप्यूटर, रेडियो और टेलीविजन शामिल हैं। कंप्यूटर उपकरणों में लगभग 70 प्रतिशत ई-कचरा होता है, जिसके बाद दूरसंचार क्षेत्र, चिकित्सा उपकरण और बिजली के उपकरण आते हैं। दुर्भाग्य से, ये उपकरण लैंडफिल में



समाप्त हो जाते हैं, जहां वे खतरनाक गैसों को वातावरण में छोड़ते हैं। इस प्रकार जारी विषाक्त घटक त्वचा की जलन, फेफड़ों के संक्रमण, गुर्दे की समस्याओं, मतली और अन्य के मामले में मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। वे मिट्टी के प्रदूषण, पर्यावरण को प्रदूषित करने और सबसे महत्वपूर्ण रूप से वन्यजीवों को नुकसान और खतरे में भी योगदान देते हैं। हाल के एक अध्ययन के मुताबिक, ई-कचरा खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है और हर साल 5.3 अरब फोन फेंक दिए जाते हैं। पिछले 5 वर्षों से, कचरे में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 2030 तक 74.2 मीट्रिक टन तक पहुंचने की उम्मीद है। यदि ठीक से पुनर्नवीनीकरण या निपटान नहीं किया जाता है, तो ई-कचरे में भारी धातुएं जहरीले पदार्थों का उत्सर्जन करती हैं जो गंभीर पर्यावरणीय चिंता का कारण बनती हैं। व्यक्तिगत स्तर पर, ऐसे कई समाधान हैं जो ई-कचरे को कम करने में मदद कर सकते हैं जैसे कि नया खरीदने के बजाय स्मार्टफोन की मरम्मत पर विचार करना या स्कूलों या धर्मार्थ संगठनों को लैपटॉप, कंप्यूटर या नोटपैड जैसे पुराने उपकरण दान करना पसंद करना उत्पाद के लिए उपयोग करें।

हाई-स्कूल के छात्रों को ई-कचरे के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करने से इसके प्रसार को रोकने पर अधिक प्रभाव पड़ता है। क्लाउड कंप्यूटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीक में बदलाव को अपनाने से डीमैटरियलाइजेशन में भी मदद मिल सकती है। भारत में, कई ई-कचरा रीसाइक्लिंग स्टार्टअप जैसे कैशिफाई, एटटेरो रीसाइक्लिंग, नमो ई-कचरा, बिनबैग और कई अन्य ई-कचरे की किफायती और जिम्मेदार निपटान तकनीकों को अपनाकर संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से सामने आए हैं। ये स्टार्टअप सामाजिक और औद्योगिक रूप से लाभकारी कच्चे माल जैसे मूल्यवान धातु, प्लास्टिक और कांच में कचरे को स्थानांतरित करने के अवसर पैदा करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। वे भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल सरल, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं।

जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव बढ़ते हैं, यह इसके नागरिकों की जिम्मेदारी बन जाती है कि वे ग्रह की मदद करें और ई-कचरे के मुद्दों को रोकें। साथ ही, 5 प्रतिशत क्रांति के साथ पुराने स्मार्टफोन को रीसायकल करना अनिवार्य है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि अंतर केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही लाया जा सकता है। ई-कचरा न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी एक बढ़ती हुई चिंता है, जैसे ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पेश किए जाते हैं, एक व्यक्ति का लालच उन्हें नवीनतम खरीदने के लिए प्रेरित करता है जबकि पुराने अलमारी की दराज में जगह लेते हैं। अप्रचलित उपकरणों के पुनर्चक्रण के लिए हमें एक सुरक्षित चैनल की आवश्यकता है।

## आप की बात

### किसानों की स्थिति

**आज** कृषि क्षेत्र की असली चुनौती कृषि पैदावार और बाजार भाव में अनिश्चय की स्थिति और उत्पादों का सही भंडारण व कृषि उत्पादों की बिक्री के लिए स्थानीय विपणन नेटवर्क का उपलब्ध न होना है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती मंहगाई के दौर में किसानों को खेती से पर्याप्त आय न मिल पाने से लोग खेती-बारी से दूर होते जा रहे हैं। भारत में सबसे अधिक गांव हैं और गांवों में रहने वाले अधिकतर व्यक्ति किसान हैं। आज किसान की दशा बद से बदतर होती जा रही है। आखिर किसान गरीब क्यों है? किसानों की दशा सुधारने के लिए जो उपाय किए गए उनका अब तक कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। देश में किसानों की खेत मजदूरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। किसान अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा भी नहीं दिला पा रहा। यदि फसल अच्छी न हो तो किसान बरबाद हो जाता है तथा यदि फसल अच्छी हो जाए तो मंडी में उपज का सही दाम नहीं मिलता। भूजल के स्तर में भारी गिरावट भी किसान की बदहाली का कारण मानी जा सकती है। इस कारण लोग खेती छोड़कर अलग-अलग पेशा अपना रहे हैं। गरीब किसानों व खेतिहर मजदूरों के विकास को वरीयता देना केन्द्र व राज्य सरकारों के लिए जरूरी हो गया है।

**पूजा गुप्ता,** मिर्जापुर

### महिला सशक्तीकरण

**आज** दुनिया 900 मिलियन किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं की परिवर्तनकारी पीढ़ी का घर है जो काम और विकास के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है। भारत ने सतत विकास लक्ष्य 5 की उपलब्धि में मदद करने के लिए व्यवहार्य ढांचे की स्थापना की है जो 2030 तक दुनिया को और अधिक लिंग समान स्थान बनाने की कल्पना करता है। लेकिन घरेलू जिम्मेदारियों का बढ़ा हुआ बोझ आमतौर पर भारतीय महिलाओं को उठाना पड़ता है। उनको न केवल घर के काम बल्कि बुजुर्गों की देखभाल और बच्चों की पढ़ाई के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होती है। निर्णय लेने और शारीरिक स्वायत्तता हेतु महिलाओं को अपने शरीर के बारे में निर्णय लेने के लिए सशक्त होने की आवश्यकता है। महिलाओं को अनेक रूढ़ियों का सामना करना पड़ता है। इनका मुकाबला करने के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम में महिला वित्तीय शिक्षा और उद्यमिता पाठ्यक्रम को शामिल करने की आवश्यकता है। इंटरनेट लड़कियों को डिजिटल समावेशन के माध्यम से ज्ञान तक समान पहुंच प्रदान कर सकता है। महिला सशक्तीकरण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है।

**प्रियंका सौरभ**, हिसार

### भारतीयों की सुरक्षा

**विदेशी** नागरिकों को उनकी संपत्ति धार्मिक प्रतीकों के साथ ही सामाजिक परंपराओं की सुरक्षा मुहैया कराना उस देश की जवाबदारी होती है जहां वे रह रहे हैं। पूर्ण सुरक्षा देना सरकार का कर्तव्य होता है लेकिन हाल में आस्ट्रेलिया सहित कनाडा, इंग्लैंड, पाकिस्तान जैसे कई देशों में भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। ब्रिटेन में सिख युवक की पगड़ी खोलना उसके साथ मारपीट करने जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। मंदिरों पर हमले और तोड़फोड़ व आगजनी पाकिस्तान के अलावा ऑस्ट्रेलिया में भी हुई है। लंदन में भारतीय उच्चायोग को अलगाववादियों ने निशाना बनाया भारत लगातार अपने यहां रह रहे विदेशी लोगों की सुरक्षा और व्यवस्था में मुस्तैद रहा है, फिर भारतीय निशाने पर क्यों? भारत को ऐसी घटनाओं को सभी मंचों पर उठाना चाहिए। वैसे लंदन की घटना के बाद प्रतीकात्मक रूप से दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग के सामने लगे बैरियर हटा कर मोदी सरकार ने सही संदेश दिया और उसे फौरन सुना भी गया। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए कठोर कदम जरूरी हैं।

**अमृतलाल मारू,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



पार्टी के सभी ओबीसी सांसदों की पार्टी अध्यक्ष नड्डा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। बैठक के दौरान इस रणनीति पर विचार किया जाएगा

**-जेपी नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष

21वीं शताब्दी में भारत को अगर विश्व गुरु बनाना है तो 50 वर्षों तक भारत माता के लिए सब कुछ समर्पित कर दीजिए।

-अनुराग ठाकुर
**केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री**





कांग्रेस नेता राहुल गांधी का लोकसभा से अयोग्य होना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। मैं इसके खिलाफ हूं, चाहे वह राहुल गांधी हों या लालू प्रसाद यादव।

**-गुलाम नबी आजाद**
कांग्रेस के पूर्व दिग्गज नेता

# सिविल एविएशन के सभी प्रोजेक्टस को जल्द से जल्द पूरा किया जाए : डिप्टी सीएम

## उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार एयरपोर्ट के बारे में अधिकारियों से लिया फीडबैक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिविल एविएशन से संबंधित सभी प्रोजेक्टस को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि राज्य को उड़ान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर चमकाया जा सके। उन्होंने निर्धारित अवधि में सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि ढिलाई कतई सहन नहीं की जाएगी। ,

डिप्टी सीएम ने सिविल एविएशन से संबंधित राज्यभर में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्टस से जुड़े अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की और कार्यों की समीक्षा की।उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भिवानी, नारनौल, करनाल, गुरूग्राम आदि एयरस्ट्रिप व हेलीपोर्ट बारे जमीन का अधिग्रहण व उनको



विकसित करने बारे विस्तार से चर्चा की। हिसार एयरपोर्ट के बारे में भी अधिकारियों से फीडबैक लिया और काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को बैठक में जानकारी दी गई कि भिवानी एयरस्ट्रिप को विकसित करने के लिए 270 एकड़ भूमि की उपयुक्तता की रिपोर्ट भिवानी के उपायुक्त से आ चुकी है और जल्द ही उक्त भूमि को अधिग्रहित करने की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। इसी प्रकार, नारनौल व करनाल की एयरस्ट्रिप के विस्तार के लिए भी अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने गुरूग्राम में बनने वाले हेलीपोर्ट बारे पूछताछ की तो अधिकारियों ने बताया कि पवन हंस लिमिटेड कंपनी ने फिजिबिलिटी स्टडी पूरी कर ली है और 31 मार्च 2023 तक इसकी संभावित कीमत का खाका तैयार कर लिया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार को एविएशन हब और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि 31 मई 2023 तक हवाई अड्डे की बाउंड्री वॉल पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से हवाई अड्डे में पेयजल की आपूर्ति तथा बरसाती पानी की निकासी के प्रोजेक्ट के कार्य को 15 अप्रैल 2023 तक पूरा करने के निर्देश दिए। सिक्योरिटी वॉच-टावर के टेंडर अप्रैल माह में जारी कर काम शुरू करने की हिदायत दी। उन्होंने हवाई अड्डे के अंदर आने वाले पुलिस के वेलफेयर सेंटर को खाली करवा कर एविएशन विभाग को कब्जे में लेने को कहा, ताकि इस बिल्डिंग का उपयोग एविएशन के उपकरणों को स्थापित करने के लिए किया जा सके। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अगस्त में हिसार हवाई अड्डे से प्रस्तावित अन्य राज्यों को जोड़ने के लिए हवाई सेवाओं से पूर्व सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए तैयारियां करने को कहा। उन्होंने हाईटेंशन तारों को हवाई अड्डों क्षेत्र से दूर करने में आ रही दिक्कतों के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जिला प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित कर उन तारों को अति शीघ्र हटवाएं ताकि जहाजों को टेकऑफ और लैंडिंग में परेशानी न आए। इनके अलावा उन्होंने विभाग के अन्य कार्यों की भी समीक्षा की।




गांव ढकाला में राहुल गांधी के समर्थन में लोकतंत्र बचाओ कैंडल मार्च निकालते ग्रामीण।

# डर की वजह से षड़यंत्र रच रही भाजपा सरकार : कुलविंदर ढकाला

## राहुल के समर्थन में गांव ढकाला में लोकतंत्र बचाओ कैंडल मार्च निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** शाहाबाद मारकंडा

**सरपंच** एसोसिएशन के उप प्रधान कुलविंदर ढकाला ने कहा कि हजारों साल की गुलामी के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश में लोकतंत्र स्थापित किया था, लेकिन आज एक बार फिर लोकतंत्र खतरे में है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा सचिवालय की ओर से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के बाद कई राजनितिक संगठन देश भर में मुखर नजर आ रहे है। इसी कड़ी में आज गांव ढकाला में राहुल गांधी के समर्थन में लोकतंत्र बचाओ कैंडल मार्च निकाला गया है। कुलविंदर ने कहा कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को रद्द करना खुलेआम षड्यंत्र है। आज संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे बैठकर वे इसका विरोध कर रहे हैं। इस मौके गांव ढकाला के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

**भारत जोड़ो यात्रा से घबराई बीजेपी सरकार : अनिल भुक्कल**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता अनिल भुक्कल ने कहा कि राहुल गांधी मात्र सांसद नहीं हैं, बल्कि विपक्षी पार्टी का नेतृत्व भी कर रहे हैं। मोदी सरकार राहुल गांधी की आवाज दबाने का काम कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सशक्त महिला संगठन ने किया कन्या पूजन



राजकीय प्राथमिक पाठशाला में कन्या पूजन के दौरान मौजूद संस्था पदाधिकारी व स्कूल स्टाफ।

**सोनीपत।** सशक्त महिला संगठन सोनीपत ने नवरात्र के अवसर पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेक्टर 15 में कन्या पूजन का आयोजन किया। जिसमें 31 लड़कियों का पूजन किया गया। सशक्त महिला संगठन की प्रधान शालू त्यागी ने कहा कि नवरात्र के शुभ अवसर पर 31 कन्याओ को उनके चरण धोकर, तिलक लगाकर, कलावा बांधकर, कन्याओं की आरती उतारी करने के साथ-साथ चुनरी उड़ाई गई। कन्याओं को अक्षत, फूल और कुमकुम लगाया गया। सभी कन्याओं को केले, मिठाई तथा चार-चार कॉपी उपहार स्वरूप दी गई। शालू त्यागी ने कहा कि नवरात्रों के पावन त्योहार चल रहे है, जिसमें कन्या रुपी देवियों का घर-घर में स्वागत व पूजन किया जा रहा है, क्योंकि आज की बेटी, कल की मां है और एक स्वस्थ बेटी ही एक स्वस्थ मां के रूप में विकसित होकर एक स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। संगठन की मुख्य संरक्षक सरला गर्ग ने कहा कि शास्त्रों में लिखा गया है कि जिस घर में नारी का सम्मान होता है। वहां भगवान खुद वास करते हैं। हम सबको सिर्फ नवरात्रि में महिलाओं कन्याओं का सम्मान नहीं करना चाहिए, बल्कि जीवन भर नारी का सम्मान जीवन को सुखद बना सकता है। इस अवसर पर सशक्त महिला संगठन की मुख्य सरंक्षक सरला गर्ग, स्कूल की मुख्य आधायापिका, सुधीर कुमार अध्यापक, मुख्य सलाहकार सुमन कुच्चल, कुंती गोयल, वीना कुकरेजा, मधु चावला, शांति सोलंकी, परवीन नैन, वाई के त्यागी आदि मौजूद रहे।

### भजन संध्या में किया महामाई का गुणगान



मंदिर में आरती करते भक्तजन।

**कुरुक्षेत्र।** मां भद्रकाली मंदिर में षष्टी को नवरात्रि देवी दिवस के रूप में मां कात्यायनी की पूजा की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कात्यायन ऋषि के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण देवी का नाम कात्यायनी पड़ा। शिक्षा प्राप्ति के क्षेत्र में प्रयासरत भक्तों को मां की उपासना जरूर करनी चाहिए। पौराणिक कथाओं के अनुसार, मां कात्यायनी ने ही महिषासुर का वध किया था। मंदिर मुख्य भवन में प्रातः कालीन मंगला आरती श्रीचंद एंड सन्स फैमिली द्वारा संपन्न की गई। मां भद्रकाली महिला मंडल ने संकीर्तन किया जिसमें मंदिर से जुड़ी सभी सेविकाओं ने महामाई के भजन सुनाए। प्रतिदिन की तरह ही मंदिर में नवरात्री व्रत भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य यजमान संजय बंसल रहे। इसके साथ ही राहुल सुपुत्र अनिल कुमार द्वारा नवरात्रि अन्नपूर्णा भंडारा दिया गया। भजन संध्या में श्रीसीता राम कश्यप जागरण एंड पार्टी ने प्रस्तुति दी। जिसमें मुख्य अतिथि प्रवेश गुप्ता रहे। महाआरती में शामिल होने उमा सुधा भी मंदिर पहुंची। मंदिर में 28 मार्च को होने वाले इच्छापूर्ति हवन यज्ञ की भी तैयारियां शुरू हो चुकी है। मंदिर कार्य्रकम आयोजक मंडल की मीटिंग 29 मार्च को होने वाले श्रीदुर्गाष्टमी जागरण को लेकर भी हुई, जिसमें सभी व्यवस्थाओं को पुनः विचार किया गया, एक रिहर्सल करवाई गई। इस मौके पर देवेंद्र गर्ग, मीना जोशी, हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, शिमला देवी, निकुंज शर्मा, हकम चौधरी, संजीव मित्तल, हितेश, आशीष इत्यादि सेवक उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने मां दुर्गा स्तुति का किया पाठ



**कुरुक्षेत्र।** पावन नवरात्रों के उपलक्ष्य में शास्त्री नगर स्थित गुप्ता निवास पर मां भक्तों ने पूजा कर मां दुर्गा स्तुति का पाठ किया। पाठ के बाद महिला कीर्तन मंडल की ओर से कीर्तन भी किया गया। कॉलोनी में रहने वाली दर्शना देवी, अंजु सिंगला, अंजलि गर्ग, बाला देवी, वीना गुप्ता, शकुंतला, शिमला गर्ग, उर्वशी सहित कई महिलाएं दुर्गा स्तुति पाठ में शामिल हुई। पाठ के बाद आरती की गई। दुर्गा स्तुति मां दुर्गा की अराधना करने के लिए की जाती है। मान्यता है जो व्यक्ति ये स्तुति करता है उसके सारे दुख-दर्द दूर हो जाते हैं और उसे मां दुर्गा का आशीर्वाद मिलता है। यदि माँ दुर्गा के स्वरूप का वर्णन किया जाए तो माँ दुर्गा की सवारी सिंह हैं। इनकी आठ भुजाएं हैं। महिषासुर नामक राक्षस का वध करने के कारण इन्हें महिषासुर मर्दिनी कहा गया। हिन्दू ग्रन्थों अनुसार ये शिव की पत्नी दुर्गा के रूप में वर्णित हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माँ दुर्गा ही परम-शक्ति हैं। मान्यता है जो व्यक्ति मां दुर्गा की स्तुति करता है उसके हर प्रकार के दुखों का नाश हो जाता है। दर्शना देवी ने बताया कि नवमी पर हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चैत्र व शारदीय नवरात्र पर 9 दिनों तक मां दुर्गा स्तुति का पाठ किया जाता है।

# नकदी छीनने और जानलेवा हमले के आरोपी को भेजा एक दिन के पुलिस रिमांड पर

## जगजीवन सिंह और हरमनदीप को भेजा जिला जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**नकदी** छीनने और जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नकदी छीनने और जानलेवा हमला करने के आरोप में जगजीवन सिंह पुत्र बक्शीश सिंह व हरमनदीप पुत्र सुरजीत सिंह निवासीगण गांव किशनगढ़ और जसप्रीत सिंह पुत्र कुलदीप सिंह वासी भगवान नगर कालोनी पिपली को गिरफ्तार करके जब कोर्ट में पेश किया तो माननीय न्यायधीश ने जसप्रीत सिंह को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, जबकि दो अन्य आरोपियों जगजीवन सिंह व हरमनदीप को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुष्टि करते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि 9 मार्च को थाना सदर थानेसर में दी अपनी शिकायत में रविन्द्र सिंह पुत्र जगतार सिंह वासी भगवान नगर पिपली ने बताया कि उसका गुरू नानक टैक्सी सर्विस के नाम से एचपी पैट्रोल पम्प के सामने कुरूक्षेत्र रोड पिपली पर दफ्तर है। दिनांक 5 मार्च शाम के करीब 8 बजे वह अपने दफ्तर से घर जाने के लिए निकला। दफ्तर के पास उसे उसके ताया का पुत्र हरप्रीत सिंह मिला गया। हरप्रीत ने उसे कहा कि उसने अपनी दुकान पंजाबी चिकन कार्नर का किराया लेना है, इसलिए वह उसके साथ उसकी गाड़ी मे बैठ कर पंजाबी चिकन कार्नर, नजदीक क्राउन होटल चला गया। करीब एक घंटा वे दुकान के अन्दर बैठे रहे। इतने में दुकान के बाहर गाली गलोच का शोर सुनाई दिया। जब उन्होने देखा तो दुकान के बाहर उसके चाचा के पुत्र दिलप्रीत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह व हरप्रीत सिह पुत्र अवतार सिंह के साथ जसप्रीत सिंह, हरमनदीप, जगजीवन सिंह और मनीश कुमार पुत्र सुरेन्द्र निवासी न्यू कलोनी कुरूक्षेत्र मारपीट कर रहे थे।

## युवा संवाद भारत कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने लिया भाग

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के आरके सदन में युवा एवं खेल मंत्रालय भारत द्वारा निर्देशित कार्यक्रम युवा संवाद भारत आयोजित किया गया जिसमें भगवान परशुराम कॉलेज के एन.एस.एस. इकाई के 20 स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रोग्राम आफिसर वासवदत्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को 2047 तक विश्व गुरु बनाने के बारे में युवाओं को जागृत करना था। कार्यक्रम का थीम भारत के पंच प्रण - एक युवा परिचर्चा था। किसी भी देश को आगे ले जाने में युवा सबसे अहम भूमिका निभाते हैं इसीलिए युवाओं को पंचप्राण को समझना और अपना ना बहुत जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत के अमृत काल में इस तरह के आयोजन की अहमियत और भी बढ़ जाती है। प्राचार्य प्रो. शीश पाल और प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. अनिल कौशिक ने स्वयंसेवकों को इस प्रोग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए बधाई दी।

# डीसी ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए किया समाधान

## हर व्यक्ति को संतुष्ट करने की कोशिश, मौके पर ही समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**जनहित** को समर्पित उपायुक्त ललित सिवाच ने सोमवार को दो घंटे तक खड़े रहकर आम जनमानस की समस्याओं की सुनवाई करते हुए प्राथमिकता के साथ उनका समाधान करवाया। करीब दो दर्जन समस्याओं में से अधिकांश का मौके पर ही निपटारा करते हुए मुख्यालय स्तर की एक-दो शिकायतों के समाधान का भरोसा दिया।

नियमित रूप से सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक जनसुनवाई कर रहे उपायुक्त ललित सिवाच आज भी लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध रहे। उन्होंने अपने कार्यालय में लगातार खड़े रहकर लोगों की समस्याओं की सुनवाई की। एक



लोगों की समस्याएं सुनते जिला उपायुक्त।

दिव्यांग की समस्या की सुनवाई तो उन्होंने आगे बढ़कर की। इस दौरान उनके पास भदाना के बुजुर्ग 64 वर्षीय प्रताप अपनी धर्मपत्नी के साथ शिकायत लेकर पहुंचे कि उनके पुत्र व पुत्रवधु उनका उचित पोषण नहीं कर रहे हैं। उपायुक्त ने गंभीरता से उनकी सुनवाई करते हुए नगराधीश को निर्देश दिए कि सीनियर सिटीजन ट्रिब्यूनल के माध्यम से इनको उचित सहायता दिलाई जाए। आहुलाना के ग्रामीणों ने पानी की पाईपलाइन बिछवाने की मांग की, जिसे तुरंत स्वीकारते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को मोबाइल पर ही निर्देश दिए कि ग्रामीणों की इस समस्या का तुरंत समाधान करवाएं। एक सेवानिवृत्त कर्मचारी सतबीर सिंह दहिया ने शिकायत दी कि उनकी कार की आरसी किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत है। इस पर उपायुक्त ने मौके पर ही एसडीएम को निर्देश दिए कि वे इस मामले की गंभीरता से जांच करवाकर शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान करवाएं।

# कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता के साथ की बैठक : विनोद शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**हरियाणा** गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की शाखा पब्लिक हेल्थ का यूनियन शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में कर्मचारियों की मांगों को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सोनीपत के कार्यकारी अभियंता माडल टाउन हरभजन सिंह के साथ कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक हुई। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की मांगे काफी लंबे समय से लंबित पड़ी हुई है।

सोनीपत विभाग के अधिकारियों को बार-बार मौखिक एवं लिखित रूप में कर्मचारियों की मांगों को अनेकों बार अवगत कराया जा चुका है, परंतु आज तक कर्मचारियों की मांगों का कोई समाधान नहीं हुआ है। जिससे कर्मचारियों में काफी रोष है। कर्मचारियों की मुख्यत: मांगे लंबित पड़ी है, जैसे साबुन, तेल, सेफ्टी किट, जूते, डांगरी, रेनकोट, एलटीसी भुगतान, जीपीएफ, मेडिकल बिलों के भुगतान, जर्जर पड़े स्टाफ क्वार्टर, जलघरों आदि की



अधिकारी के साथ बैठक करते यूनियन पदाधिकारी।

मरम्मत साइडों पर पंखे, कुर्सी उपलब्ध कराने समान वेतनमान देने आदि मांगों को लेकर बातचीत हुई। कार्यकारी अभियंता द्वारा उपमंडल अभियंता सुदेश कुमारी को जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा करने को कहा तथा यूनियन शिष्टमंडल को ठोस आश्वासन दिया गया। उपमंडल अभियंता द्वारा अपने अधीन सभी एसडीसी को तुरंत प्रभाव से मांगों को पूरा करने का आदेश दिया। मीटिंग में ब्रांच चैयरमेन धूप सिंह लाकड़ा, ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा, उपप्रधान रणबीर सिंह, सह सचिव देवेन्द्र कुमार, आडिटर सुंदर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान सरकार के राइट टू हैल्थ बिल का चिकित्सकों ने किया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**आईएमए** कुरुक्षेत्र ने एक आपातकालीन बैठक कर राजस्थान सरकार द्वारा पारित राइट टू हैल्थ बिल का विरोध किया। सोमवार को सभी चिकित्सक बाजू पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए उपायुक्त के नाम ज्ञापन एडीसी को सौंपा। आईएमए के प्रधान डा. राकेश भारद्वाज ने बताया कि ज्ञापन देकर आग्रह किया गया है कि केन्द्र सरकार, राजस्थान सरकार पर अपने प्रभाव का प्रयोग करते हुए इस काले बिल को निरस्त करने व संघर्षरत चिकित्सक समुदाय की मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। अगर सरकार अपनी दमनकारी नीतियों को जारी रखती है तो वह राज्य की जनता को



डा. राकेश भारद्वाज

होने वाली समस्याओं व सेवाओं को ठप्प करने की जिम्मेदारी स्वयं राजस्थान सरकार की होगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, राज्यपाल व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर मांग की कि अगर राज्य सरकार अपनी जनस्वास्थ्य सम्बंधी जिम्मेदारी, प्राईवेट हस्पतालों पर जबरन थोपती रही।

## वैश्यावृति करवाने के पांच आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने वैश्यावृति करवाने के आरोप में पांच आरोपियों चांदराम उर्फ अजय वासी सिविल लाईन सोनीपत, राजीव कुमार उर्फ संजय वासी बाहरी कुरुक्षेत्र, भारत भूषण उर्फ सोनू वासी नीलोखेडी करनाल, नितिन वासी नीलोखेडी व मुख्तियार सिंह वासी शरीफगढ कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है।

अपराध शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक कुमार के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक रणधीर सिंह, सुरेन्द्र कुमार, सतनाम सिंह, हवलदार ललित कुमार, प्रदीप कुमार, महिला सिपाही मीना, जसविन्द्र कौर की टीम को गुप्त सूचना मिली कि चांदराम, राजीव कुमार व भारत भूषण किरमच साईड वाले गेट के पास पार्किंग में दो गाडियों में बैठे है। वे गाड़ियों में वैश्यावृति के लिये लाई लड़कियों के साथ ग्राहक के इंतजार में खड़े हैं।

# विदेश में पढ़ाई की तैयारी के लिए अप्लाईबोर्ड के टिप्स

## चीफ एक्सपेरियेंस ऑफिसर, अप्लाई बोर्ड करुण कंदोई ने टिप्स शेयर किए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**विदेश** में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की प्रक्रिया छात्रों के लिए उत्साहजनक होने के साथ स्ट्रेस्फुल भी होती है। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ते हैं। इस विषय पर करुण कंदोई, चीफ एक्सपेरियेंस ऑफिसर, अप्लाईबोर्ड ने टिप्स शेयर किए।

कंदोई कहते हैं कि छात्रों को अपने एप्लीकेशन प्रोसेस की तैयारी जल्दी शुरू कर देनी चाहिए। छात्र जब भी अपनी पढाई शुरू करना चाहते हो उन्हें उससे लगभग दो साल पहले ही स्कूलों की शोध और शॉर्टलिस्टिंग शुरू कर देनी चाहिए।

इसके अलावा यह तय करने के लिए कि उन्हें कहां पढ़ाई करनी चाहिए, छात्रों को इन विषयों पर विचार करना चाहिए : मैं किस स्तर की पढाई करना चाहता हूं भविष्य में मैं किस तरह की नौकरी करना चाहता हूं और क्या जिस क्षेत्र में मुझे सबसे ज्यादा रुचि है, उसमे चयनित यूनिवर्सिटी की प्रतिष्ठा एवं पढाई का स्तर कैसा है जब छात्र यह नियम कर लेते हैं, उन्हें आवश्यक डॉक्यूमेंटस की एक चेकलिस्ट बनानी चाहिए। इसमें अकादमिक ट्रांसक्रिप्ट्स, लैंग्वेज प्रोफिसिएंसी टेस्ट रिजल्ट्स, प्रूफ ऑफ फाइनेंसियल सपोर्ट, और बहुत कुछ शामिल हो सकते हैं। विदेश में पढ़ाई करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए फाइनेंस एक महत्वपूर्ण विचार का विषय होता है। भले ही स्कालरशिप की संभावना हो, छात्रों को ट्यूशन और अन्य फीस की सही जानकारी हासिल करने के लिए कॉलेज से संपर्क करना चाहिए। विदेश में पढ़ाई के साथ आने वाले सभी खर्चों के लिए बजट बनाना महत्वपूर्ण है। जैसे की हाउसिंग कॉस्ट्स, ट्यूशन फीस, खाने का खर्चा, ट्रांसपोर्टेशन, मोबाइल फोन प्लान्स और अन्य खर्च।

इसके साथ आवश्यक है कि छात्र अपना एक नेटवर्क बनाने की कोशिश करें। उससे छात्रों को भविष्य में मिलने वाले प्रगति के मौके बढ जाते है। अलग अलग क्षेत्र और बैकग्राउंड के लोगों से बात करने से छात्रों को उनके पिछले अनुभवों की बेहतर जानकारी मिलती है। जब छात्र अपनी रिसर्च और प्लानिंग स्टेज में होते है तब उन्हें किसी विदेश में पढ़ाई कर चुके व्यक्ति से संपर्क करना चाहिए। जब यह निश्चित हो जाए कि कहां और क्या पढाई करनी है, तो छात्रों को अपने फ्यूचर क्लासमेटस से संपर्क करना चाहिए। उन्हें अपने कैंपस के स्टूडेंट्स ग्रुपस में भी हिस्सा लेना चाहिए ताकि वह समान रुचि रखने वाले अन्य लोगों से मिल सके और दोस्ती कर सके। अंत में कंदोई ने कहा कि छात्रों को पहले से अपने करियर गोल्स प्लान करने चाहिए, यह करने से उन्हें अपनी पढ़ाई के लिए सबसे अच्छा विकल्प चुनने में मदद मिलेगी। इन-डिमांड जॉब्स और नए कैरियर्स के बारे में ऑनलाइन जानकारी हासिल करके वे अपने रिसर्च की शुरुआत कर सकते हैं। इन-डिमांड जॉब्स के बारे में रिसर्च करते समय, छात्रों को उन हॉट स्पॉट क्षेत्रों पर भी विचार करना चाहिए जो बहुत सारी नौकरियों के साथ फलफूल रहे हैं। छात्रों को उन कंपनियों की सूची बनानी चाहिए जिनमें वे काम करना चाहते है साथ ही उनको यह भी देखना चाहिए कि कौन सी कंट्री अंतरराष्ट्रीय छात्रों को फायदेमंद पोस्ट ग्रेजुएशन वर्क परमिट देती है।

## 28 को होगा उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का आयोजन

**करनाल।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए अध्यक्ष, परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल, राजीव गांधी विद्युत सदन सैक्टर 12 करनाल के कान्फ्रेंस हाल में मंगलवार 28 मार्च को प्रात: 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें बिजली संबन्धी वे समस्याएं, जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरान्त भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी सभी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। इस संबंध में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अधीक्षक अभियंता जेएस नारा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस न्यायालय में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है।

# मरीज-केन्द्रित सेवाओं के लिए इंटरनेशनल पेशेंट्स यूनियन की स्थापना होगी

## इंटरनेशनल पेशेन्ट्स यूनियन के संस्थापक, डॉ राजेन्द्र प्रताप गुप्ता ने दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नई दिल्ली** के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 6 अप्रैल 2023 को भारत के पहले मरीज सम्मेलन में इंटरनेशनल पेशेन्ट्स यूनियन आईपीयू की स्थापना की जाएगी। देश के मरीजों के लिए किफायती, गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ चिकित्सा सेवाओं से जुड़ी चुनौतियों को सम्बोधित करने के लिए स्थापित किया जा रहा है।

आईपीयू मरीजों को उच्च स्तर के डॉक्टरों, नीति निर्माताओं, विनियामकों, उद्योग जगत के दिग्गजों एवं अन्य मरीजों के साथ जोडेगा। यह उन्हें अपने विचार प्रस्तुत करने, नीति निर्माण में योगदान देने तथा अपनी बीमारी के बेहतर प्रबन्धन के लिए एवं एक दूसरे से सीखने के लिए मंच प्रदान करेगा। इस संबंध में इंटरनेशनल पेशेन्ट्स युनियन के संस्थापक, डॉ राजेन्द्र प्रताप गुप्ता ने कहा, जिन मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, वास्तव में उन सेवाओं के बारे में ना उनकी राय ली जाती है और ना ही उनके विचार मायने रखते हैं।

आज के दौर में डॉक्टर संगठित हैं, उद्योग जगत संगठित है, लेकिन कभी भी किसी ने मरीजों को संगठित करने के बारे में नहीं सोचा है। इंटरनेशनल पेशेन्ट्स युनियन की स्थापना यह सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि स्वास्थ्यसेवाओं को प्रदाता केन्द्रित और प्रक्रिया संचालित की जगह, मरीज केन्द्रित और परिणाम संचालित बनाया जा सके। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मरीजों पर ध्यान केन्द्रित करना और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों को एक ही मंच पर लाना है। यह मंच मरीजों को अपने विचार, सुझाव एवं समस्याओं को प्रस्तुत करने का मौका देगा।

इसका उद्देश्य इन सभी गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्यसेवा प्रणाली को मरीज-केन्द्रित और परिणाम संचालित बनाना है। इस सम्मेलन में दो अन्य अभियानों-जॉय एवं वर्ल्ड हेल्थ कम्युनिकेशन वीक का लॉन्च भी किया जाएगा। आईपीयू स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज़्यादा सूचित, जागरुक और सशक्त मरीजों का समुदाय बनाकर क्रांतिकारी बदलाव लाएगा और स्वास्थ्य सेवा को पारदर्शी बनाएगा।

# नगर पालिका की बजट बैठक में कोरम नहीं हुआ पूरा, बैठक करनी पड़ी स्थगित

## पार्षदों ने लगाया नगर पालिका पर आरोप : समय पर नहीं दी बैठक होने की सूचना

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**शहर** के विकास कार्यों को गति देने को लेकर भावी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए बजट पास करने के लिए सोमवार को नगरपालिका में बुलाई गई बैठक का कोरम पूरा न होने के चलते स्थगित कर दी गई है। इससे शहर में होने वाले विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं। नगरपालिका में वर्ष 2023-24 का बजट पास करने के लिए विशेष बजट बैठक बुलाई गई थी। बैठक सुबह 11 बजे शुरू होनी थी। बैठक में चेयरमैन समेत 9 पार्षद ही पहुंचे। बाकी 10 पार्षद न पहुंचने पर करीब 40 मिनट के इंतजार के बाद बैठक में कोरम पूरा न होने पर बैठक स्थगित कर दी गई। सूचना यह भी मिली है कि स्थगित बैठक अब 31 मार्च को होगी। नपा उपप्रधान भाविका कवातरा सहित नपा अध्यक्ष विरोधी पार्षदों ने कहा कि नपा प्रधान पार्षदों की गरिमा को भूल चुके है। नपा कार्यालय में होने वाली किसी भी मीटिंग के लिए पार्षदों को पहले से सूचित किया जाता है। लेकिन बजट मीटिंग की सूचना मीटिंग से एक दिन


बैठक स्थगित होने के बाद बातचीत करती नपा उपप्रधान भाविका कवातरा और विरोधी पार्षद।

पहले दी गई जो कुछ पार्षदों तक ही पहुंच पाई। भाविका कवातरा ने कहा कि पार्षद भी जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि है और उन्हें किसी भी मीटिंग की सूचना मीटिंग से 48 घंटे पहले देनी चाहिए जबकि ऐसा नहीं हो रहा है। भाविका कवातरा ने कहा कि नगरपालिका कार्यालय में कुछ पार्षदों को उचित मान-सम्मान भी नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण पार्षदों में रोष व्याप्त है। रोष व्यक्त करने वाले पार्षदों में पार्षद रीतू शर्मा, कुसुमलता, अमृतलाल व नीरज मद्दू और पंकज सिंगला शामिल थे।

### नपा चपरासी के मोबाइल से भेजा था बैठक हेतु सन्देश

**नगरपालिका** प्रधान गुलशन कवातरा ने उप प्रधान और पार्षदों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि बजट बैठक की सूचना नपा कार्यालय में कार्यरत चपरासी के मोबाइल से व्हाट्सएप मैसेज और फोन द्वारा सभी पार्षदों को दी गई थी। बजट मीटिंग का उद्देश्य था कि 2023-24 में अधिक से अधिक नगर के प्रत्येक वार्ड का कार्य करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डो में मुरम्मत के कार्यो के लिए 10-10 लाख रुपये के टेंडर लगाए जा चुके है और कुछ वार्डो में कार्य शुरू भी हो चुके है। नपा प्रधान ने कहा कि नगर के विकास के लिए सभी पार्षद एकजुट होकर कार्य करें।


शाहाबाद ट्रेड फेयर में गोले का स्वाद चखते पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदी।

# नवरात्रों के उपलक्ष में शाहाबाद में ट्रेड फेयर शुरू

## पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदी ने फीता काटकर की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**शाहाबाद** में नवरात्रों के उपलक्ष्य में हुड्डा मैदान में ट्रेड फेयर शुरू हो गया है। हालांकि यह मेला हर वर्ष चैत्र सप्तमी से शुरू होता है, लेकिन इस बार ट्रेड फेयर की शुरुआत पहले कर दी गई है। पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदी ने फीता काटकर ट्रेड फेयर की शुरुआत की है।

बेदी ने कहा कि पिछले कई सालों से कोविड के कारण मेले में पूरा रंग नहीं जम पाया था, इसलिए इस वर्ष लोगों में मेले को लेकर काफी उत्साह है। यहां के हुडा ग्राऊंड में इंडिया गेट सजाया गया है और अनेकों तरह के दुकानदार इस मेले में पहुंचे हैं। यहां हिंडोला, ड्रैगन, ब्रेक डांस झूलों के अलावा निशानेबाजी और बच्चों के मनोरंजन के लिए भी अनेक तरह के झूले लगाये गये हैं। पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदी ने सभी को नवरात्रों की शुभकामनाएं दी और सौहार्द व शांति के साथ इस पर्व को मनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं उन्होंने कहा कि नवरात्रों को लेकर सभी को बेटियों के लिए प्रति सकारात्मक सोच का संकल्प लेना चाहिए और बेटियों को समान शिक्षा व खेलने के अवसर प्रदान करने चाहिएं। मेला संचालक रमनदीप सिंह व नीरज सेठी ने पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदी और उनकी टीम का स्वागत पुष्प मालाओं के साथ किया। इस अवसर पर मुलख राज गुंबर, रमनदीप सिंह, राजू चावला, राज सतीजा, यशमघ, बलदेव सिंह गाबा, त्रिलोचन सिंह हांडा, जोगेन्द्र रत्ता, बलदेव राज सेठी, नीरज सेठी, अरूण कंसल, राकेश गर्ग, सुखविन्द्र गुमटी, अमृतपाल कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा शहर


कलश यात्रा में भाग लेती महिलाएं।

**सोनीपत।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्रीराम कथामृत का आयोजन 28 मार्च से 3 अप्रैल तक सैक्टर 23 हुड्डा ग्राउंड में किया जा रहा है, जिसके तहत आज प्रात: सुभाष चौक से मंगल कलश एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री कविता जैन ने नारियल फोड़कर एवं हवन यज्ञ में सम्मिलित होकर शुभारंभ किया। शोभा यात्रा सुभाष चौक से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए मिशन चौक, रोहतक रोड होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान जयश्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा में 1100 पीताम्बर धारी महिलायें कलश धारण करके चली और सैंकड़ो की संख्या में बढ़ चढ़ भक्तों नें शिरकत की। उनके कंठ से मुखरित हो रहे जय श्रीराम के जयघोष पूरे शहर को अहलादित कर रहे थे। कलश यात्रा गंगा की मानिंद प्रवाहित होती हुई वातावरण के कलुषित हृदय को पवित्र व निर्मल बनाती जा रही थी। कथा का संदेश सर्वत्र वितरित करते हुए व विश्व शांति की कामना का प्रचार, प्रसार करते हुए कथा स्थल पहुंचीं। तत्पश्चात् श्री रामायण जी का पूजन किया गया। हमारे शास्त्रों में आता है कि कलश के अग्रभाग में देवताओं का निवास होता है एवं यह कलश हमारे मस्तिष्क में स्थित अमृत का प्रतीक है और यह यात्र हमें इंगित करती है उस दिव्य अमृत को प्राप्त करने की ओर। शहर में विभिन्न स्थानों पर कलश यात्रा का भव्य स्वागत् किया गया।

### उदयन शालिनी फेलोशिप का वार्षिक मिलन सम्मेलन सम्पन्न


छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथिगण।

**कुरुक्षेत्र।** उदयन शालिनी फैलोशिप ने पूर्व शालिनी वार्षिक सम्मेलन आयोजन किया, जिसमें 50 से अधिक पूर्व शालिनियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मद फहीम खान, यूएसएफ के निर्देशक, आईटीवीटी निदेशक मनोज, एचआर प्रशांत, रीजनल मैनेजर आशीष सिंह, अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी के खिलाड़ी नूतन तनेजा ने भागीदारी की। कार्यक्रम में उदयन शालिनी की संयोजिका डॉ सुषमा शर्मा तथा उप संयोजक डॉ रामनिवास ने सभी का स्वागत किया। मंच संचालन शालिनी मुस्कान व ईशा ने किया। इसके बाद संजना, टीसा, ज्योतिका, खुशबू, नामिका, साक्षी ने नृत्य प्रस्तुति दी। बैच 8 की शालिनी कीर्ति ने आस्ट्रेलिया, अनु शर्मा ने कनाडा, सुनीता बैच-3 ने जयपुर में जल शक्ति मंत्रालय में कार्यरत, सुमिता बैच-3 ने फरीदाबाद में अध्यापक के रूप में कार्यरत ने आनलाइन जुड़ कर विचार सांझा किए कि किस प्रकार उदयन शालिनी फैलोशिप उनके लिए एक आशा की किरण बन कर सामने आया। मोहम्मद फहीम खान ने सभी शालिनियों का मार्गदर्शन किया, जिसमें उन्होंने सभी शालिनी को आगे बढ़ने तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### प्रथम कीर्तन दरबार गांव बजीदपुर में आज

**कुरुक्षेत्र।** गांव बजीदपुर के गुरु रविदास धाम में 28 मार्च को संत शिरोमणि गुरु रविदासजी महाराज का प्रथम कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक हुक्म चंद, ओमप्रकाश, वीरेंद्र रॉय, बीर सिंह, देवेंद्र कुमार ने बताया की यह कार्यक्रम मंगलवार रात्रि 8 बजे से शुभारंभ होगा। जिसमे कीर्तन जत्था बाबा प्रीत रविदासिया टोहाना वाले गुरु रविदास जी महाराज जी वाणी का गुणगान करेंगे।

# गीत माला कला मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** गीत माला कला मंच कुरुक्षेत्र द्वारा यहां एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दो दर्जन के करीब गायकों ने उम्दा गजलों के माध्यम से अपने फन को पेश किया। कवियों ने कविताएं सुनाईं।

गीत माला कला मंच की अध्यक्षा डॉ पूनम गासो ने बताया कि आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेरणा वृद्धाश्रम के संरक्षक जयभगवान सिंगला व उनकी पत्नी आशा सिंगला को मंच के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। जयभगवान सिंगला ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि रचनात्मक अभिरुचियों के विकास, तनाव मुक्ति और मोबाईल से दूर रहने के लिए इस तरह के कार्यक्रम बहुत कारगर हैं। उन्होंने करोना काल में सुन्दर चेहरों द्वारा मास्क पहनने की पाबंदी पर स्वरचित हास्य-कविता सुनाई।

# महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण अभियान के तहत निकाली साईकिल रैली


साइकिल रैली निकालती आंगनवाड़ी वर्कर, स्टाफ एवं अन्य विद्यार्थी।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**महिला** एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ कुसुम कंबोज के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे 5वें पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत सोमवार को थानेसर शहरी क्षेत्र में साइकिल जागरूकता रैली की का आयोजन किया गया।

पोषण स्टाफ वशिष्ठ कालोनी व सुपरवाइजर सुशीला रावत के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी वर्कर सीमा, अनिता व आशा, रिंपी व प्रवीण के नेतृत्व में स्कूली बच्चों व महिलाओं साइकिल जागरूकता रैली में भाग लिया। आंगनबाड़ी वर्कस द्वारा बच्चों को वजन एवं लम्बाई का माप किया गया, बच्चों, किशोरियों व गर्भवती महिलाओं को मोटे अनाज, प्रोटीन व कैल्शियम युक्त आहार लेने के बारे प्रेरित किया गया। सीडीपीओ कुसुम कंबोज ने बताया कि महिला एंव बाल विकास विभाग की ओर से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सुपरवाइजर सुशीला रावत ने महिलाओं को पोषाहार के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि हमें स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार लेना बहुत आवश्यक है।

# नन्हे मुन्ने बच्चों का शाला प्रवेश हवन और पेरेंट्स ओरिएंटेशन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**लिटल** एंजल्स स्कूल में सोमवार को नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए धूमधाम से शाला प्रवेश पेरेंट्स ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बच्चों को जीवन में संस्कारों के महत्व के साथ शिक्षा का महत्व बताया गया।

विद्यालय की यज्ञशाला में सभी बच्चों से हवन की पुण्य अग्नि में आहुति दिलवाई गई। तत्पश्चात् मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर उनकी आराधना की गई। अध्यापिकाओं ने नन्हे मुन्नों को तिलक लगाया व स्नेह आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय में आए सभी अभिभावकों को विद्यालय की गतिविधियों व


नन्हें-मुन्ने बच्चों की शालाप्रवेश के दौरान स्कूल स्टाफ।

विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्वीमिंग पूल, विज्ञान प्रयोगशालाएं, एक्टिविटी, संगीत कक्ष, बैडमिंटन हॉल, ऑडिटोरियम, 3.डी थिएटर, गैलेक्सी, लैंग्वेज लैब व मल्टी स्पोर्टस कॉम्लैक्स आदि के बारे में जानकारी दी गई।, अध्यापिकाओं ने सभी अभिभावकों को विद्यालय की लैस बैग पॉलिसी के बारे में भी जानकारी दी। अब बच्चे अध्यापकों द्वारा बनाई गई वर्कशीट से ही अपना कार्य करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी बच्चों को शिक्षा के चहुंमुखी विकास का महत्वपूर्ण तथ्य बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन उस नींव के समान है।

# सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में कार्यक्रम सुर-संगम का आगाज

**कुरुक्षेत्र।** सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में कार्यक्रम सुर-संगम का आयोजन धूमधाम और हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल चेयरमैन सतपाल शर्मा, आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संस्थापक सोहन लाल सैनी, रॉयल आर्यन शिक्षा निकेतन के संस्थापक राकेश गेरा, गुरु गोविंद नाथ स्कूल के संस्थापक विजय मेहता और रुकमण कान्वेंट स्कूल के संस्थापक गौरव नारंग ने दीप प्रज्ज्वलित करके की।

कार्यक्रम में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसीपल उर्मिला सैनी, मॉर्निंग स्टार स्कूल की प्रिंसीपल किरण गेरा, गुरु गोविंद स्कूल की प्रिंसीपल मोनिका मेहता, रुक्मणी कान्वेंट स्कूल प्रिंसीपल प्रिया नारंग, लिटिल कैंपस स्कूल के संस्थापक पंकज अरोड़ा, निवेदिता पब्लिक स्कूल के संस्थापक मेवा राम ने बतौर वशिष्ठ अतिथि शिरकत की। बच्चों द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्राओं ने मां सरस्वती वंदना करते हुए मां को याद किया। सत्य श्रीसाईंजी का भजन मुकेश आनंद ने बच्चों के साथ प्रस्तुत किया। कक्षा छठी और कक्षा सातवीं के बच्चों ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही


कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथिगण।

लूटी। कक्षा पहली के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण और गोपियों का रूप धारण कर मनोरंजक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अभिभावकों ने बच्चों के हुनर की तारीफ की। पहली कक्षा के बच्चों ने बाकी सब फर्स्ट है...गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को दांतों तल अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया। कक्षा तीसरी के छोटे-छोटे बच्चों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए उपस्थित सभी अभिभावकों को संदेश दिया कि स्वच्छता हमारी सेहत के लिए कितनी आवश्यक है। कक्षा दूसरी के बच्चों ने पंजाबी विरसा को याद करते हुए भंगड़े पर प्रस्तुति दी। स्कूल के संस्थापक विपिन शर्मा ने स्कूल की उपलब्धियों और गतिविधियों के बारे में अभिभावकों को विस्तार से जानकारी दी।

# सेवा ट्रस्ट ने नवरात्रों के उपलक्ष्य में 121 लोगों को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**सेवा** ट्रस्ट यूके द्वारा नवरात्रों के उपलक्ष्य में आर सी सी कंप्यूटर सैंटर बराडा में सम्मान समारोह का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित 121 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल और ट्रस्टी विवेक शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के स्टेट कोआर्डिनेटर पवन पराशर व ब्लाक कोआर्डिनेटर गुरदेव सिंह द्वारा किया गया।


कन्याओं को सम्मानित करते पदाधिकारी।

इस अवसर पर मित्तल ने बताया कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए नवरात्रों में ट्रस्ट ने एक नई पहल शुरू गई। ट्रस्टी विवेक शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट लगातार स्कूली बच्चों, वृद्धाश्रमों, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोगों, ग्रामीण महिलाओं, आशा कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मचारियों, सफाई कर्मियों, खिलाडियों, रक्तदाताओं को भी समय-समय पर सम्मानित करती रहती है। इस अवसर पर बराडा के गणमान्य व्यक्ति, ट्रस्ट के सदस्य गुरूदेव सिंह बराडा, पवन पराशर, जस्तार केसरी और अन्य ट्रस्ट सदस्य उपस्थित रहे।

# नवरात्रों में कन्या पूजन की परंपरा वैदिक युग से चली आ रही है : राजेंद्र सैनी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**नवरात्रों** में कन्या पूजन की परंपरा को सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) द्वारा बहुत ही बेहतर तरीके से निभाया जा रहा है। विशेषकर ग्रामीण आंचल में स्थित सरकारी स्कूलों में बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के साथ धार्मिक परंपराओं से भी अवगत करवाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट द्वारा नवरात्रों में नौ दिन का कन्या पूजन एवं सम्मान अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) द्वारा छठे दिन भी राजकीय प्राथमिक पाठशाला पटाक माजरा में नवरात्रों के उपलक्ष्य में कन्या पूजन समारोह का आयोजन कर 51 कन्याओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड


कन्या पूजन के उपरांत उपहार के साथ बच्चे।

कोआर्डिनेटर राजेंद्र सैनी ने की। प्राचार्य रामप्रसाद खटक ने इस नेक कार्य के लिए सेवा ट्रस्ट का धन्यवाद किया। ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा जिला कुरूक्षेत्र में 245 से ज्यादा कार्यक्रम कर 74 हजार से ज्यादा स्कूली बच्चों, वृद्धाश्रमों, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोगों, कुष्ट आश्रम में रहने वाले परिवारों, ग्रामीण महिलाओं, आशा वर्कर्स, स्वास्थ्य कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों, खिलाडियों, रक्तदाताओं को डाबर की इम्युनिटी बुस्टर किट देकर सम्मानित कर चुके हैं। कार्यक्रम में अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी कन्याओं को डाबर रियल जूस, शैम्पू, टूथपेस्ट, टूथब्रश, हेयर आयल, शहद आदि देकर सम्मानित किया गया।

# योग से मनुष्य की शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास होता है : गुलशन ग्रोवर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भारतीय** योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर द्वारा जिला रेडक्रास समिति, कुरुक्षेत्र के प्रधान एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के सुयोग्य मार्गदर्शन तथा सचिव डॉ सुनील कुमार के कुशल निर्देशन में समिति द्वारा जिला के नौ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए सिरसला रोड स्थित स्काइट इंस्टीच्यूट में आयोजित जूनियर रेड क्रॉस शिविर में समिति की जिला प्रशिक्षण अधिकारी एवं शिविर संयोजक अंजू कश्यप के निदेर्शानुसार शिविर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 100 प्रतिभागियों व उनके कार्यक्रम


शिविर में योगाभ्यास करवाते भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता एवं जिला रेडक्रॉस के कार्यकारिणी सदस्य गुलशन कुमार ग्रोवर।

संयोजकों को आसन, प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया गया।

जूनियर रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए ग्रोवर ने बताया कि योग का वास्तविक उद्देश्य अपनी आत्मा को परमात्मा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि योग का नियमित अभ्यास हमें शारीरिक व मानसिक रूप से तो सशक्त व विकसित बनाता ही है, बौद्धिक व आध्यात्मिक रूप से भी हमारी क्षमताओं को इतना बढ़ा देता है कि हम ध्यान साधना में बैठकर सहज ही अपने परमात्मा की अनुभूति कर सकते हैं।

# नगर आयुक्त ने नगर पालिका सचिवों के साथ स्वामित्व योजना पर की समीक्षा

## नपा की दुकानों का स्वामित्व हक देने के लिए प्राप्त आवेदनों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**जिला** नगर आयुक्त अभिषेक मीणा ने नगर पालिका सचिवों के साथ एक समीक्षा मीटिंग कर निर्देश दिए कि स्वामित्व स्कीम को लेकर जो भी आवेदन सही पाए गए हैं, उनको जल्द से जल्द मालिकाना हक देने की कार्रवाई अमल में लाई जाए। सारा काम चैकलिस्ट के अनुसार हो। यदि कोई आवेदक स्कीम से जुड़े दस्तावेज पूरे नहीं कर पा रहा, तो उस सूरत में उसका आवेदन रद्द कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के काम को स्पीडअप करें, इसमें अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिएं। खास यह है कि आयुक्त ने सचिवों को यह काम मीटिंग के बाद अपने-



अपने कार्यालयों में जाकर आज ही निपटाने के निर्देश दिए। मीटिंग में नगर पालिका तरावड़ी, इन्द्री, नीलोखेड़ी, असंध व घरौंडा के सचिवों के अतिरिक्त उप निगमायुक्त अरूण भार्गव भी मौजूद रहे। गौर हो कि इस काम को तेजी से पूरा करने के लिए नगर निगम आयुक्त पहले भी समीक्षा मीटिंग कर चुके हैं।

यह है नगर पालिका अनुसार आवेदकों की संख्या- मीटिंग में जिला नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि घरौंडा नगर पालिका में स्वामित्व योजना का लाभ लेने के लिए 65 दुकानदारों ने आवेदन जमा कराए थे। इनमें से 2 आवेदनों पर कार्रवाई पूरी कर उन्हें पोर्टल पर ओके कर दिया गया है। कुछ आवेदन ऐसे हैं, जिनमें दुकानों की निशानदेही करवाई जा रही है तथा कुछ दुकाने पीडब्ल्यूडी की भूमि पर बनी हुई हैं। जिला नगर आयुक्त ने सचिव को निर्देश दिए कि नगर पालिका की दुकानों से सम्बंधित जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई पूरी करें।

उन्होंने बताया कि इन्द्री में नगर पालिका की 62 दुकानों के आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें से नगर पालिका सचिव द्वारा 11 आवेदनों को पोर्टल पर ओके कर दिया है, शेष पर कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार तरावड़ी में 17 आवेदनों पर कार्रवाई आज ही पूरी करने के निर्देश नगर पालिका सचिव को दिए गए। जबकि नीलाखेड़ी में 44 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिला नगर आयुक्त ने बताया कि इनमें से 41 दुकाने पुनर्वास विभाग की जमीन पर निर्मित रहने के कारण उन पर आगे की कार्रवाई नहीं की जा सकती और इन आवेदनों को पुनर्वास विभाग के पास प्रेषित कर दिया गया है, 3 आवेदन नियम पूरे नहीं करने पर, रद्द होंगे।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त असंध में 19 दुकानदारों ने नगर पालिका कार्यालय में आवेदन जमा करवाए थे, इनमें से 3 पर सम्बंधित सचिव की ओर से कार्रवाई पूरी कर दी गई है, शेष पर कार्रवाई की जा रही है। निसिंग में स्वामित्व योजना को लेकर कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

# एएसआई ने राखीगढ़ी स्थित हड़प्पा कालीन स्थल का विकास शुरू किया : सरकार

## संसद सदस्य सुनीता दुग्गल ने पूछा था, क्या राखीगढ़ी को प्रसिद्ध स्थल के रूप में पुनर्विकसित करना शुरू कर दिया है?

**रेड्डी ने कहा, एएसआई की सहायता से हरियाणा सरकार वर्ष 2025 तक पूरा कर लेगी**



एजेंसी। नई दिल्ली

**सरकार** ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने प्रतिष्ठित स्थल के रूप में राखीगढ़ी स्थित हड़प्पा कालीन स्थान के विकास के लिए कार्य प्रारंभ किया है। लोकसभा में सुनीता दुग्गल के प्रश्न के लिखित उत्तर में संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी ने यह जानकारी दी। सदस्य ने पूछा था कि क्या सरकार ने राखीगढ़ी को प्रसिद्ध स्थल के रूप में पुनर्विकसित करने का कार्य शुरू कर दिया है?

इस पर, केंद्रीय मंत्री ने कहा, जी, हां। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने प्रतिष्ठित स्थल के रूप में राखीगढ़ी स्थित हड़प्पा कालीन स्थल के विकास के लिए कार्य प्रारंभ किया है। स्थल पर उत्खनन किया जाना एक सतत प्रक्रिया है। रेड्डी ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की तकनीकी सहायता से हरियाणा सरकार द्वारा संग्रहालय विकसित किया जा रहा है और उक्त कार्य वर्ष 2025 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राखीगढ़ी का उत्खनन अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वरिष्ठ पुरातत्वविदों के पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें वैज्ञानिक जांच हेतु अन्य संगठनों एवं वैज्ञानिकों का सहयोग भी लिया जा रहा है।

# कोविड-19 : देश में 134 दिन बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या 10 हजार के पार



एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** में कोरोना वायरस से संक्रमण के 1805 नए मामले मिले हैं, जिसके बाद देश में 134 दिन के बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या 10 हजार के पार पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 3.19 प्रतिशत है जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 1.39 प्रतिशत है। मंत्रालय के मुताबिक, देश में उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या 10,300 हो गई है। बीते 24 घंटे में संक्रमण से छह लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,30,837 हो गई है। चंडीगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एक-एक संक्रमित की मौत हुई है जबकि केरल में संक्रमण से दो लोगों की मौत की सूचना है।

आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमितों की संख्या 4.47 करोड़ (4,47,05,952) हो गई हैं। मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या कुल मामलों का 0.02 प्रतिशत है जबकि संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.79 फीसदी है। अबतक 4,41,64,815 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक कोविड-19 रोधी टीके की 220.65 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

# राहुल दूर-दूर तक भी कभी सावरकर नहीं बन सकते : केंद्रीय मंत्री

## अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया, प्रिय श्रीगांधी, आप सपने में भी कभी सावरकर नहीं हो सकते

**कहा, सावरकर की बुराई कर राहुल अपनी दादी, नेताजी बोस, भगत सिंह और महात्मा गांधी का कर रहे अपमान**



एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह दूर-दूर तक भी कभी वीर सावरकर नहीं बन सकते क्योंकि इसके लिए दृढ़ संकल्प और देश के प्रति प्रेम होना चाहिए। राहुल गांधी के हाल ही में दावा किया था कि सावरकर ब्रिटिश उपनिवेशवादियों के समर्थक थे। वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करने के लिए कभी भी खेद व्यक्त नहीं करेंगे।

ठाकुर ने इन दावों के संदर्भ में रविवार को ट्वीट किया, प्रिय श्रीगांधी, आप सपने में भी कभी सावरकर नहीं हो सकते क्योंकि सावरकर होने के लिए दृढ़ संकल्प, भारत के लिए प्यार, निस्वार्थता और प्रतिबद्धता की जरूरत होती है।

ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी दूर-दूर तक कभी सावरकर नहीं हो सकते क्योंकि स्वतंत्रता सेनानी ने न तो साल में छह महीने विदेश यात्रा की और न ही अपने देश के खिलाफ विदेशियों से मदद मांगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा, वह भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करने के लिए एक आंदोलन शुरू करने के वास्ते ब्रिटेन गए थे।

उन्होंने कहा, वीर सावरकर जी के खिलाफ लगातार गलत बयान देने वाले झूठ के मास्टर राहुल गांधी को बेनकाब करने का समय आ गया है। ठाकुर ने सावरकर की जन्म शताब्दी के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लिखा गया एक पत्र भी ट्विटर पर साझा किया।

इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को लिखे इस पत्र में कहा था, ब्रिटिश सरकार के खिलाफ साहस दिखाने वाले वीर सावरकर का हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अपना महत्वपूर्ण स्थान है। मैं भारत के इस उल्लेखनीय सपूत की जन्म शताब्दी मनाने की योजना के सफल होने की कामना करती हूं। ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान सावरकर पर एक वृत्तचित्र जारी किया था ताकि राष्ट्र के लिए उनकी वीरता, बलिदान और निस्वार्थ सेवा को स्वीकार किया जा सके।

मंत्री ने भगत सिंह की जेल नोटबुक के अंश भी साझा किए जिसमें क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी ने सावरकर द्वारा लिखित पुस्तकों से नोट्स बनाए थे। भाजपा के नेता ने कहा कि यहां तक कि कांग्रेस ने 1923 में अपने काकीनाडा अधिवेशन में सावरकर के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया था।

ठाकुर ने कहा, जरा सोचिए, एक ऐसा व्यक्ति जिसकी दादी ने महान व्यक्तित्व वीर सावरकर का सम्मान किया और उस युग के किसी भी महापुरुष ने उनके बारे में कभी बुरा नहीं कहा। ये सब बातें कहकर राहुल गांधी केवल सावरकर का नहीं बल्कि अपनी दादी, नेताजी बोस, भगत सिंह और यहां तक कि (महात्मा) गांधीजी का भी अपमान कर रहे हैं।

### इंदिरा गांधी ने जारी किया था डाक टिकट

**केंद्रीय** मंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन में सावरकर के योगदान को स्वीकार करने के लिए एक डाक टिकट भी जारी किया था।

### गांधी परिवार खुद को सबसे अलग, संविधान से ऊपर मानता है : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह खुद को सबसे अलग, कुलीन व संविधान से ऊपर मानता है। राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने के बाद से विपक्षी दल कांग्रेस ने देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि न तो भाजपा और न ही सरकार का, मानहानि के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद वायनाड के सांसद को अयोग्य घोषित किए जाने से कोई लेना-देना है।

# अडाणी समूह में जनता के पैसे के निवेश की जांच से सरकार को डर क्यों: राहुल

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सवाल किया कि अडाणी समूह में जनता के पैसे का निवेश क्यों किया जा रहा है और सरकार इसकी जांच कराने से डर क्यों रही है।

उन्होंने ट्वीट किया, एलआईसी की पूंजी, अडाणी को, एसबीआई की पूंजी, अडाणी को, ईपीएफओ की पूंजी भी, अडाणी को, मोडानी के खुलासे के बाद भी, जनता के रिटायरमेंट का पैसा अडानी की कंपनियों में निवेश क्यों किया जा रहा है? राहुल गांधी ने सवाल किया, प्रधानमंत्रीजी, न जांच, न जवाब, आखिर इतना डर क्यों? कांग्रेस अमेरिकी वित्तीय शोध संस्था हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से अडाणी समूह और प्रधानमंत्री पर लगातार हमले कर रही है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह के खिलाफ फर्जी तरीके से लेन-देन और शेयर की कीमतों में हेर-फेर सहित कई आरोप लगाए थे। अडाणी समूह ने इन आरोपों को झूठा करार देते हुए कहा था कि उसने सभी कानूनों और प्रावधानों का पालन किया है।

# छत्तीसगढ़ : बाघ के हमले में दो लोगों की मौत, एक घायल

एजेंसी। सूरजपुर

**छत्तीसगढ़** के सूरजपुर जिले में सोमवार को एक बाघ के हमले में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूरजपुर की जिलाधिकारी इफ्फत आरा ने बताया कि सोमवार सुबह ओडगी विकासखंड के कलामंजन गांव के पास बाघ के हमले में दो लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान कैलाश सिंह और समय लाल तथा घायल व्यक्ति की पहचान राय सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया, जब तीनों ग्रामीण लकड़ियां एकत्र करने जंगल गए थे तब बाघ ने उन पर हमला कर दिया। इस घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद अन्य ग्रामीणों ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। हालांकि, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय रास्ते में ही एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे ने पड़ोसी सरगुजा जिले के मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायल राय सिंह की हालत स्थिर बताई जा रही है। इफ्फत आरा ने बताया कि जिला प्रशासन और वन अधिकारियों के दलों को घटनास्थल भेजा गया है। स्थानीय लोगों को जंगल में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

# सरकारी कर्मियों के खिलाफ मुकदमे के लिए मंजूरी पर 6 महीने के भीतर फैसला करें : अदालत

**उच्च न्यायालय ने 24 आपराधिक मामलों में मजिस्ट्रेट अदालत के संज्ञान को रद् कर कहा**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक पंचायत के पूर्व कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ 24 आपराधिक मामलों में एक मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान को रद्द कर दिया है क्योंकि इनमें से किसी भी मामले में सक्षम प्राधिकार द्वारा मंजूरी नहीं ली गई थी। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने प्राधिकारों को निर्देश दिया कि सरकारी अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी के लिए किए गए अनुरोधों पर वे छह महीने के अंदर फैसला करें।

उच्च न्यायालय ने कहा, संबंधित सक्षम प्राधिकारियों द्वारा निर्णय नहीं लेने पर उत्पन्न होने वाली इस तरह की मुकदमेबाजी के मद्देनजर...मुझे यह उचित लगता है कि संबंधित सक्षम प्राधिकारी जांच एजेंसी के अनुरोध पर छह महीने की अधिकतम सीमा के साथ फैसला करेंगे, क्योंकि केवल मंजूरी के अभाव में, भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामले में भी कार्यवाही रद्द कर दी जाती है।

एमएस फनीशा राज्य के हासन जिले के अरकलागुडु तालुक पंचायत के कार्यकारी अधिकारी थे। वह अभी तवरदेवराकोप्पलु में वरिष्ठ व्याख्याता के रूप में काम कर रहे हैं। जब वह 2009-10 में पंचायत अधिकारी थे, तब अरकलागुडु में मनरेगा कार्य हुए थे। आरोप था कि फनीशा ने संबंधित विभागों से मंजूरी के बिना कार्य कराए जिससे सरकार को नुकसान हुआ। पांच साल की जांच के बाद 2016 में, 24 मामलों में उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किए गए थे। इसके साथ ही विभागीय जांच भी शुरू की गई और जांच अधिकारी ने 2020 में कहा कि उनके खिलाफ लगे आरोप साबित नहीं हुए और सरकारी कोष को कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके आधार पर, फनीशा ने आपराधिक मामलों के खिलाफ 2022 में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

# वित्त विधेयक 2023 को संसद की मंजूरी हंगामे के बीच राज्यसभा ने लौटाया

**सभापति ने कहा, जो आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर नहीं रखे जा सके, उन्हें रखा मान लिया जाए**



एजेंसी। नई दिल्ली

**राज्यसभा** ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच सरकार द्वारा लाए गए संशोधनों के साथ वित्त विधेयक 2023 को बिना चर्चा के ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया। इसी के साथ ही आगामी वित्त वर्ष के बजट की प्रक्रिया उच्च सदन में पूरी हो गई।

उच्च सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे शुरू हुई तब सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सुबह जो आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर नहीं रखे जा सके थे, उन्हें रखा गया मान लिया जाए। इसी बीच कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के कई सदस्य अडाणी समूह से जुड़े आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित किए जाने की मांग को लेकर हंगामा करने लगे।

हंगामे के बीच ही वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सामान्य बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगें और उससे संबंधित विनियोग विधेयक सदन में पेश किया। सदन ने चर्चा के बिना जम्मू-कश्मीर के सामान्य बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगें और उससे संबंधित विनियोग विधेयक को ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया। इसके बाद सभापति की अनुमति से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से वित्त विधेयक 2023 को सदन में पेश किया।

### लोस में काले परिधानों में आए कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों के सदस्य

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने के विरोध स्वरूप काले कपड़े पहनकर आए कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने सोमवार को सदन में शोर-शराबा किया। कांग्रेस के दो सांसदों ने कागज फाड़कर आसन की ओर फेंके जिसके कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद शाम चार बजे तक स्थगित कर दी गई।

# देश में अभी 52 स्थल विश्व विरासत की अस्थाई सूची में हैं : सरकार

एजेंसी। नई दिल्ली



**संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोक सभा में ये जानकारी दी**

**सरकार** ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि विश्व विरासत में शामिल होने से पहले किसी स्थल को एक वर्ष के लिए अस्थाई सूची में रखा जाता है। वर्तमान में भारत के 52 स्थल इस सूची में हैं।

लोकसभा में सुमेधानन्द सरस्वती और डॉ. मनोज राजोरिया के प्रश्न के लिखित उत्तर में संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी ने यह जानकारी दी। सदस्यों ने राजस्थान सहित देश में केंद्र द्वारा संरक्षित विरासत स्थलों, मंदिरों और स्मारकों का ब्योरा मांगा था।

इस पर, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया कि देश में 3,696 केंद्र संरक्षित स्मारक स्थल हैं जिनमें राजस्थान के 163 स्मारकास्थल शामिल हैं। उन्होंने कहा, विश्व विरासत सूची में विरासत स्थलों को शामिल करने की कोई विशिष्ट योजना नहीं है। प्रत्येक संपत्ति का चयन स्थल के बारे में उपलब्ध डोजियर की गुणवत्ता के अतिरिक्त उसके उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य, प्रामाणिकता और अखंडता के आधार पर किया जाता है। यह यूनेस्को के परिचालनात्मक दिशा निर्देश 2021 के अनुसार होता है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विश्व विरासत में शामिल होने से पहले किसी स्थल को एक वर्ष के लिए अस्थाई सूची में रखा जाना होता है और वर्तमान में भारत के 52 स्थल अस्थाई सूची में हैं जिनमें राजस्थान के दो स्थान शामिल हैं। रेड्डी द्वारा लोकसभा में पेश किए गए आंकड़े के अनुसार, पिछले तीन वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान टिकट वाले संरक्षित स्मारकों में 8.76 करोड़ पर्यटक आए और इस अवधि में प्रवेश टिकटों की बिक्री से 486 करोड़ रूपए राजस्व अर्जित किया गया।

# अतीक अहमद की पुलिस गाड़ी ने मप्र के शिवपुरी में गाय को मारी टक्कर

## पत्रकारों ने अतीक अहमद से पूछा, क्या वह डर रहा है तो उसने कहा, काहे का डर

**सामने आए वीडियो में सड़क की ओर बढ़ती एक गाय को अहमद को ले जा रहा वाहन मार देता है टक्कर**



एजेंसी। भोपाल/शिवपुरी

**माफिया** से राजनेता बने अतीक अहमद को लेकर प्रयागराज ले जा रही उत्तर प्रदेश पुलिस के काफिले के एक वाहन ने सोमवार सुबह झांसी में प्रवेश करने से पहले मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक गाय को टक्कर मार दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सुबह करीब छह बजकर 25 मिनट पर हुई इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि सड़क की ओर बढ़ती एक गाय को अहमद को ले जा रहा वाहन टक्कर मार देता है, जिससे गाय सड़क डिवाइडर के पास गिर जाती है। घटना के बाद आगे की यात्रा शुरू करने से पहले पुलिस का वाहन वहां कुछ देर रुका रहा। एक पुलिस अधिकारी ने इस घटना की पुष्टि की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गाय थोड़ी देर बाद उठकर चली गई। तेंदुआ थाना प्रभारी मनीष कुमार जादौन ने बताया कि गाय को टक्कर मारने वाले वाहन में अतीक अहमद सवार था। इसके बाद अहमद को ले जा रही उत्तर प्रदेश पुलिस का काफिला झांसी जिले में प्रवेश से पहले सोमवार सुबह करीब सात बजे थोड़ी देर के लिए मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के खराई में रुका, ताकि अहमद शौच कर सके। जब सफेद पगड़ी पहने अहमद पुलिस वैन से नीचे उतरा तो पत्रकारों ने उससे पूछा कि क्या वह डर रहा है तो उसने जवाब दिया काहे का डर। इसके तुरंत बाद पुलिसकर्मी उसे पत्रकारों से दूर ले गए। गौरतलब है कि अहमदाबाद में साबरमती सेंट्रल जेल से रविवार शाम बाहर निकलने के बाद अहमद ने आशंका जताई थी कि उसकी हत्या की जा सकती है। अहमद ने जेल के बाहर संवाददाताओं से कहा था, हत्या, हत्या। स्थानीय पुलिस अधिकारी मनीष कुमार जादौन ने कहा, काफिला शिवपुरी जिले के खराई में सुबह करीब सात बजे रुका, ताकि अहमद शौच कर सके।

# सुप्रीम कोर्ट लोकसभा सचिवालय के खिलाफ फैजल की याचिका पर आज करेगा सुनवाई

## अयोग्यता संबंधी अधिसूचना वापस नहीं लेने के खिलाफ सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ सुनेगी केस

**केरल उच्च न्यायालय के फैजल की सजा पर रोक के बावजूद लोस सचिवालय ने सदस्यता नहीं की थी बहाल**



एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता मोहम्मद फैजल की लोकसभा सचिवालय के खिलाफ याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया है। हत्या के प्रयास के एक मामले में 11 जनवरी को सुनवाई अदालत द्वारा उन्हें दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई गई थी। उसके बाद उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। केरल उच्च न्यायालय ने उनकी सजा पर रोक लगा दी थी लेकिन लोकसभा सचिवालय ने सांसद के रूप में अयोग्य घोषित करने वाली अधिसूचना को वापस नहीं लिया है और राकांपा नेता ने इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने लक्षद्वीप के पूर्व सांसद फैजल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलों पर गौर किया कि दोषसिद्ध और सजा पर उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के बावजूद उन्हें सांसद के रूप में बहाल नहीं किया गया है।

सिंघवी ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ केंद्र की अपील पर मंगलवार को उच्चतम न्यायालय की एक अन्य पीठ के समक्ष सुनवाई होने वाली है। इस पर पीठ ने कहा, इसे (लक्षद्वीप की) विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) के साथ जोड़ दें। राकांपा नेता की ओर से पेश सिंघवी ने कहा कि इस साल जनवरी में एक स्थानीय अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाए जाने के तुरंत बाद लोकसभा ने फैजल को सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया था, लेकिन निचली अदालत के आदेश पर उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाने के बावजूद फैजल की सदस्यता अभी तक बहाल नहीं की गई है।

लोकसभा सचिवालय द्वारा 13 जनवरी को जारी एक अधिसूचना के अनुसार फैजल 11 जनवरी से लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए गए थे। फैजल ने अधिवक्ता के. आर. शशिप्रभु के जरिए सर्वोच्च अदालत में दायर अपनी याचिका में कहा कि लोकसभा सचिवालय ने इस तथ्य के बावजूद अधिसूचना वापस नहीं ली है कि उच्च न्यायालय ने 25 जनवरी को उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी।

याचिका में कहा गया है कि विभिन्न ज्ञापनों के बाद भी लोकसभा सचिवालय ने अयोग्यता अधिसूचना को वापस नहीं लिया है और फैजल को संसद के मौजूदा बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ और इसका पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त हुआ। अवकाश के बाद 13 मार्च को बजट सत्र का दूसरा चरण फिर शुरु हुआ।



# ग्रेनो प्राधिकरण के 26 आवासीय भूखंड 3 गुना अधिक दाम पर बिके

## सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर संपत्ति विभाग ने लान्च की थी योजना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना बेहद सफल साबित हो रही है। इस योजना के 26 भूखंडों का ऑनलाइन ऑक्शन रविवार को हुआ, जिसमें इन भूखंडों पर रिजर्व प्राइस से लगभग 3 गुना अधिक कीमत पर बोली लगाई गई। सेक्टर 2 स्थित 162 वर्ग मीटर का एक भूखंड निर्धारित रिजर्व प्राइस 172 फीसदी अधिक दर पर बिका है। भूखंडों का ड्रा 4 दिन और चलेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर संपत्ति विभाग ने 20 जनवरी को 166 आवासीय भूखंडों की योजना लान्च की थी। योजना में 162 वर्ग मीटर से लेकर 738 वर्ग मीटर एरिया तक के भूखंड शामिल हैं। ये भूखंड ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 2, सेक्टर चाई थ्री, फाई थ्री, डेल्टा टू, डेल्टा थ्री, सिग्मा 2, सिग्मा वन में स्थित हैं। योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 फ रवरी थी। इस योजना के भूखंडों के लिए एसबीआई के पोर्टल के जरिए आवेदन किये गये। रविवार से इन भूखंडों का ऑनलाइन ऑक्शन शुरू हो गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आनंद वर्धन ने बताया कि पहले दिन 26 भूखंडों का ऑनलाइन ऑक्शन हुआ। पहले दिन के ड्रा में 162 वर्ग मीटर और 220 वर्ग मीटर एरिया के भूखंड शामिल किए गए थे। इन 26 भूखंडों से रिजर्व प्राइस के आधार पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 18.22 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद थी, लेकिन ऑनलाइन ऑक्शन होने पर ये भूखंड औसतन लगभग 3 गुना अधिक कीमत पर भूखंड बिके। प्राधिकरण को इन 26 भूखंडों से 3 माह में लगभग 52 करोड़ रुपए मिलेंगे। इतना ही नहीं, ग्रेटर नोएडा में आवासीय भूखंड पाने की चाहत के चलते रविवार को ऑक्शन के दौरान देखने को मिला। सेक्टर 2 स्थित 162 वर्ग मीटर का एक भूखंड निर्धारित रिजर्व प्राइस 172 फीसदी अधिक दर पर बिका है।

# भाजपा नेता की पुलिसकर्मियों के सामने होती रही पिटाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- लापरवाही पर शालीमार गार्डन चौकी इंचार्ज समेत दो सस्पेंड

**कोतवाली** थाना क्षेत्र के शालीमार गार्डन में रविवार शाम को दुकान के विवाद में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रिजवान से हुई मारपीट में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। आरोपित पुलिसकर्मियों के सामने ही उन्हें पीटते रहे। पुलिस मूकदर्शक बनी रही। लापरवाही सामने आने पर पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन ने चौकी प्रभारी शालीमार गार्डन योगेश कुमार और मुख्य आरक्षी शाहिद खान को सस्पेंड कर दिया है।

रविवार शाम को पुलिस को शालीमार गार्डन के भारत माता चौक पर दो पक्षों में मारपीट की सूचना मिली। सूचना पाकर सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद भास्कर वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के रिजवान अहमद घायल हालत में थे। उनका कुर्ता फटा हुआ था। शरीर पर चोट के निशान थे। रिजवान अहमद और अब्दुल साबिर के बीच दुकान के स्वामित्व और किराये को लेकर विवाद चल रहा है। यह विवाद वर्ष 2019 से चल रहा है। रविवार शाम को रिजवान दुकान के पास से निकल रहे थे। दुकान पर लगा कैमरा तिरछा देखकर वह कार से उतरकर वीडियो बनाने लगे। आरोप है कि दूसरे पक्ष से अब्दुल साबिर समेत करीब एक दर्जन महिला और पुरुष के साथ वहां पहुंचे। इस दौरान मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद घायल रिजवान को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। रिजवान की ओर से नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## संक्षिप्त समाचार



### भाकियू लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं की पंचायत

**नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के गेट पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने पंचायत का आयोजन। इस पंचायत में क्षेत्र के काफी किसान शामिल हुए। इस दौरान किसानों की ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे, आवारा पशुओं का इंतजाम व कृषि सुरक्षा बल और उसके अलावा घरौनी बनाने की मांग को लेकर इन लोगों ने पंचायत की। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम सदर को भी सौंपा। सोमवार को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के गेट पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के द्वारा एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में क्षेत्र के काफी किसान शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर स्वराज सिंह ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अभी तक घरोनी बनाने का काम शुरू नहीं किया गया है।

### लूप की मांग को लेकर चालीसवें दिन भी धरना जारी

**गाजियाबाद।** मोहिउद्दीनपुर खरखौदा मार्ग पर दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर लूप की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना सोमवार को 40वें दिन भी जारी रहा। एनएचएआई द्वारा 17 लोगों पर कराए गई रिपोर्ट के खिलाफ आरपार की लड़ाई का एलान किया है। कल होने वाली महापंचायत में आंदोलन की आगे की रणनीति की तय की जाएगी। गांव भोजपुर से मेरठ के शास्त्री नगर तक दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे के पांचवें चरण का निर्माण कार्य चल रहा है। मोहिउद्दीनपुर खरखौदा मार्ग पर लूप की मांग को लेकर ग्रामीण 40 दिन से गांव चुड़ियाला में एक्सप्रेस वे के पास धरना दे रहे है। एक सप्ताह पूर्व ग्रामीणों ने एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य रोक दिया था। तीन दिन पूर्व एनएचएआई द्वारा 17 किसानों के खिलाफनिर्माण कार्य रोकने पर भोजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी।

### विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर निकाली गई रैली

**नोएडा।** कभी निर्माण कार्य के लिए इस्तेमाल होने वाला बुलडोजर प्रचार के लिए इस्तेमाल होने लगा है। ग्रेटर नोएडा के गांव सादोपुर झाल में 1 अप्रैल को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इस दौरान निकाली गई जागरूकता रैली में बुलडोजर पर झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें माफियाओं को सख्त संदेश देने का प्रयास किया गया। जागरूक रैली में बडी संख्या में चार पहिया और दो पहिया वाहन शामिल रहे। लेकिन सबसे ज्यादा लोगों को बुलडोजरों पर निकाली गई झांकी ने आकर्षित किया।

### थ्री सी ग्रीन डेवलपर्स को स्पोर्ट्स सिटी के लिए नोटिस

**गाजियाबाद।** लीड डीड की शर्तों का उल्लंघन करने पर प्राधिकरण ने बड़ी कार्यवाही करते हुए थ्री सी ग्रीन डेवलपर्स को नोटिस किया है। ये नोटिस स्पोर्टस सिटी भूखंड संख्या एससी.01 सेक्टर-78, 79 और 101 के लिए जारी किया गया है। इसके तहत बिल्डर से कहा गया कि आपने मानचित्र के शर्तों का उल्लंघन किया गया है। ऐसे में क्यों न प्राधिकरण और आपके बीच हुई लीज डीड को निरस्त कर दिया जाए। 15 दिन में यदि जवाब नहीं मिलता तो ये कार्यवाही की जाएगी। प्राधिकरण वरिष्ठ प्रबंधक नियोजन देवेंद्र निगम ने बताया कि 24 जून 2011 को बिल्डर को स्पोर्ट्स सिटी के लिए भूखंड आवंटित किया गया था। लीज डीड में कई शर्तों को शामिल किया गया। इतना समय बीत जाने के बाद भी बिल्डर ने स्पोर्ट्स एक्टिविटी को पूरी तरह से नजर अंदाज किया है। आवंटन की तिथि से तीन साल के अंदर 15 प्रतिशत स्पोर्ट्स सुविधाएं विकसित की जानी थी लेकिन अभी तक स्पोर्ट्स सुविधाएं विकसित नहीं की जा सकी। आवंटन की तिथि से 5 साल के अंदर सभी स्पोर्ट्स सुविधाएं दी जानी थी।

# जीडीए वीसी के पत्र के विरोध में उतरे पार्षद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- इंदिरापुरम हैंडओवर की प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर छिड़ी रार, कहा शासनादेश के उल्लंघन हुआ तो हाईकोर्ट जाएंगे

**इंदिरापुरम** के नगर निगम को हैंडओवर की प्रक्रिया नगर निगम सदन ने अंतिम बोर्ड बैठक में रोक दी थी, लेकिन एक बार फि र इसके हैंडओवर की रार छिड़ गई है। 18 मार्च को जीडीए वीसी राकेश कुमार सिंह ने नगर आयुक्त डा. नितिन गौड़ को हैंडओवर करने के लिए पत्र लिखा, जिस पर निवर्तमान पार्षद राजेंद्र त्यागी का कहना है कि यह कोर्ट व सदन की अवमानना और शासनादेश का उल्लंघन होगा। हैंडओवर हुआ तो वह हाई कोर्ट जाएंगे।

जीडीए वीसी ने अपने पत्र में 1983 के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि यदि किसी भी संस्था की ओर से विकसित कालोनी में नगर निकाय संपत्ति कर वसूल रहा है तो वह निकाय को हस्तांतरित मानी जाएगी। नगर निगम वर्ष 2001 से इंदिरापुरम में संपत्ति कर ले रहा है। इसलिए हैंडओवर की प्रक्रिया को पूरा किया जाए।

हैंडओवर की प्रक्रिया 2011.12 से चल रही है। जनवरी 2022 में जीडीए और नगर निगम की संयुक्त समिति ने निरीक्षण कर सभी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 288.54 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया था, जो जीडीए को देने थे। पिछले साल बोर्ड बैठक में भी इंदिरापुरम के हैंडओवर का प्रस्ताव पास हुआ था, जिसमें सेंट्रल वर्ज व पार्क, सफ ाई और स्ट्रीट लाइट की देखभाल नगर निगम को करनी थी। हालांकि, इस पर सहमति नहीं बन पाई थी और 23 जनवरी 2023 को अंतिम बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास हुआ था कि निकाय चुनाव के बाद अगले बोर्ड के गठन तक किसी कालोनी का हैंडओवर नहीं होगा।

जीडीए वीसी ने भी अपने पत्र में 288.54 करोड़ रुपये का जिक्र नहीं किया। राजेंद्र त्यागी का कहना है कि सदन के साथ नगर निकाय चुनाव से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए 27 दिसंबर 2022 को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी कहा था कि चुनाव होने तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित नगर निकाय की प्रशासक समिति सिर्फ दैनिक कार्य करेगी।

# सांसद महेश शर्मा ने एक्जीक्युटिव बस सेवा का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**सांसद** व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा महेश शर्मा ने एक्जीक्युटिव बस सेवा के तहत बोटेनिकल गार्डन से दो बसों को हरी झंडी देकर इस सेवा का शुभारंभ किया। यह सेवा उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत एवं संचालित हैं।

नार्दन इन्फ्र स्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट प्रालि ने इन्वेस्टर्स समिट में 500 करोड़ का निवेश प्रस्ताव 500 निजी बसें चलाने का दिया गया था। यह बसे नोएडा से प्रारंभ होकर ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, मोदीनगर, मेरठ आदि अन्यत्र जगहों पर जायेगी।

शीघ्र ही अगले फेस की बसों का शुभारंभ किया जाएगा व इस निवेश से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 4000 रोजगार सर्जन होंगे। सांसद द्वारा नोएडा एक्सटेशन के लिए भी कम्पनी के द्वारा शीघ्र बस सेवा शुरू कराने का ऐलान किया। इस कार्यक्रम में राजीव गुम्बर विधायक सहारनपुर, कैप्टन विकास गुप्ता राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, ईश्वर गोयल प्रदेश संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, संजय बाली, सांसद प्रतिनिधि, प्रकाश गोयल अध्यक्ष आईआईए सहारनपुर, सचिन गोयल चेयरमैन एमएसएमई स्टार्टअप फ ोरम उत्तर प्रदेश, मनीष गुप्ता, अतुल गुप्ता आदि मौजूद थे।

# फैक्ट्री में डकैती डालने वाले दो घंटे में धरे गए

**नोएडा।** थाना इकोटेक 1 क्षेत्र में बीती रात हथियारबंद बदमाशों ने औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कपड़े की एक फैक्ट्री पर धावा बोला। बदमाश गार्ड व अन्य कर्मचारियों को बंधक बनाकर फैक्ट्री से लाखों रुपये मूल्य के कपड़े के रोल को कैंटर में भर कर फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महज 2 घंटे के भीतर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लूटे गए माल को बरामद कर लिया है।

डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान ने बताया कि पीआरवी कंट्रोल 112 के माध्यम से डकैती की सूचना मिली। थाना इकोटेक 1, ईकोटेक 3 की पुलिस ने कार्रवाई करते बदमाशों को धर दबोचा।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर कार बनी आग का गोला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**मोदीनगर** में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर गांव पलौता के पास कार में आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। कार सवार लोगों ने छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। दमकल की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। फि लहाल हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

मेरठ की साकेत कॉलोनी निवासी मनोज गुप्ता अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कार से दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे मार्ग से मेरठ से गाजियाबाद की ओर जा रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर गांव पलौता के पास पहुंचे तो अचानक कार के अगले हिस्से में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।



अचानक आग लगने से चालक मनोज गुप्ता ने कार को साइड में लगा दिया और परिवार सहित छलांग लगा दी। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी। कार में आग लगने से दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर अफरा तफ री का माहौल बन गया। वहां से गुजर रहे वाहन एका एक रुक गए।

सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। एफएसओ अमित कुमार ने बताया कि कार में लगी आग पर काबू कर लिया गया तथा हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। पुलिस ने कार को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया।

# बजट पर चर्चा के लिए आज एमसीडी की विशेष बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- व्यापारियों को फायदे के लिए आप एमसीडी बजट में चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश करेगी

**केजरीवाल** सरकार ने दिल्ली नगर निगम को सदन की बजट बैठक बुलाने की अनुमति दे दी है। इसके बाद निगम ने भी 28 मार्च को बजट बैठक बुलाने का नोटिस जारी कर दिया है। इसमें नेता सदन से नेता प्रतिपक्ष बजट पर चर्चा करेंगे।

नियमों के अनुसार, निगम का बजट 31 मार्च तक पारित कराना जरूरी है। इस बीच आम आदमी पार्टी ने ऐलान किया है कि व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए एमसीडी बजट में चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश करेगी। आम आदमी पार्टी के विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनकी पार्टी मंगलवार को एमसीडी बजट में चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश करेगी।

### एबीवीपी ने सीयूईटी के लिए जारी किए हेल्पलाइन नंबर

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सीयूईटी का फॉर्म भरने वाले छात्रों की सहायता के लिए इस वर्ष भी बहुभाषी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं है। सीयूईटी स्नातक और परास्नातक का फॉर्म भरते समय असुविधा होने पर छात्र इन नंबरों पर फोन करके इस संबंध में हेल्पलाइन नंबर से नि:शुल्क सहायता ले सकते हैं।

इसके अलावा केंद्रीय हेल्पलाइन नंबर 011-27662725 या abvpdelhi.org@gmail.com पर ईमेल करके भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मालूम हो कि सीयूईटी स्नातक के फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 मार्च और पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए 19 अप्रैल है। पिछले वर्ष से दिल्ली विश्वविद्यालय सीयूईटी के मध्यम से स्नातक और परास्नातक में प्रवेश ले रहा है।

### मोदीनगर में चार घंटे में तीन महिलाओं से लूट

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर में सोमवार को बदमाशों ने चार घंटे के अंदर तीन महिलाओं से लूट की। बदमाशों ने दो महिलाओं से मंगलसूत्र और एक महिला से मोबाइल लूटकर ले गए।

गांव जलालाबाद निवासी जितेन्द्र कुमार पत्नी सोनम से सोमवार सुबह गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर से दो बदमाशों ने मंगलसूत्र लूट लिए। इसके अलावा मुरादनगर की महिला अर्चना पत्नी मोनू से भी बदमाशों ने मंगलसूत्र लूट लिया। दोपहर में मंदिर से बाहर गोविन्दपुरम की मोनिका वर्मा पत्नी राजकुमार वर्मा का मोबाइल लूट लिया। महिलाओं ने इसकी सूचना तत्काल मेले में लगे पुलिस कंट्रोल रूम में दी है।

# लैपटॉप चोरी करने वाले गैंग का खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने पीजी और घरों में घुसकर लैपटॉप और मोबाइल फोन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से चोरी के 23 लैपटॉप, 13 लैपटॉप बॉडी और अन्य चोरी का सामान बरामद हुआ है।

बीटा 2 थाना क्षेत्र और अन्य थाना क्षेत्र में लगातार पीजी और घरों से लैपटॉप चोरी की शिकायतें सामने आ रही थीं। पुलिस ने जब इन सभी घटनाओं की जांच पड़ताल की तो पता चला कि एक गिरोह सक्रिय है, जो पीजी और घरों में घुसकर लैपटॉप चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। इसके बाद पुलिस ने चोरों की तलाश में जुट गई। इसके बाद सीसीटीवी फु टेज, मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान मेरठ निवासी सिराज, हरिद्वार निवासी राहिल, बिजनौर निवासी वजाहत और शाहआलम को रयान गोलचक्कर के पास गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों ने पूछताछ में बताया कि यह सुबह के समय में पीजी में चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे। यह पीजी में घुस जाया करते थे, पीजी में रह रहे लड़के सुबह को इनका ध्यान नहीं देते थे। इनको अपना साथी ही समझा करते थे, उसी दौरान यह कमरों में घुसकर लैपटॉप उठाकर वहां से फरार हो जाया करते थे। इसी तरह से यह मोबाइल चोरी की वारदातों को भी अंजाम देते थे।



### उप्र में केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2014 के संसदीय चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध दर्ज मामले में कार्यवाही पर अंतरिम रोक सोमवार को बढ़ा दी। केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है, जिसमें पिछले महीने सुल्तानपुर में एक निचली अदालत के समक्ष लंबित आपराधिक मामले में उन्हें आरोपमुक्त करने से इनकार कर दिया गया था।

# राहुल गांधी के समर्थन में युवा कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राहुल** गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने का विरोध में भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया और जब उन्होंने संसद की ओर मार्च करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए देश भर से प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए और विपक्ष की आवाजों को चुपै करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की।

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के झंडे और सत्यमेव जयते की तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी के लिए न्याय की मांग की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा,केंद्र ने दिखाया है कि कोई भी मोदी सरकार से बात नहीं कर सकता है या सवाल नहीं कर सकता है। राहुल ने अडाणी के बारे में सवाल उठाए थे इसलिए उन्हें अयोग्य ठहराकर चुप कराने का प्रयास किया। राहुल गांधी निडर हैं और सरकार के गलत कामों पर सवाल उठाते रहेंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे अपने विरोध के तहत संसद कौ घेरावै करेंगे। जिसके बाद संसद की ओर मार्च करने के दौरान उन्हें हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लिए गए लोगों में आईवाईसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. वी. श्रीनिवास भी शामिल हैं।

# मेडिकल दाखिले के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मेडिकल** कॉलेज में दाखिला कराने के नाम ठगी करने वाले युवक को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रानी बाग के मुल्तानी मोहल्ला निवासी लकी सिद्धू के रूप में हुई है। लकी पहले सिद्धू प्रॉपर्टी डीलर था और वर्ष 2016 में उसने द्वारका मोड़ पर अपनी कंसल्टेंसी फर्म शुरू की। वह एमबीबीएस कोर्स में प्रवेश दिलाने के बहाने पंजाब और राष्ट्रीय राजधानी में लोगों को ठगने के मामले में वांछित था। आरोपी दो साल से फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली में लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था।

विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने के अनुसार, लकी सिद्धू के खिलाफ पंजाब के लुधियाना में 47 लाख रुपए की ठगी का एक अन्य मामला दर्ज है, जिसमें वह वांछित है। सिद्धू के खिलाफ डाबरी थाने में भी धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है और वह पिछले दो साल से फरार था। अपराध शाखा को एक शिकायत मिली थी जिसमें पीड़ित ने आरोप लगाया कि सिद्धू ने उसके बेटे को बेंगलुरु के एक मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने के नाम पर उनसे 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जुलाई 2018 में उन्हें सिद्धू का फोन आया, जिसने उनसे दाखिले के लिए 30 लाख रुपए मांगे।

शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने दो बार में उनसे 12 लाख रुपए वसूले लेकिन दाखिला नहीं मिला। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी रानी बाग में रह रहा है, जिसके बाद छापेमारी कर सिद्धू को गिरफ्तार कर लिया गया। सिद्धू पहले प्रॉपर्टी डीलर था और 2016 में उसने द्वारका मोड़ पर अपनी कंसल्टेंसी फर्म शुरू की। वह नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों का ब्यौरा हासिल कर उनके अभिभावकों को फोन करता था। वह दलाली के एवज में छात्रों को विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला दिलाने का वादा करता था। पुलिस ने बताया कि पैसे ऐंठने के बाद वह मोबाइल फोन का नंबर बदल देता था। साइबर सेल, क्राइम ब्रांच को एक शिकायत मिली थी। जिसमें शिकायत करने वाले ने आरोप लगाया कि जुलाई 2018 में, उसे लकी सिद्धू का फोन आया था। फोन करने वाले ने बताया कि वह बेंगलुरु के एक मेडिकल कॉलेज में अपने बेटे के प्रवेश की व्यवस्था कर सकता है। आरोपी ने दाखिला कराने के लिए कुल 30 लाख रुपये की मांग की थी।

### लड़कियों के सामने अश्लील हरकतें करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुद्ध विहार इलाके में नाबालिग लड़कियों का पीछा करने और उनके सामने अश्लील हरकतें करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना दो मार्च को हुई और आरोपी संजय को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के मुताबिक, आठ और दस साल की उम्र की दो नाबालिग बहनें अपने घर के बाहर खेल रही थीं, तभी आरोपी वहां पहुंचा और उनके सामने अश्लील हरकतें कीं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना के एक दिन बाद, पीड़िता की मां ने पुलिस से संपर्क किया और एक लिखित शिकायत दी। इसके बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 354डी (पीछा करना) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

# निगम ने प्रतीक ग्रैंड सिटी को किया सील, खरीद पर रोक

- समूह पर संपत्ति कर के 4346709 रुपये है बकाया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




**सिद्धार्थ** विहार की प्रतीक ग्रैंड सिटी प्रोजेक्ट को नगर निगम ने सोमवार दोपहर सील कर दिया। प्रतीक समूह पर संपत्ति कर के 4346709 रुपये बकाया हैं। लगातार नोटिस देने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया तो मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डा संजीव सिन्हा पुलिस प्रवर्तन दस्ते के साथ ग्रुप के सेल्स आफि स पहुंचे और कार्यालय को सील कर दिया।

यदि बकाया का भुगतान नहीं किया गया तो कुर्की व नीलामी करके कर की वसूली की जाएगी। सील करने के साथ नोटिस चस्पा किया गया है कि यहां पर संपत्ति खरीदने से पहले नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण.पत्र जरूर प्राप्त कर लें। आर्थिक संकट से जूझ रहे नगर निगम को संपत्ति कर से इस बार बड़ी उम्मीद है। वित्तीय वर्ष 2022.23 इसी सप्ताह खत्म हो जाएगा और इसीलिए नगर निगम ने संपत्ति कर की वसूली के लिए कार्रवाई तेज कर दी है।

डा सिन्हा रोजाना शहर में दलबल के साथ निकलते हैं और हर जोन में बड़े बकायेदारों की संपत्तियों को सील कर रहे हैं। डा सिन्हा ने बताया कि इस साल अभी तक 180 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है, जबकि पिछले वर्ष 155 करोड़ रुपये संपत्ति कर के रूप में मिले थे। हालांकि, इस साल करीब ढाई लाख नए करदाता भी जुड़े थे। इसीलिए नगर निगम का लक्ष्य 350 करोड़ रुपये है।

इसके मुकाबले काफी कम लोगों ने कर का भुगतान किया है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह से संपत्तियों को सील करने की कार्रवाई चल रही है। इस दौरान कई बड़े बकायेदारों ने सीलिंग से डरकर कर का भुगतान किया है। प्रतीक ग्रैंड सिटी पर साल 2016.17 से कर लगाया जा रहा है। अभी तक बिल्डर की ओर से एक भी बार संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया गया है। इस वर्ष भी नोटिस दिया गया, जिसका संज्ञान नहीं लिया। सोमवार को प्रतीक ग्रैंड सिटी के साथ पांच और बड़ी संपत्तियां सील की गई हैं। अगले चार दिन यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस संबंध में प्रतीक ग्रैंड सिटी के अध्यक्ष एसके मित्तल से संपर्क करने का प्रयास किया तो उन्हें फोन काट दिया। मैसेज का भी उनक ओर से कोई जवाब नहीं आया।

**मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल देने वाली हैं। इसी कारण इनका नाम शुभंकारी भी है। कालरात्रि दुष्टों का नाश करने वाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं।**

# कालरात्रि : मां दुर्गा की सातवीं शक्ति की पावन कथा

नाम से अभिव्यक्त होता है कि मां दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अर्थात जिनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति हैं कालरात्रि। काल से भी रक्षा करने वाली यह शक्ति है। इस देवी के तीन नेत्र हैं। ये तीनों ही नेत्र ब्रह्मांड के समान गोल हैं। इनकी सांसों से अग्नि निकलती रहती है। ये गर्दभ की सवारी करती हैं। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वर मुद्रा भक्तों को वर देती है। दाहिनी ही तरफ का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। यानी भक्तों हमेशा निडर, निर्भय रहो।

बाईं ओर के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खड्ग है। इनका रूप भले ही भयंकर हो, लेकिन ये सदैव शुभ फल देने वाली मां हैं। इसीलिए ये शुभंकरी कहलाईं अर्थात इनसे भक्तों को किसी भी प्रकार से भयभीत या आतंकित होने की कतई आवश्यकता नहीं। उनके साक्षात्कार से भक्त पुण्य का भागी बनता है। कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। इसलिए दानव, दैत्य, राक्षस और भूत-प्रेत उनके स्मरण से ही भाग जाते हैं। ये ग्रह बाधाओं को भी दूर करती हैं और अग्नि, जल, जंतु, शत्रु और रात्रि भय दूर हो जाते हैं। इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय से मुक्त हो जाता है।

## मनोकामना

मां की इस तरह की पूजा से मृत्यु का भय नहीं सताता। देवी का यह रूप ऋद्धि-सिद्धि प्रदान करने वाला है। देवी भगवती के प्रताप से सब मंगल ही मंगल होता है।

## क्यों नाम पड़ा काली

भगवान शंकर ने एक बार देवी को काली कह दिया, कहा जाता है, तभी से इनका एक नाम काली भी पड़ गया। दानव, भूत, प्रेत, पिशाच आदि इनके नाम लेने मात्र से भाग जाते हैं। मां कालरात्रि का स्वरूप काला है, लेकिन यह सदैव शुभ फल देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम शुभकारी भी है।

## ऐसा है मां का स्वरूप

इनके शरीर का रंग काला है। मां कालरात्रि के गले में नरमुंड की माला है। कालरात्रि के तीन नेत्र हैं और उनके केश खुले हुए हैं। मां गर्दभ (गधा) की सवारी करती हैं। मां के चार हाथ हैं एक हाथ में कटार और एक हाथ में लोहे का कांटा है।

## पूजा

मां कालरात्रि की पूजा सुबह चार से 6 बजे तक करनी चाहिए। मां की पूजा के लिए लाल रंग के कपड़े पहनने चाहिए। मकर और कुंभ राशि के जातकों को कालरात्रि की पूजा जरूर करनी चाहिए। परेशानी में हों तो सात या सौ नींबू की माला देवी को चढ़ाएं। सप्तमी की रात्रि तिल या सरसों के तेल की अखंड ज्योत जलाएं। सिद्धकुंजिका स्तोत्र, अर्गला स्तोत्रम, काली चालीसा, काली पुराण का पाठ करना चाहिए। यथासंभव, इस रात्रि संपूर्ण दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।



**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**

## आरती

कालरात्रि जय-जय-महाकाली।
काल के मुह से बचाने वाली॥
दुष्ट संघारक नाम तुम्हारा।
महाचंडी तेरा अवतार॥
पृथ्वी और आकाश पे सारा।
महाकाली है तेरा पसारा॥
खडग खप्पर रखने वाली।
दुष्टों का लहू चखने वाली॥
कलकत्ता स्थान तुम्हारा।
सब जगह देखूं तेरा नजारा॥
सभी देवता सब नर-नारी।
गावें स्तुति सभी तुम्हारी॥
रक्तदंता और अन्नपूर्णा।
कृपा करे तो कोई भी दु:ख ना॥
ना कोई चिंता रहे बीमारी।
ना कोई गम ना संकट भारी॥
उस पर कभी कष्ट ना आवें।
महाकाली माँ जिसे बचाबे॥
तू भी भक्त प्रेम से कह।
कालरात्रि माँ तेरी जय॥

## मंत्र

ऊँ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तु ते।।
जय त्वं देवि चामुण्डे जय भूतार्तिहारिणि।
जय सर्वगते देवि कालरात्रि नमोस्तु ते।।

धां धीं धूं धूर्जटे: पत्नी वां वीं वूं वागधीश्वरी
क्रां क्रीं क्रूं कालिका देवि शां शीं शूं मे शुभं कुरु।।

**बीज मंत्र**

ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे।
*(तीन, सात या ग्यारह माला करें)*



# चिंताजनक : दुनिया भर में अहम जैव विविधता वाली 80 फीसदी जगहों पर मानव विकास जारी

**एक** अध्ययन में पाया गया है कि दुनिया भर में जैव विविधता के 80 प्रतिशत से अधिक महत्वपूर्ण जगहों पर विकास कार्य चल रहे हैं, इसके भविष्य में और बढ़ने के आसार हैं।

इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के अनुसार, आधारभूत विकास जैव विविधता के लिए खतरों के सबसे बड़े कारणों में से एक है। यह प्राकृतिक आवास के विनाश और विखंडन, प्रदूषण, लोगों द्वारा बढ़ते हस्तक्षेप, आक्रामक प्रजातियों के फैलने, मृत्यु दर को बढ़ा सकता है और विकास स्थल से दूर भी भारी प्रभाव डाल सकता है।

अब, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के सहयोग से बर्ड लाइफ इंटरनेशनल (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) और आरएसपीबी के शोधकर्ताओं ने जैव विविधता वाले अहम क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास का आकलन किया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि यह बहुत बढ़ गया है इसके और बढ़ने की आशंका जताई है।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के शोधकर्ता ऐश सिमकिंस ने कहा, यह चिंता का विषय है कि अधिकांश जगहों में विकास कार्य हुए है, जबकि इन जगहों को प्रकृति के लिए महत्वपूर्ण माना गया है।

केबीए ऐसी जगहें हैं जो जैव विविधता की दृष्टि से दुनिया भर में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उदाहरण के लिए, उनमें ऐसी प्रजातियां हो सकती हैं जो विलुप्त होने के सबसे अधिक खतरे में हैं या ऐसी प्रजातियों या पारिस्थितिकी तंत्रों का घर हैं जो दुनिया भर में केवल एक छोटे से इलाके में पाई जाती हैं।

शोधकर्ताओं ने धरती के 15,150 केबीए का आकलन किया और पाया कि 80 फीसदी में विकास कार्य जारी है। केबीए में बुनियादी ढांचे से संबंधित कई चीजें जुड़ी हुई है, जिनमें सबसे आम सड़कें 75 फीसदी, बिजली की लाइनें 37 फीसदी और शहरी क्षेत्र 37 फीसदी हैं।

उन्होंने पाया कि संभावित भावी योजनाबद्ध बुनियादी ढांचे के विकास से अतिरिक्त 2,201 केबीए युक्त खदानें जिनमें 754 से 2,955 यानी 292 फीसदी की वृद्धि को दिखता है। अतिरिक्त 1,508 केबीए युक्त तेल और गैस के बुनियादी ढांचा 2,081 से 3,589 में 72 फीसदी की वृद्धि और एक अतिरिक्त 1,372 केबीए जिसमें बिजली संयंत्र हैं जहां 233 से 1,605 तक 589 फीसदी की वृद्धि हुई है।

केबीए के मानचित्रों को विभिन्न प्रकार के बुनियादी ढांचे के स्थानीय डेटासेट के साथ जोड़ा गया था जिसे शोधकर्ताओं ने यातायात, बांधों और जलाशयों, ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों के रूप में वर्गीकृत किया था।

> जैव विविधता वाले अहम क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे से संबंधित कई चीजें जुड़ी हुई है, जिनमें सबसे आम सड़कें 75 फीसदी, बिजली की लाइनें 37 फीसदी और शहरी क्षेत्र 37 फीसदी हैं

सिमकिंस ने कहा, हम मानते हैं कि बुनियादी ढांचा मानव विकास के लिए जरूरी है, लेकिन इसका निर्माण स्मार्ट तरीके से किया जाना चाहिए। इसका मतलब जैव विविधता के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में आदर्श रूप से बुनियादी ढांचे से बचना या अन्यथा कम करना है। यदि बुनियादी ढांचा होना चाहिए, तो इसे कम से कम नुकसान पहुंचाने के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए। जितना संभव हो सके और प्रभाव कहीं और के लिए क्षतिपूर्ति से अधिक हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि दक्षिण अमेरिका के देश, उप-सहारा, मध्य और दक्षिण अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों में हस्तक्षेप, रियायतों या नियोजित विकास के उच्चतम अनुपात वाले उनके केबीए नेटवर्क क्षेत्र हैं। आज तक बांग्लादेश, कुवैत, कांगो गणराज्य और सर्बिया में पहचान किए गए सभी केबीए के पास संभावित निर्माण कार्य, रियायतें या नियोजित विकास हैं।

सिमकिंस ने कहा, यह देखना भी चिंताजनक है कि भविष्य में जैव विविधता के लिए दुनिया के कई सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में भारी खनन, तेल और गैस से संबंधित बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की योजना है।

जलवायु संकट से निपटने के लिए कुछ तकनीक, जैसे सौर पैनल और पवन टर्बाइन भी कीमती धातुओं के खनन पर निर्भर हैं। सिमकिंस ने कहा, जैव विविधता पर बुरे प्रभावों से बचने या कम करने के दौरान हमें जलवायु संकट के लिए स्मार्ट समाधान की जरूरत है। डॉ. स्टुअर्ट बुचरट ने कहा, पिछले साल मॉन्ट्रियल में संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता कॉप-15 बैठकों में, सरकारें मानवजनित विलुप्ति को रोकने के लिए प्रतिबद्ध थीं। डॉ. बुचरट बर्डलाइफ इंटरनेशनल के मुख्य वैज्ञानिक हैं। केबीए के भीतर प्राकृतिक आवासों के व्यापक विनाश या गिरावट से विलुप्त होने का कारण बन सकता है, इसलिए केबीए में मौजूदा बुनियादी ढांचे के प्रभावों को कम करने के लिए प्रबंधित किया जाना चाहिए और जहां तक ??संभव हो इन जड़ों में और विकास से बचा जाना चाहिए। शोधकर्ताओं का कहना है कि केबीए के भीतर बुनियादी ढांचा इस हद तक अलग होता है कि इससे जैव विविधता का नुकसान हो सकता है। यह पता लगाने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है कि किसी विशेष केबीए में बुनियादी ढांचे की जगहों के भीतर वन्यजीवों को किस हद तक प्रभावित करता है, इसे कम करने के लिए किन उपायों की जरूरत हैं। यह शोध बायोलॉजिकल कंजर्वेशन नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

# सीखें और भुलाएं

**राजयोगी ब्रह्मकुमार निकुंज जी कहते हैं कि व्यक्ति को आत्ममुग्धता छोड़ देनी चाहिए और अगर कोई जीवन में बेहतर करना चाहता है तो बदलावों को स्वीकार करना चाहिए।**

**दुनिया** में शायद ही कोई इंसान हो जो खुद को सुधारने की इच्छा नहीं रखता हो। बेशक, कुछ लोग उनके साथ अपने रिश्ते में सुधार की आकांक्षा रखते हैं, जिनके साथ उन्हें रहना और काम करना पड़ता है, जबकि अन्य अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए काम करते हैं। कुछ अपने व्यक्तित्व में सुधार या वृद्धि करना चाहते हैं, जबकि अन्य अपनी आध्यात्मिक प्रगति को लेकर अधिक चिंतित होते हैं।

हर मामले में, थोड़ी प्रगति करने की इच्छा सभी सामान्य प्राणियों के लिए बुनियादी है और सुधार के प्रयास जीवन का संकेत हैं। और, मनुष्य की सुधार लाने हेतु सभी तरह के झूठ बोलने की इच्छा, मुख्य रूप से खुश रहने की आकांक्षा है। यदि कोई सच्चा सुख प्राप्त करने के इस प्रश्न पर विचार करता है, तो व्यक्ति इस निष्कर्ष पर पहुंचेगा कि मनुष्य की प्रसन्नता अंतत: उसके व्यवहार पर निर्भर करती है या बाहरी उत्तेजनाओं पर उसकी प्रतिक्रिया और उसके सोचने के तरीकों पर निर्भर करती है, जो उसके आंतरिक कामनाओं, उसकी प्रवृत्तियों और प्राप्त किए गए प्रशिक्षण पर निर्भर करता है।

इसलिए, किसी भी अन्य प्रकार का सुधार हासिल करने के लिए, मनुष्य को अपने दृष्टिकोण, आदतों, व्यवहार और तरीकों में सुधार लाना होगा। इसके लिए उसे दूसरों से कुछ चीजें सीखनी होंगी और कुछ को भुलाना होगा। यदि मनुष्य की सीखने की प्रक्रिया (या गलत चीजों को त्यागना) बंद हो जाती है और जो उसने पहले से सीखा है उसे अभ्यास में लाने की कोशिश और उसकी क्षमता व इच्छाशक्ति समाप्त हो जाती है, तो उसका सुधार और प्रगति भी रुक जाती है। बहुत से लोग इस तथ्य से अवगत नहीं हैं कि प्रगति का मार्ग कुछ बाधाओं के साथ बनाया गया है, जो कि ज्यादातर मनुष्य की खुद की निर्मिति हैं। इन्हीं में से एक है अपने ज्ञान के बारे में मनुष्य का अभिमान और अहंकार। उसे सिखाना आसान है जिसे अपनी बुद्धिमत्ता पर कोई गर्व नहीं है। लेकिन वह जो खुद को पूरी तरह से बुद्धिमान मानता है, वह दूसरों से कहता है, 'ऐसा कुछ भी नहीं है जो मैं नहीं जानता।' इस तरह के आदमी को सुधार की पेशकश करना मुश्किल है, क्योंकि वह इस ढंग से मानकर चलता है कि लोग उसकी उपस्थिति में हकलाने लगेंगे, वह किसी भी समय आपा खो देता है किसी को भी किसी भी विषय पर ज्ञान देना शुरू कर देगा।

इसलिए, यदि व्यक्ति सुधार करना चाहता है और उस उद्देश्य के लिए, कुछ बदलावों को स्वीकारने के लिए तैयार है, तो व्यक्ति को आत्म-दंभ छोड़ देना चाहिए क्योंकि यह जीवन की अच्छी चीजों को सीखने और गलत चीजों को भुलाने की संभावना में बाधा डालता है।

मनुष्य की प्रगति की राह में एक और बड़ी बाधा है सांसारिक वस्तुओं के प्रति उसका लगाव, कामुक सुखों की उसकी लालसा, उसकी गहरी भागीदारी की भावना और उसके शरीर के प्रति मोह। मनुष्य को कम ही अहसास होता है कि, लोहे के इस युग में, जब एक आदमी ने अपनी नैतिकता खो दी है, तो सांसारिक चीजें अपने मूल सार से रहित हो जाती हैं। जो व्यक्ति आध्यात्मिक सुधार चाहता है, उसे पता होना चाहिए कि वर्तमान अधर्मी दुनिया में कुछ भी स्थायी नहीं है। क्या गन्ने की छाल किसी चीज के लायक होती है जब उसमें से रस निचोड़ा गया हो? तो क्या दुनिया ने अपना सर्वस्व और सत्य खो दिया है क्योंकि यह विवादित हो गया है।

हमारा यह शरीर कई अलग-अलग बीमारियों से ग्रसित है और यह नश्वर पदार्थ से बना है। तो जो व्यक्ति आत्म-सुधार की इच्छा रखता है, उसे केवल एक निर्धारित प्रयास के साथ, इंद्रियों की वस्तुओं के प्रति लगाव या प्यास को अपने से परे करना चाहिए, अन्यथा, इसका मतलब यह होगा कि व्यक्ति ने बहुत तुच्छ वस्तु के लिए अपना कीमती जीवन खो दिया है या खो रहा है। यह सब जानते हुए, व्यक्ति को शारीरिक चेतना से छुटकारा पाना चाहिए। इसके लिए पहला कदम है शरीर के 'धर्मों' के प्रति उस लगाव को त्यागना है, जो व्यक्ति के जीवन का अपना सार लूट लेता है, और अपने तन, मन और संपदाओं को दुनिया के कल्याण के लिए समर्पित करता है। इससे मानव में सेवा, समर्पण, त्याग, नम्रता, साथी-भावना, सहिष्णुता, और उच्च चरित्र के सौ-सौ अन्य महान गुणों उत्पन्न होंगे। यह आत्म-सुधार के उसके प्रयासों को तेज करेगा।



# मुंबई इंडियंस के सफल होने में अहम रहा महत्वपूर्ण मौकों पर दबदबा बनाना : हरमनप्रीत

एजेंसी। मुंबई

**मुंबई** इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स पर सात विकेट की जीत से शुरूआती महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की ट्राफी हासिल करने के बाद कहा कि मैच को जीतने के बजाय मुकाबले के महत्वपूर्ण मौकों पर दबदबा बनाने पर ध्यान देना ही उनकी टीम के लिए कारगर रहा। मुंबई इंडियंस ने बीती रात ब्रैबोर्न स्टेडियम में तीन गेंद रहते 132 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया जिसमें इंग्लैंड की आल राउंडर नैट स्किवर ब्रंट ने नाबाद 60 रन की पारी का अहम योगदान रहा। डब्ल्यूपीएल की ट्राफी जीतने के बाद हरमनप्रीत ने कहा, शुरु से ही हम महत्वपूर्ण मौकों को अपने नाम करने के बारे में बात कर रहे थे। हम ट्राफी पर ध्यान नहीं लगाए थे, हम इन सभी मौकों को जीतने की कोशिश कर रहे थे। हमने सोचा कि अगर हम इन मौकों को जीत लेंगे तो ट्राफी स्वत: ही हमारी झोली में आ जाएगी।

उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से कप्तान के तौर पर ट्राफी जीतने के इस पल का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत तौर पर काफी अच्छा महसूस हो रहा है। मैं लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रही थी कि मैं कब कप्तान के तौर पर कोई खिताब जीत पाऊंगी। यह महिला क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा। हरमनप्रीत ने कहा, कभी कभार हम ऐसा (ट्राफी जीतने के) करने के करीब पहुंचे लेकिन नहीं कर पाए। लेकिन यहां टूर्नामेंट



अलग था इसलिए टीम भी अलग थी। हर टीम काफी संतुलित थी और टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया। रविवार को हरमनप्रीत के रन आउट होने से उनके टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके आउट होने की याद तरोताजा हो गई लेकिन मुंबई इंडियंस की कप्तान ने कहा कि उनकी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए काफी खिलाड़ी मौजूद थीं।

उन्होंने कहा, दोनों रन आउट काफी निराशाजनक रहे। मैं पिछले मैच (भारत बनाम आस्ट्रेलिया) में काफी आत्मविश्वास से खेल रही थी क्योंकि हमारे हाथ में काफी विकेट थे। मुझे लगा था कि हम लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे। हरमनप्रीत ने कहा, लेकिन यहां माहौल पूरी तरह अलग था, हमारे पास मध्यक्रम में नैट मौजूद थीं और वह क्रीज पर डट गई थीं। मैं जानती थी कि कौन गेंदबाजी करने वाला था और किस तरह से। हम मैच खत्म करने के लिए काफी सकारात्मक थे और दो ओवर बचे थे। लेकिन जब मैं आउट हुई तो हमने सोचा कि हमें परिस्थिति के हिसाब से खेलना होगा। उन्होंने कहा कि गुजरात जायंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर खेलने से उनकी टीम को फाइनल के लिए लय हासिल करने में मदद मिली।

हरमनप्रीत ने कहा कि शुरूआती डब्ल्यूपीएल में सभी पांचों टीमों ने अच्छा खेल दिखाया और सभी के लिए खिताब जीतने का मौका था।दिल्ली कैपिटल्स के कोच जोनाथन बैटी ने लगातार विकेट गंवाने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, शुरूआती तीन विकेट गिरना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। कप्तान मेग लैनिंग और मरिजाने काप के बीच भागीदारी ने हमें वापसी कराई लेकिन फिर हमने विकेट गंवा दिए। इससे चीजें मुश्किल हो गईं।

# बियांका आंद्रीस्कू और टॉमी पॉल मियामी ओपन के चौथे दौर में

एजेंसी। मियामी गार्डन्स।

**कनाडा** की 2019 अमेरिकी ओपन चैम्पियन बियांका आंद्रीस्कू ने रविवार को यहां मियामी ओपन के तीसरे दौर में 2020 विम्बलडन विजेता अमेरिका की सोफिया केनिन पर 6-4, 6-4 से जीत हासिल की।

आंद्रीस्कू ने तीसरी दफा मियामी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। रविवार को खेले गए अन्य मैचों में दुनिया की नौंवे नंबर की खिलाड़ी और तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेनसिच ने रूस की कैटरीना एलेक्सांद्रोवा को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी। चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोयूसोवा ने हमवतन कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-1, 6-2 से मात दी।



वहीं पुरुषों के वर्ग में अमेरिका के टॉमी पॉल और दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज ने सीधे सेटों में अगले दौर में प्रवेश किया। पॉल ने स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-3, 7-5 से पराजित किया जबकि फ्रिट्ज ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव पर 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। दुनिया के आठवें नंबर के होल्गर रूने ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टजमैन पर 6-4, 6-2 से फतह हासिल की।

# जडेजा ए प्लस में शामिल,केएल राहुल और भुवनेश्वर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

एजेंसी। नई दिल्ली

**स्टार** आल राउंडर रविंद्र जडेजा को अपने शानदार प्रदर्शन का पुरस्कार बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध के एलीट ग्रेड ए प्लस में प्रवेश कर मिला जबकि अक्षर पटेल को भी ए ग्रेड में शामिल किया गया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी में संयुक्त प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे 34 वर्षीय जडेजा ए प्लस वर्ग में शामिल चार खिलाड़ियों में से एक हैं जिसमें कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली और चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मौजूद हैं। बीसीसीआई ने रविवार को अपने सालाना अनुबंध की घोषणा की। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज केएल राहुल को लगातार खराब प्रदर्शन के कारण ग्रेड बी में खिसका दिया गया। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने चार ग्रुप-ए प्लस (सात करोड़ रुपये), ए (पांच करोड़ रुपये), बी (तीन करोड़ रुपये) और सी (एक करोड़ रुपये)-में 26 क्रिकेटरों को रिटेनरशिप सौंपी। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, अजिंक्य रहाणे और ईशांत शर्मा को अनुबंध नहीं मिला। इस अनुभवी तिकड़ी को अनुबंध सूची से बाहर किए जाने से संकेत मिलता है कि अब राष्ट्रीय टीम में उनकी जरूरत नहीं होगी।

स्पिन आल राउंडर अक्षर काफी खुश होंगे जिन्हें ए वर्ग में प्रोमोट किया गया जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत को भी पहली बार केंद्रीय अनुबंध में जगह मिली, उन्हें ग्रुप सी में शामिल किया गया। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में लगी चोटों का उपचार कराने के बाद







उबरने की प्रक्रिया में हैं, वह ए वर्ग में बरकरार हैं जिसमें हार्दिक पंड्या, रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद शमी शामिल हैं। ग्रुप बी में छह क्रिकेटर शामिल हैं। जिसमें चेतेश्वर पुजारा, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, मोहम्मद सिराज, सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल मौजूद हैं। ग्रुप सी में 11 क्रिकेटर उमेश यादव, शिखर धवन, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह के अलावा भरत शामिल हैं। एलीट ए प्लस वर्ग में ऐसे खिलाड़ी होते हैं जो सभी तीन




प्रारूपों में निश्चित उम्मीदवार होते हैं जबकि ए वर्ग में ऐसे क्रिकेटर होते हैं जो टेस्ट और वनडे के लिए निश्चित होते हैं। वहीं ग्रुप बी में ऐसे खिलाड़ी होते हैं जिनका सीमित ओवर के क्रिकेट के लिए विचार किया जाता है जबकि ग्रुप सी के खिलाड़ियों को आमतौर पर नियमित रूप से तीनों से एक प्रारूप में के लिए विचार किया जाता है।

## चोटिल अय्यर की जगह केकेआर ने नीतिश राणा को कप्तान बनाया

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सोमवार को बाएं हाथ के बल्लेबाज नीतिश राणा को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण के लिए टीम का नया कप्तान चुना। राणा इससे श्रेयस अय्यर की जगह लेंगे जिनके पीठ की सर्जरी कराने की संभावना है जिससे उनके पूरे सत्र से बाहर रहने का खतरा मंडरा रहा है।बल्कि केकेआर के बयान से साफ संकेत मिलता है कि अय्यर के जल्दी वापसी करके खेलने की संभावना असंभव दिखती है। केकेआर के बयान के अनुसार, श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में नीतिश राणा टीम के कप्तान होंगे। अय्यर पीठ की चोट से उबर रहे हैं। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास नीतिश जैसा खिलाड़ी है जिनके पास सफेद गेंद के क्रिकेट में अपनी राज्य की टीम की अगुआई करने के साथ 2018 से केकेआर के साथ आईपीएल का अपार अनुभव है जिससे वह हमारे लिए शानदार काम करेंगे।

# इंदौर स्टेडियम पिच की रेटिंग खराब से औसत की गई, मोटेरा की रही औसत

## आईसीसी ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच को औसत रेटिंग दी

एजेंसी। दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की अपील के बाद इंदौर के होलकर स्टेडियम (भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच का स्थल) की पिच की रेटिंग को खराब से बदलकर औसत से कम कर दिया। आईसीसी ने अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच (चौथे मैच) को औसत रेटिंग दी जो बल्लेबाजी के लिए काफी धीमी थी जिसमें दोनों टीमों ने एक एक पारी ही पूरी की थी।

मैच ड्रा रहा था। जिससे भारत ने श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। इंदौर में आस्ट्रेलिया ने तीन दिन के अंदर भारत को नौ विकेट से पराजित



कर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में स्थान पक्का किया था। आईसीसी के अपील पैनल ने मैच रैफरी क्रिस ब्रॉड के फैसले की समीक्षा की और पाया कि इसे खराब रेटिंग देने के लिए इस पर इतना अत्यधिक परिवर्तनीय उछाल मौजूद नहीं था। पिच को शुरु में तीन डिमैरिट अंक दिए गए थे जिससे अब उसे बस एक डिमैरिट अंक मिलेगा। आईसीसी के सोमवार को बयान के अनुसार, आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान और आईसीसी पुरूष क्रिकेट समिति के सदस्य रोजर हार्पर के आईसीसी अपील पैनल ने टेस्ट मैच के फुटेज की समीक्षा की। दोनों की यही राय थी कि मैच रैफरी ने पिच आकलन प्रक्रिया के दिशानिर्देशों का पालन किया लेकिन इसे खराब रेटिंग देने के लिए इतना अत्यधिक वैरिएबल उछाल मौजूद नहीं था।

# आईपीएल 2023 में एकदम नए अवतार में नजर आएंगे स्टीव स्मिथ

एजेंसी। नई दिल्ली

**आईपीएल** 2023 में एकदम नए अवतार में नजर आएंगे। स्मिथ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर एक वीडियो शेयर करके जानकारी दी है कि वो आईपीएल में कमेंट्री करते हुए नजर आएंगे। आधुनिक युग के दिग्गज बल्लेबाजों में से एक स्मिथ आईपीएल 2023 में कमेंट्री डेब्यू करेंगे। स्मिथ ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक 15 सेकंड की क्लिप पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने कहा कि वो भारत की एक जुनूनी टीम से जुड़ने जा रहे हैं। स्मिथ ने कहा, नमस्ते इंडिया। मेरे पास आप लोगों के लिए एक उत्साहजनक खबर है। मैं आईपीएल 2023 से जुड़ रहा हूं। हां, ये सही है। मैं भारत में



एक बेहतरीन और जुनूनी टीम से जुड़ रहा हूं।

**आईपीएल 2023 में क्यों नहीं खेलेंगे स्मिथ**

याद दिला दें कि स्टीव स्मिथ ने आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया था। फिर इस साल स्मिथ ने आईपीएल में हिस्सा लेने से इंकार कर दिया था। स्मिथ के इस फैसले के पीछे की वजह मानी जा रही थी कि वो एशेज सीरीज की तैयारियों में जुटेंगे। इसके अलावा खबरें यह भी थी कि आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए स्मिथ ने ज्यादातर समय बेंच गर्म की थी। यही वजह रही कि उन्होंने आईपीएल 2023 में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था। 2012 में आईपीएल डेब्यू करने वाले स्टीव स्मिथ ने इस लीग में अब तक कुल 103 मैच खेले हैं। इस दौरान 1 शतक और 11 अर्धशतकों की मदद से स्मिथ ने 2485 रन बनाए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने यह रन 34.51 की औसत और 128.09 के स्ट्राइक रेट से बनाए। स्टीव स्मिथ कितने मैचों में कमेंट्री करेंगे यह तो साफ नहीं हो पाया है, लेकिन फैंस इस खिलाड़ी के क्रिकेट ज्ञान को सुनने के लिए बेताब जरूर हैं।

# विश्व चैम्पियनशिप के अनुभव का फायदा उठाकर ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती हैं निकहत

एजेंसी। नई दिल्ली

**निकहत** जरीन ने दूसरी बार विश्व चैम्पियनशिप खिताब हासिल करने के बाद कहा कि रविवार को समाप्त हुई वैश्विक प्रतियोगिता में मिले अनुभव का फायदा उठाकर वह इस साल के अंत में होने वाले एशियाई खेलों से 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना चाहती हैं।

एशियाई खेल महाद्वीप के मुक्केबाजों के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए पहला क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। निकहत ने पिछले साल 52 किग्रा में विश्व खिताब जीता था, अब 50 किग्रा वजन वर्ग में वह दूसरी बार विश्व चैम्पियन बनीं जो ओलंपिक वर्ग है। निकहत ने कहा, यह टूर्नामेंट अच्छा अनुभव था। विशेषकर 50 किग्रा वर्ग में, जो ओलंपिक वर्ग है।



मुझे वरीयता भी नहीं मिली थी जिससे मुझे छह मुकाबले लड़ने पड़े, लेकिन अंत में मैंने यहां स्वर्ण पदक जीता जिससे मैं बहुत खुश हूं। इस 50 किग्रा वजन वर्ग में विश्व चैम्पियनशिप निकहत का दूसरा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। उन्होंने पिछले साल इसी वजन वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। निकहत ने कहा, मेरे लिए इस वजन वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों के बाद यह बड़ा टूर्नामेंट है। राष्ट्रमंडल खेलों में इतनी प्रतिस्पर्धा नहीं होती। उन्होंने कहा, यहां पूरी दुनिया से देश आते हैं और मेरे लगातार मैच थे जिससे कुछ मैचों में मैं थोड़ी धीमी भी थी। मैं इन अनुभवों से सीख लूंगी और मजबूत बनने की कोशिश करूंगी।

# किर्गिस्तान गणराज्य के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय फुटबॉल टीम

एजेंसी। इम्फाल

**किर्गिस्तान** गणराज्य के खिलाफ ड्रा से भी भारतीय टीम मंगलवार को तीन देशों के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट जीत लेगी, लेकिन मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि मेजबान टीम जीत के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने पिछले बुधवार को म्यांमा पर 1-0 की जीत हासिल की। उन्हें टूर्नामेंट जीतने के लिए महज एक ड्रा की जरूरत है क्योंकि किर्गिस्तान गणराज्य ने शनिवार को टूर्नामेंट के दूसरे मैच में म्यांमा के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला। वहीं किर्गिस्तान गणराज्य को अगर टूर्नामेंट की ट्राफी हासिल करनी है तो उसे भारत के खिलाफ जीत की दरकार होगी।

स्टिमक ने मैच पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगे। हमारे पास स्टेडियम में



समर्थक मौजूद हैं और हमारे पास खुद को साबित करने का मौका है। यह पहले मैच की तुलना में ज्यादा मजबूत टीम होगी। उन्होंने कहा, मैं सही था जब मैंने कहा था कि म्यामां ऐसी टीम है जो आपको नुकसान पहुंचा सकती है। हमने किर्गिस्तान गणराज्य के खिलाफ यह देखा भी। किर्गिस्तान की टीम के खिलाफ यह एक अलग चुनौती होगी क्योंकि उनके पास जीत के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। गोलकीपर अमरिंदर सिंह ने कहा कि वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करता हूं।

# अफगानिस्तान के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला जीती

एजेंसी। शारजाह

**अफगानिस्तान** ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नए लुक वाली पाकिस्तान टीम को एक गेंद रहते सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की।

यह पहली बार है जब अफगानिस्तान ने शीर्ष छह रैंकिंग की एक आईसीसी टीम के खिलाफ श्रृंखला जीती हो। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कम अनुभवी शीर्ष क्रम ने फिर निराश किया। पर उसके लिए इमाद वसीम ने 57 गेंद में नाबाद 64 रन की पारी खेली और कप्तान शादाब खान ने 32 रन बनाकर टीम को छह



विकेट पर 130 रन के स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद अफगानिस्तान के लिए रहमनुल्लाह गुरबाज (44 रन) और इब्राहिम जदरान (38 रन) ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अहम योगदान किए। नजीबुल्लाह जदरान ने नाबाद 23 और मोहम्मद नबी ने नाबाद 14 रन बनाकर अपनी टीम को एक गेंद रहते तीन विकेट पर 133 रन बनाकर जीत दिलाई। अफगानिस्तान को अंतिम दो ओवर में 22 रन की दरकार थी। 19वें ओवर में नजीबुल्लाह और नबी ने नसीम शाह पर एक एक छक्का लगाया जिससे इसमें 17 रन बने और पाकिस्तान की उम्मीद भी टूट गई। अफगानिस्तान ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर छह विकेट की यादगार जीत दर्ज की थी।

# सात्विक-चिराग की निगाहें एक और खिताब पर, सिंधू और श्रीकांत भी फॉर्म में लौटना चाहेंगे





एजेंसी। मैड्रिड

**हाल** में स्विस ओपन युगल चैम्पियन बनी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में इसी लय को जारी रखना चाहेगी जबकि पीवी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद लगाए होंगे। सात्विक और चिराग ने रविवार को चीन के रेन जियांग यु और टान कियांग को फाइनल में 21-19 24-22 से हराकर भारत के लिए इस सत्र का पहला खिताब जीता था। अब 2022 विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता और दुनिया की छठे नंबर की भारतीय जोड़ी एक और सुपर 300 खिताब अपने नाम करना चाहेंगी। जिसमें वे अपने अभियान की शुरूआत जापान के अयातो एंडो और युता ताकेई के खिलाफ करेंगे। बासेल में एकल सितारों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था जिसमें सिंधू चोट के कारण लंबे समय के ब्रेक के बाद वापसी में जूझती नजर आईं और श्रीकांत भी लय में नहीं आ सके। दूसरी वरीय सिंधू 2023 में पिछले कुछ टूर्नामेंट में दूसरे दौर की बाधा पार नहीं कर सकी हैं, वह अपने अभियान की शुरूआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगी और उम्मीद लगाए होंगी कि ड्रा में आगे तक पहुंचे। पुरुष एकल में पूर्व नंबर एक श्रीकांत को पांचवीं वरीयता मिली है, वह पहले मुकाबले में थाईलैंड के सितहीकोम थामासिन के सामने होंगे जबकि राष्ट्रीय चैम्पियन मिथुन मंजूनाथ की भिड़ंत मलेशिया के एनजी जे योंग से होगी। समीर वर्मा और बी साई प्रणीत का सामना पहले दौर में क्रमश: आयरलैंड के एनहाट एनगुएन और नीदरलैंड के मार्क कालजोऊ से होगा। महिला एकल में मालविका बंसोद का अभियान डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन के खिलाफ आरंभ होगा जबकि आकर्षि कश्यप कनाडा की मिचेले ली के सामने होंगी। वहीं साइना नेहवाल पहले दौर में तीसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरूंगफान से भिड़ेंगी। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की उभरती हुई पुरूष युगल जोड़ी स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमले और मैथ्यूज ग्रिमले से भिड़ेगी जबकि कृष्णा प्रसाद गारागा और विष्णुवर्धन गौड़ पांजाला का सामना एक क्वालीफायर से होगा।

# मेरे जैसी गोल करने की भूख कम खिलाड़ियों में ही : छेत्री

एजेंसी। इम्फाल

**अपने** कॅरियर के आखिरी पड़ाव पर पहुंचने के बावजूद 38 वर्ष के सुनील छेत्री की गोल करने की भूख कम नहीं हुई है और भारतीय फुटबॉल स्टार हर मैच में गोल करना चाहते हैं। सक्रिय फुटबॉल खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी के बाद सर्वाधिक (132 मैचों में 84 गोल) गोल कर चुके छेत्री ने कहा , मेरा मानना है कि गोल करने की मेरे जैसी भूख बहुत खिलाड़ियों में नहीं होती है।

किर्गीज गणराज्य के खिलाफ



त्रिकोणीय अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में भारत के मैच से पहले उन्होंने कहा , गोल करने की मेरी भूख हमेशा से ऐसी ही थी और आगे भी ऐसी ही रहेगी।